तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

■ रायपुर, रविवार 19 जनवरी 2025 ■ माघ कृष्ण पक्ष-06 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-290 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 20 जनवरी 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

संक्षेप

आईएएस ने बढ़ाया छत्तीसगढ़ का गौरव

रायपुर। छत्तीसगढ़ के लिए भारतीय प्रशासनिक सेवा के

अधिकारी गौरव लेकर आए हैं. धमतरी कलेक्टर नम्रता गांधी के साथ-साथ सुकमा कलेक्टर हरीश एस का भी चयन पीएम ट्राफी के लिए हुआ है. दोनों कलेक्टर की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें सिविल सर्विस डे के अवसर पर 21 अप्रैल को पीएम ट्राफी से नवाजा जाएगा. बात करें हरीश एस की तो उन्हें सुकुमा जिले के सर्वांगीण विकास के लिए प्राइम मिनिस्टर्स अवार्ड फॉर एक्सीलेंस इन पब्लिस सर्विसेस 2023 से नवाजा गया है. इस संबंध में भारत सरकार के कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय के सचिव वी श्रीनिवास ने पत्र जारी कर प्रदेश के मुख्य सचिव के साथ कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के सचिव को प्रशंसा पत्र भेजा गया है, जिससे वे अधिकारी के ईआर शीट पर शामिल कर सके.

सनकी पति ने की अपनी पत्नी की बेरहमी से हत्या

रायपुर,19 जनवरी। रायपुर के कमल विहार से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई जहां एक पति ने अपनी पत्नी की हत्या कर फरार हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार आरोपी का नाम गजेंद्र यादव बताया गया है। वहीं इस घटना के बाद आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई है। जिसके बाद सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। दरअसल, रायपुर के कमल विहार में एक पति ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी है। बताया गया कि, आरोपी पति गजेंद्र यादव ने अपनी पत्नी हेमलता की सीमेंट से भरी बाल्टी मारकर हत्या की है। वहीं आरोपी पति ने अपने छोटे भाई को घटना की जानकारी दी और मौके से फरार हो गया है। वहीं सूचना मिलते ही पुलिस के आलाधिकारी और एफएसएल की टीम घटनास्थल पर पहुंची है और मामले की जांच शुरू कर दी है। यह घटना टिकरापारा थाना इलाके की है। पुलिस आरोपी पति की तलाश में जुटी हुई है और मामले की गहन जांच कर रही है। फिलहाल अभी हत्या के पीछे की वजह सामने नहीं आई है।

चोरों ने व्यापारी के घर पर बोला धावा,लाखों किए पार

बलौदाबाजार,19 जनवरी। बलौदाबाजार के कसडोल थाना क्षेत्र के ग्राम छांछी में चोरों ने व्यापारी के घर पर धावा बोलते हुए 10 लाख नकद, 20 लाख से ज्यादा के सोने-चांदी के जेवरात और नई क्रेटा कार सहित सीसीटीवी का डीवीआर भी ले गए। चोरों ने दिनदहाड़े चोलेश उर्फ पिंटू साहू के घर को निशाना बनाया। साहू जो कसडोल के व्यापारी और गणपति एजेंसी के मालिक हैं, के घर से चोरों ने 10 लाख नकद, 20 लाख से अधिक मूल्य के सोने-चांदी के गहने और नई क्रेटा कार चुरा ली। इतना ही नहीं, चोर सीसीटीवी का डीवीआर भी अपने साथ ले गए, जिससे घटना की जांच में मुश्किलें बढ़ गई हैं। बता दें कि दूसरी घटना देर रात 2.30 बजे की बताई जा रही है। जब घर खाली था, तब चोरों ने आराम से घर में घुसकर चोरी को अंजाम दिया। घटना के दौरान एक घर का ताला तोड़ते हुए चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए हैं। ग्राम छांछी के अलावा कसडोल के राम जानकी नगर में भी तीन घरों के ताले टूटे पाए गए। चोरों ने सुनसान घरों को अपना निशाना बनाया। हाल ही में कसडोल थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं बढ़ती नजर आ रही हैं। बुधवार को ही ग्राम छांछी में एक व्यापारी के घर से लगभग 50 लाख रुपये की चोरी हुई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच में जुट गई है। चोरी की बढ़ती घटनाओं ने कसडोल के निवासियों में भय का माहौल पैदा कर दिया है।

महाकुंभ एकता, समता,समरसता का संगम : मोदी

नई दिल्ली,19 जनवरी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को 'महाकुंभ' को एकता और समता-समरसता का असाधारण संगम करार दिया। उन्होंने कहाकि हजारों साल से चली आ रही इस परंपरा में कहीं भी कोई भेदभाव और जातिवाद नहीं है। आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 118वीं कड़ी और साल 2025 की पहली कड़ी में अपने विचार साझा करते हुए उन्होंने महाकुंभ में युवाओं की बढ़ती भागीदारी का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने कहाकि जब युवा पीढ़ी अपनी सभ्यता के साथ गर्व से जुड़ जाती है तो उसकी सभ्यतागत जड़ें और मजबूत होती हैं। तब उसका स्वर्णिम भविष्य भी सुनिश्चित हो जाता है। मोदी ने 'कुंभ', 'पुष्करम' और 'गंगा सागर मेले' का उल्लेख करते हुए कहा कि ये पर्व सामाजिक मेल-जोल, सद्भाव और एकता को बढ़ाने वाले पर्व हैं। उन्होंने कहाकि ये पर्व भारत के लोगों को भारत की परंपराओं से जोड़ते हैं। प्रधानमंत्री ने कहाकि कुंभ में दक्षिण, पश्चिम और हर कोने से लोग आते हैं। कुंभ में गरीब और अमीर सब एक हो जाते हैं और सब लोग संगम में डुबकी लगाते हैं। एक साथ भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते हैं। तभी तो कुंभ एकता का महाकुंभ है। कुंभ का आयोजन हमें यह भी बताता है कैसे हमारी परंपराएं पूरे भारत को एक सूत्र में बांधती हैं। उन्होंने कहा कि इस बार कुंभ में युवाओं की भागीदारी बहुत व्यापक रूप में नजर आई है। उन्होंने कहाकि जब युवा पीढ़ी अपनी सभ्यता के साथ गर्व के साथ जुड़ जाती है तो उसकी जड़े और मजबूत होती है और तब उसका स्वर्णिम भविष्य भी सुनिश्चित हो जाता है। हाल के दिनों

में उन्होंने अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों का उल्लेख किया और कहा कि आज हमारा देश अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि इस बार का गणतंत्र दिवस बहुत विशेष है क्योंकि ये भारतीय गणतंत्र की 75वीं वर्षगांठ है। उन्होंने कहाकि इस वर्ष संविधान लागू होने के 75 साल हो रहे हैं। मैं संविधान सभा के उन सभी महान व्यक्तित्वों को नमन करता हूं, जिन्होंने हमें हमारा पवित्र संविधान दिया। प्रधानमंत्री ने इस दौरान संविधान सभा में बहस के दौरान बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर, राजेन्द्र प्रसाद और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के संबोधनों के ऑडियो क्लिप का कुछ अंश भी सुनाया।

प्रधानमंत्री ने इस दौरान 25 जनवरी को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय मतदाता दिवस का जिक्र करते हुए कहा कि यह दिन इसलिए अहम है, क्योंकि इसी दिन भारतीय निर्वाचन आयोग की स्थापना हुई थी। कउन्होंने कहाकि हमारे संविधान निर्माताओं ने संविधान में हमारे चुनाव आयोग को, लोकतंत्र में लोगों की भागीदारी को, बहुत बड़ा स्थान दिया है। मैं चुनाव आयोग का भी धन्यवाद दूंगा, जिसने समय-समय पर, हमारी मतदान प्रक्रिया को आधुनिक बनाया है, मजबूत किया है। आयोग ने जन-शक्ति को और शक्ति देने के लिए, तकनीक की शक्ति का उपयोग किया। उन्होंने देशवासियों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में अपने-अपने मताधिकार का उपयोग करने और देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया सशक्त बनाने का भी आह्वान किया।

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में मंत्रालय, महानदी भवन में कैबिनेट की बैठक शुरू।

भाजपा को जल्द मिलेगा नया राष्ट्रीय अध्यक्ष

नई दिल्ली,19 जनवरी। भारतीय जनता पार्टी अपने नए राष्ट्रीय अध्यक्ष की नियुक्ति दिल्ली विधानसभा चुनावों के बाद करेगी। सूत्रों ने कहा है कि पार्टी के अध्यक्ष का चुनाव 10 फरवरी से 20 फरवरी के बीच होने की संभावना है। वर्तमान अध्यक्ष जेपी नड्डा दिल्ली चुनावों तक BJP की अगुवाई करते रहेंगे। उनका अध्यक्ष पद का कार्यकाल जनवरी 2024 में समाप्त हो गया था, लेकिन लोकसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए नड्डा का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा दिया गया था। BJP के संगठनात्मक चुनावों की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। राष्ट्रीय परिषद और राज्य परिषद के सदस्य अभी चुने जा रहे हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव से पहले राज्यों की इकाइयों में से कम से कम 50त्न को अपना संगठनात्मक चुनाव पूरा करना होगा। अब तक केवल चार राज्यों ने अपने राज्य अध्यक्षों के चुनाव की प्रक्रिया पूरी की है। BJP नेताओं के अनुसार, संगठनात्मक चुनाव अपने निर्धारित समय पर हो रहे हैं और समय पर पूरा हो जाएंगे। भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष का चयन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत की मंजूरी से होगा। इस रेस में कई नाम अभी तक सूत्रों के द्वारा उछाले जा चुके हैं। हालांकि भाजपा की तरफ से अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष की रेस में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, शिवराज सिंह चौहान और पार्टी महासचिव विनोद तावड़े के नामों की चर्चा हो रही। इसके अलावा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का नाम भी सियासी गलियारों में ली जा रही है। सूत्रों के अनुसार विनोद तावड़े और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के साथ भूपेंद्र यादव में से किसी एक की संभावना प्रबल है। धर्मेंद्र प्रधान और भूपेंद्र यादव के नाम पिछले संगठनात्मक चुनावों में भी चर्चा में थे, लेकिन अंततः यह भूमिका जेपी नड्डा को सौंप दी गई थी। ये तीनों नेता पार्टी

के भीतर अपने कार्यों के माध्यम से अनुभव जमा चुके हैं। भूपेंद्र यादव राजस्थान से हैं। वहीं, धर्मेंद्र प्रधान ओडिशा से आते हैं। विनोद तावड़े महाराष्ट्र से हैं। तीनों ही नेताओं को अमित शाह का करीबी माना जाता है। पार्टी के संविधान मुताबिक उसी को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया जा सकता है जो कि कम से कम 15 साल से पार्टी का सदस्य हो। इससे पहले 2010 से 2013 तक संगठन की कमान नितिन गडकरी के पास थी। राजनाथ सिंह 2005 से 2009 तक और फिर 2013 से 14 तक बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे। 2014 से 2020 तक अमित शाह ने बीजेपी की कमान संभाली।

सैफ अली खान पर हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

मुंबई,19जनवरी। अभिनेता सैफ अली खान पर हमला करने वाले आरोपी को मुंबई पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मुंबई पुलिस ने रविवार को महाराष्ट्र के ठाणे से आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान 30 वर्षीय मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि आरोपी बांग्लादेशी नागरिक है और अपनी पहचान बदलकर मुंबई में रह रहा था। डीसीपी जोन 9 दीक्षित गेदम ने आरोपी की गिरफ्तारी की जानकारी देते हुए कहा, 16 जनवरी को सुबह 2 बजे अभिनेता सैफ अली खान पर उनके घर पर हमला हुआ। एफआईआर दर्ज की गई है और एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। उसका नाम मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद है, उसकी उम्र 30 साल है। वह लूटपाट के इरादे से घर में घुसा था। उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा और हिरासत की मांग की जाएगी। वरिष्ठ अधिकारी ने आगे कहा, प्रथम दृष्टया आरोपी बांग्लादेशी है और अवैध रूप से भारत में घुसने के बाद उसने अपना नाम बदल लिया था। वह अपने वर्तमान नाम के रूप में विजय दास का उपयोग कर रहा था। वह 5-6 महीने पहले मुंबई आया था। वह कुछ दिनों तक मुंबई में रहा और फिर मुंबई के आसपास के इलाकों में रहा। आरोपी एक हाउसकीपिंग एजेंसी में काम करता था। अधिकारी ने बताया कि उन्होंने मामले में पासपोर्ट अधिनियम की संबंधित धाराएं भी जोड़ी हैं। उन्होंने कहा कि आरोपी के बांग्लादेशी होने का अनुमान लगाने के लिए प्राथमिक सबूत हैं। उसके पास वैध भारतीय दस्तावेज नहीं हैं। कुछ जब्ती हैं जो संकेत देती हैं कि वह बांग्लादेशी नागरिक है।

सैफ अली पर हमले के संदेही को रेलवे स्टेशन में छोड़ वापस लौटी मुंबई पुलिस

दुर्ग,19 जनवरी। रातभर के तमाशे के बाद एक्टर सैफ अली खान पर हुए हमले में दुर्ग में हिरासत में लिए गए संदेही युवक आकाश कनौजिया को छोड़कर मुंबई पुलिस के अधिकारी वापस लौट गए. अब युवक अपने खर्च पर वापस मुंबई जा रहा है.बता दें कि मुम्बई पुलिस द्वारा जारी सीसीटीवी फुटेज और फोटो के आधार पर दुर्ग रेलवे पुलिस ने मुम्बई के हिस्ट्री शीटर बदमाश आकाश कनौजिया को शनिवार को दोपहर 1.30 बजे ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस से हिरासत में लिया था. दुर्ग रेलवे पुलिस की पूछताछ में युवक ने बताया था कि

वह जांजगीर जिले के नैला में सिटी कोतवाली क्षेत्र के दीरा नगर में रहने वाली अपनी नानी बेबा तुलसा यादव से मिलने जा रहा है. संदेह के आधार पर युवक को पकड़ने के बाद दुर्ग रेलवे पुलिस ने मुंबई पुलिस को सूचित किया था. जानकारी के अनुसार, युवक एनडीपीएस के अपराध में 6 महीने आंध्रप्रदेश के जेल में बंद था. वहीं उसके खिलाफ मारपीट, चाकूबाजी के कई मामले मुम्बई के अलग-अलग थानों में दर्ज है. सैफ अली खान के घर चोरी और हमले में शामिल होने के संदेह पर मुंबई पुलिस के एसआई प्रदीप फुन्दे पूछताछ करने दुर्ग पहुंचे थे. पूछताछ में युवक की घटना में संलिप्तता सामने नहीं आने पर छोड़ दिया गया. एसआई प्रदीप फुन्दे ने मीडिया से चर्चा में कहा कि हम पहले से ही कह रहे हैं कि यह संदिग्ध है, हमें पूछताछ करने दो, उसके बाद ही हम कुछ पुख्ता कह पाएंगे. पूछताछ के बाद हम अब इसे छोड़ रहे हैं. इसके साथ ही उन्होंने संदेही का फोटो वायरल करने से इंकार किया. इसके साथ ही युवक के आरोपी होने से इंकार किया.

मोदी से मिले रमन सिंह, मां बमलेश्वरी का छायाचित्र भेंटकर छत्तीसगढ़ आने का दिया न्योता

रायपुर,19 जनवरी। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने अपने नई दिल्ली प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आत्मीय मुलाकात की. इस मुलाकात के दौरान डॉ. रमन सिंह ने पीएम मोदी को आदिशक्ति मां बम्लेश्वरीका छायाचित्र भेंट किया, जिस पर प्रधानमंत्री ने आभार जयाया है. इसके साथ ही डॉ. रमन सिंह ने पीएम मोदी को छत्तीसगढ़ प्रदेश के रजत जयंती वर्ष में प्रवेश की जानकारी साझा करते हुए प्रदेश के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला. उन्होंने पीएम मोदी को छत्तीसगढ़ आने के लिए आमंत्रित किया है. प्रधानमंत्रीसे चर्चा के दौरान राज्य के विकास, जनहित योजनाओं और प्रदेश के समग्र उत्थान से जुड़े विभिन्न विषयों पर सकारात्मक संवाद हुआ. डॉ. रमन सिंहने इस मुलाकात को प्रदेश के लिए हितकारी बताते हुए प्रधानमंत्रीके मार्गदर्शन को छत्तीसगढ़ के विकास के लिए नई ऊर्जा और दिशा प्रदान करने वाला बताया.

बिलासपुर रेलवे जोन के महाप्रबंधक ने कार्यों का अवलोकन किया

भिलाई,19 जनवरी। बिलासपुर रेलवे जोन के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने आज भिलाई-3 स्टेशन का निरीक्षण किया इस दौरान पुनर्निर्माण के पखवाड़े भर के भीतर ही सिरसा गेट अण्डरब्रिज की नई सड़क के उखड़ने को लेकर पूछे गए सवाल पर वे चौंक पड़े फिर आंखें तरेरते हुए उन्होंने अण्डरब्रिज की सड़क का मुआयना करने अधिकारियों को इशारा किया वहीं कुछ चुनिंदा एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टापेज की स्थानीय मांग पर जोन महाप्रबंधक का जवाब टालमटोल भरा रहा बिलासपुर रेलवे जोन के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश आज विशेष सेलून से भिलाई-3 स्टेशन पहुंचे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 3 से वे प्लेटफार्म नंबर 1 पर आकर उन्होंने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत हुए विकास कार्यों का अवलोकन किया। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने महाप्रबंधक को सबसे पहले स्टेशन के विकास का नक्शा दिखाया। फिर उन्होंने महिला व सामान्य यात्री प्रतीक्षालय, टिकट काउंटर, पेयजल व प्रसाधन सुविधा सहित स्टेशन के बाहर पार्किंग स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रतीक्षालय में रखी गई टूटी हुई कुर्सी को देख उन्होंने नाराजगी जताई पूरे 23 दिनों तक बंद रखकर सिरसा गेट अण्डरब्रिज में बनाई गई नई सड़क के पखवाड़े भर में उखड़ने के सवाल पर महाप्रबंधक तरुण प्रकाश चौंक पड़े। उन्होंने इशारे ही इशारों में अधिकारियों को अण्डरब्रिज की सड़क का मुआयना करने का निर्देश दिया दिव्यांग जनों के लिए एक नंबर प्लेटफार्म से दूसरे में आने जाने के लिए जीआरपी थाने के छोर पर रैम्प बनाने अधिकारियों के प्रस्ताव पर उन्होंने कहा कि जब स्टेशन का पुनर्निर्माण हो रहा था तब उनका ध्यान कहां था वहीं एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टापेज को लेकर भी उन्होंने कोई सकारात्मक जवाब नहीं दिया।

सड़क हादसे में मनु भाकर के मामा और नानी की मौत

नई दिल्ली,19 जनवरी। ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। रविवार सुबह चरखी दादरी में एक सड़क दुर्घटना में उनके मामा और नानी की मौत हो गई। एक तेज रफ्तार ब्रेजा कार ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसा इतना भयानक था कि दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। कार चालक फरार हो गया, पुलिस उसकी तलाश कर रही है। मनु भाकर को हाल ही में राष्ट्रपति द्वारा खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इस खुशी के कुछ दिन बाद ही उनके परिवार पर यह दुखद घटना घटी। रविवार सुबह मनु के मामा युद्धवीर अपनी मां सावित्री के साथ स्कूटी पर सवार थे। युद्धवीर हरियाणा रोडवेज में चालक थे और ड्यूटी पर जा रहे थे। सावित्री अपने छोटे बेटे के घर लोहारु चौक जा रही थीं। महेंद्रगढ़ बाईपास रोड पर कलियाणा मोड़ के पास एक तेज रफ्तार ब्रेजा कार ने गलत दिशा से आकर उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी।

एक नजर

ठेकेदार के खिलाफ जुर्म दर्ज

भिलाई, 19 जनवरी। भिलाई नंदिनी थाना अंतर्गत मैनपॉवर सप्लाई करने वाले ठेकेदार पर धोखाधड़ी करने का आरोप लगा है। काम करने के लिए मजदूर भेजने के एवज में संचालक से 8.50 लाख रुपए की रकम ली, लेकिन मैनपॉवर की सप्लाई नहीं की रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 318 (4) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है नंदिनी पुलिस ने बताया कि जनता क्वार्टर पद्मनाभपुर निवासी एम. अंका बाबू (45 वर्ष) ने शिकायत दर्ज कराई प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि उसके मामा का चेन्नई में ईट भट्ठा है, जिसमें वह पार्टनशिप में काम करता है। उसे पिछले साल ईट भटठा में काम करने के लिए मजदूरों की आवश्यकता थी इसके चलते भट्ठा में मजदूर सप्लाई के लिए परिचित ठेकेदार भीमसेन जोशी से संपर्क किया इस बीच भीमसेन जोशी ने पिछले साल 16 से 19 अगस्त के बीच अलग-अलग किस्तों में कुल 8 लाख 50 हजार रुपए मजदूर दिलाने के नाम पर एडवांस रकम ले ली इसके बाद से अब तक भीमसेन ने न तो मजदूर भेजे और न उससे एडवांस के रूप में लिए साढ़े आठ लाख रुपए की रकम लौटाई इस पर थाने में शिकायत दर्ज करा दी गई।

मारपीट करने वाले गिरफ्तार

भिलाई, 19 जनवरी। भिलाई सुपेला थाना क्षेत्र शराब पीने रुपए का डिमांड करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 296, 115(2), 351(3), 119 (1) 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है सुपेला टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि मयंक सिंह ने शिकायत किया कि शराब पीने के लिए रुपए का डिमांड करने वाले तीन आरोपी युवक प्रेम सिंह, अमनदीप सिंह, मलकित सिंह ने इंजीनियर मयंक के साथ मारपीट भी किया था घटना में मयंक को शरीर के विभिन्न हिस्सों में चोट आई है आरोपियों को गिरफ्तार कर किया गया है।

भिलाई स्टील सुझाव योजना के तहत एपेक्स अवार्ड के लिए प्रस्तुतियां आयोजित

भिलाई, 19 जनवरी। भिलाई इस्पात संयंत्र के इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा विगत दिनों मानव संसाधन विकास केंद्र में सेल-बीएसपी की भिलाई स्टील सुझाव योजना के तहत एपेक्स अवार्ड के लिए प्रस्तुतियां आयोजित की गई। प्रारंभ में महाप्रबंधक नीरज वार्नर ने एपेक्स अवार्ड कमेटी के सदस्यों मुख्य महाप्रबंधक अनूप दत्ता, मुख्य महाप्रबंधक डी एल मोइत्रा, मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर, जोनल पुरस्कार समितियों के अध्यक्ष, प्रतिभागियों और उनके मेंटर का स्वागत किया। उप महाप्रबंधक चंद्रानन जैन ने वित्त वर्ष 2023-24 के सुझावों के मुख्य बिंदुओं पर प्रस्तुति दी। संचालन उप महाप्रबंधक चंद्रानन जैन ने किया। सहायक प्रबंधक राजकुमार मीना ने धन्यवाद ज्ञापित किया। सहायक प्रबंधक श्रीमती शिवांगी तिवारी व आरिफ खान, उप प्रबंधक संजय सापटे व डीपीएस बरा? तथा जूनियर मेने तथा कनिष्ठ प्रबंधक विल्सन मैमन ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय योगदान दिया।

राष्ट्रीय नाई महासभा में विधायक रिकेश का किया गया अभिनंदन

भिलाई, 19 जनवरी। राजस्थान में अखिल भारतीय नारायणी धाम महासभा और राष्ट्रीय नाई महासभा के संयुक्त तत्वावधान में कोटा के सांसद और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला के मुख्य आतिथ्य में आयोजित सेन सामाजिक सम्मेलन में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन का अभिनंदन किया गया। शनिवार को सम्पन्न इस सम्मेलन में देश भर से सेन समाज के प्रमुख प्रतिनिधियों ने शिरकत की।

समारोह को सम्बोधित करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने कहा कि हमारे देश में 800 से ज्यादा सांसद और लगभग 4 हजार विधायक हैं, छत्तीसगढ़ जैसी संघर्ष की धरा पर जनप्रतिनिधि के रूप में चुने गए विधायक रिकेश सेन ने छत्तीसगढ़, राजस्थान से लेकर बिहार सहित कई राज्यों में सेन समाज के लोगों को एकजुट करते हुए सभी के जीवन में नई जागृति लाने का जो कार्य किया है उसी का परिणाम है कि संत शिरोमणी महाराज के विशेष आशीर्वाद और अपने क्षेत्र की जनता के स्नेह ने उन्हें सेन समाज से देश भर का इकलौता विधायक चुना है। सेन समाज कल्याण समिति राजस्थान, अखिल भारतीय नारायणी धाम महासभा और राष्ट्रीय नाई महासभा द्वारा विधायक रिकेश सेन का स्वागत किया गया। इस दौरान अतिथियों ने सेन समाज के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया। इस दौरान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला और विधायक रिकेश सेन ने 30 कमरों के सामाजिक छात्रावास का लोकार्पण भी किया।

धरमपुरा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

भिलाई, 19 जनवरी। भिलाई इस्पात संयंत्र एवं जिला चिकित्सालय दुर्ग के संयुक्त तत्वाधान में ग्राम धरमपुरा में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग (बीएसपी) से डॉ एम सरस्वती, फार्मासिस्ट सुश्री सुसन जैकब व सुश्री प्रभा सैमुअल एवं पंजीयन हेतु शंभू दयाल, सीएसआर की ओर से बुधेलाल एवं जिला चिकित्सालय दुर्ग की ओर से श्रीमती ललिता यादव उपस्थित थी।

वार्ड बैठकों में योगेश निक्की भाले को भाजपा से अध्यक्ष प्रत्याशी बनाने की मांग कर रही जनता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

उतई, 19 जनवरी। नगरीय निकाय चुनाव के लिए आरक्षण होते ही राजीनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। चुनाव ल?ने के लिए लगातार दावेदार जनता और नेताओं से सम्पर्क कर रहे है। प्रदेश के सबसे हॉट सीट कहे जाने वाले नगर पंचायत चुनाव में भाजपा के वार्ड स्तर पर बैठकों का दौर शुरु हो गया है। नगर पंचायत चुनाव के प्रभारी श्री दिलीप साहू जी, मंडल अध्यक्ष रानी बंछोर जी, निर्वातामान मंडल अध्यक्ष खेमलाल साहू जी, महामंत्री अखिलेश मिश्रा जी, हरिशंकर साहू जी, नेता प्रतिपक्ष निक्की भाले जी के गरिमामयी उपस्थिति में वार्ड क्रमांक 12, 13, 14 सहित अन्य वार्डो में बैठक

सम्पन्न हो गया है।

भाजपा पदाधिकारीयों के सामने वार्ड क्रमांक 12,13,14 के नागरिकों ने एक स्वर में भाजपा से नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी के रुप में योगेश निक्की भाले का नाम लिया है। बता दे योगेश निक्की भाले वर्तमान में नगर पंचायत पाटन के नेता प्रतिपक्ष है और पुरे पाटन नगर पंचायत के एक मात्र भाजपा पार्षद है। कांग्रेस शासनकाल में योगेश निक्की भाले ने नेता प्रतिपक्ष के रुप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और लगातार कांग्रेस के नगर और प्रदेश सरकार को को घेरा है। इस लिए योगेश निक्की भाले की लोकप्रियता में नगर में का?ी ब?ी है। नगर पंचायत पाटन के पाटन, अखरा, अटारी और खोरपा में भी योगेश निक्की भाले की अच्छी पकड़ है और युवाओं के बीच लोकप्रिय भी है।

कार्यकर्ताओं से लगातार फीड बैक ले रहे है जिला भाजपा अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी

कवर्धा, 19 जनवरी। कबीरधाम जिला पंचायत में जिला पंचायत ग्यारह में भाजपा से सशक्त दावेदार सीताराम साहू , दिनेश चंद्रवंशी , खिलेश्वर साहू , कुंज राम साहू की चर्चा हो रही है की बीजेपी भारी मंथन के बाद टिकट देगी । कांग्रेस दस सालों से जिला पंचायत दस और ग्यारह में जिला पंचायत

चुनाव जीत रही है और भाजपा में क्या कमी रह जाती है क्यों हार जाती है । जिला पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी लगातार फीड बैक ले रहे है और अच्छे कार्यकर्ता को टिकट देंगे ऐसी भी चर्चा हो रही है जिससे यह सकता है की इस बार जिला पंचायत दस ओर ग्यारह भाजपा की झोली में आ जाएं । जिला पंचायत 13 से खिलेश्वरी साहू ने भी आवेदन कर दिया है । जिला भाजपा अध्यक्ष को पार्षद , अध्यक्ष और जिला पंचायत सदस्य के लिए आवेदन सौंप रहे है और नए जिला भाजपा अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी को गुलदस्ता भेंटकर और मिठाई खिलाकर बधाई भी देते हुए दिख रहे है । नए जिला भाजपा अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी के बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष दिख रहा है । सादगीपूर्ण व्यवहार और विनम्रता और मिलनसार व्यक्तित्व होने के कारण कबीरधाम जिले में गांवों और शहरों में खूब तारीफ हो रही है ।

सड़क सुरक्षा माह में जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा, 19 जनवरी। सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत यातायात पुलिस कबीरधाम एवं नेहरू युवा केन्द्र कवर्धा (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) के संयुक्त तत्वावधान में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में ÷मेरा युवा भारत÷ के स्वयंसेवकों द्वारा सीन बोर्ड के माध्यम से नागरिकों को सड़क पर सुरक्षित वाहन चलाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा के प्रति जनसामान्य को जागरूक करना और यातायात नियमों के पालन को प्रोत्साहित करना था। इस अवसर पर नेहरू युवा केन्द्र के जिला युवा अधिकारी सौरभ कुमार निषाद के साथ यातायात विभाग से आरक्षक राजेश महोबिया, आरक्षक वीरेंद्र चंद्रवंशी, दुर्गेश साहू, सूरज निर्मलकर एवं पुनिराम यादव उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर जनता को सड़क सुरक्षा का महत्व समझाया और सुरक्षित यातायात को बढ़ावा देने का संदेश दिया।

मुख्य नपाधिकारी ने वार्ड-7,नंदिनी रोड का निरीक्षण किया

जामुल, 19 जनवरी। नगरीय प्रशासन मंत्री एवं उप मुख्यमंत्री अरूण साव के निर्देशानुसार नगर पालिका जामुल में विकास और स्वच्छता को प्राथमिकता देते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीमा बक्सी के नेतृत्व में वार्ड -7 एवं नंदिनी रोड पर सुबह निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण में उप अभियंता श्री के ऐन ताम्रकार, पी.आई.यू. श्री गौरव केशरवानी, राजस्व और सफाई प्रभारी सहित टीम शामिल रही। निरीक्षण के दौरान मेन रोड के दुकानदारों को नाली और सड़क को अतिक्रमण से मुक्त रखने, सामान व्यवस्थित तरीके से रखने और गीला-सूखा कचरा अलग-अलग करके रिक्शे में देने के निर्देश दिए गए।नागरिकों को यह भी समझाया गया कि सेप्टिक टैंक का ओवरफ्लो नालियों में डालने पर जुर्माना लगाया जाएगा। सफाई प्रभारी को निर्देश दिया गया कि वार्ड और सड़क किनारे पड़े मलबे को तुरंत साफ किया जाए। पी.आई.यू. द्वारा व्यावसायिक क्षेत्र में ट्वीबिन लगाने की योजना पर चर्चा की गई। साथ ही टीम द्वारा जी.व्ही.पी. प्वाइंट के सौंदर्यीकरण के लिए लैंडस्केपिंग, पार्किंग और मिनी गार्डन विकसित करने की योजना बनाई गई। उप अभियंता ने क्षेत्र में नाली निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। इस अभियान का उद्देश्य नगर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाना है, ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। इस प्रयास की सराहना करते हुए स्थानीय नागरिकों ने सहयोग का आश्वासन दिया।

केएन कान्डे अपर आयुक्त सहकारिता एवं अपर पंजीयक सहकारी संस्थाएं के पदोन्नत होने पर स्टाफ और अधिकारियों ने बधाई दी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा, 19 जनवरी। के एन कान्डे संयुक्त आयुक्त, सहकारिता एवं संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्थाए को अपर आयुक्त सहकारिता एवं अपर पंजीयक सहकारी संस्थाए के पद पर पदोन्नत किया गया। इस आशय का आदेश आज मंत्रालय से जारी हुआ है। के एन कान्डे केदार कश्यप वन व सहकारिता मंत्री के ओएसडी है। छत्तीसग? शासन, सहकारिता विभाग, मंत्रालय, नवा रायपुर के

आदेश क्रमांक - एफ 1-06/2024/15-1 दिनांक 17.01.2025 के अंतर्गत के एन कान्डे को संयुक्त आयुक्त सहकारिता एवं संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्थाएं को अपर आयुक्त सहकारिता एवं अपर पंजीयक, सहकारी संस्थाएं में पदोन्नत करते हुए यथावत प्रतिनियुक्ति पर प्रबंध संचालक , छत्तीसग? राज्य सहकारी बैंक (अपेक्स बैंक) नया रायपुर में पदस्थ किया गया है। के एन कान्डे द्वारा आज दिनांक 17.01.2025 को कार्यभार ग्रहण कर लिया गया है।

के एन कान्डे माननीय वन व सहकारिता मंत्री श्री केदार कश्यप जी के ओएसडी के प्रभार पर बने रहेंगे। के एन कान्डे के अपर आयुक्त, सहकारिता एवं अपर पंजीयक सहकारी संस्थाएं छत्तीसग? में पदोन्नति पर सहकारिता विभाग, अपेक्स बैंक तथा जिला सहकारी केंद्रीय बैंको के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा बधाई व शुभकामनाएं दी गई।

ग्रामीण अंचल के विद्यार्थी प्रिज्म स्कूल में अध्ययन कर अपनी प्रतिभा निखार रहे:भूपेश बघेल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

उतई, 19 जनवरी। प्रिज्म संस्थान महकाखुर्द उतई में वार्षिक उत्सव का सफल आयोजन किया गया द्य इस वार्षिक उत्सव शिखर , में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल और भिलाई नगर निगम महापौर निर्मल कोसरे तथा अन्य गणमान्य जन के साथ 1500 की संख्या में अभिभावक गण उपस्थित थे द्य इस रंगारंग कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना के साथ हुई, इसके पश्चात अतिथियों का स्वागत बस्तर आर्ट और प्लांट पोट के साथ किया गया द्य संस्था के डायरेक्टर श्रीमती ख्याति साहू मैडम ने अपने उद्बोधन में बताया कि, वर्तमान स्थिति में शिक्षा से नैतिक मूल्यों का हास् होता जा रहा है द्य एक उदाहरण के तौर पर उन्होंने बताया कि, जब वह मुख्यमंत्री श्री बघेल जी को आमंत्रित करने गई थी

,तो वह अपने पोते के साथ खेल रहे थे जो की इस आधुनिकता की दौड़ में हमें बहुत कुछ सीखना है द्य तत्पश्चात संस्था प्रमुख श्री रूपेश कुमार गुप्ता ने कहा कि, शिक्षा के साथ-साथ सबसे बड़ा सुख, देने में है यदि आप किसी को संस्कार शिक्षा और खुशी देते हैं, तो यह दुगनी होकर आपको वापस मिलता है द्य श्री भूपेश बघेल जी ने अपने भाषण में कहा ,कि यह अत्यंत हर्ष का विषय है ,कि हमारे ग्रामीण अंचल के विद्यार्थी प्रिज्म स्कूल तथा कॉलेज से शिक्षा ग्रहण कर अपने जीवन में उन्नति कर रहे हैं द्यसाथ ही प्रिज्म संस्थान की तारीफ करते हुए, उन्होंने बताया कि जिस प्रकार प्रिज्म में पड़ने वाली किरणें रिफ्लेक्ट होकर दूसरों को प्रकाशित करती हैं, ठीक उसी प्रकार यह संस्था कार्य कर रहा है द्य कार्यक्रम को गति प्रदान करते हुए श्री भूपेश बघेल जी के हाथों कक्षा नवमी से 12वीं के श्रेष्ठ विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया द्य सम्मान की इस कड़ी में ओलंपियाड एग्जाम के अचीवर्स को बघेल जी के कर कमल द्वारा सम्मानित किया गयाद्य

नेक द्वारा संस्था को प्राप्त बी प्लस ग्रेड के लिए प्रयत्नशील सभी बी एड फैकेल्टी को श्री बघेल जी के द्वारा सम्मानित किया गया द्यइसके उपरांत पीजीडीएम के दीक्षांत समारोह में बैच 2022 से 24 के पासआउट विद्यार्थियों को डिग्री के द्वारा सम्मानित किया गयाद्य इसके पश्चात प्रिज्म स्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा विभिन्न राज्यों की संस्कृति को दिखाते हुए, मनमोहक नृत्य का आयोजन किया गया जैसे राजस्थानी मराठी पंजाबी मलयाली और छत्तीसगढ़ी द्य कार्यक्रम का समापन प्रिज्म पब्लिक स्कूल उतई की प्राचार्य श्रीमती स्वर्णालता पाल के वोट आफ थैंक्स और स्वल्पाहार के द्वारा किया गया

भिलाई पावर हाउस व दुर्ग स्टेशन में फास्ट फूड यूनिट की सुविधा शीघ्र

भिलाई, 19 जनवरी। रेलवे यात्रियों के लिए बेहतर खानपान सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु रायपुर रेल मंडल के दुर्ग व भिलाई पावर हाउस स्टेशन में फास्ट फूड यूनिट स्थापित किए जा रहे हैं । इन यूनिट्स के माध्यम से यात्रियों को स्टेशन पर ही गुणवत्तापूर्ण और स्वच्छ खानपान की सुविधाएं मिल सकेंगी। इसके अंतर्गत दुर्ग स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 2/3 में फास्ट फूड यूनिट व भिलाई पावर हाउस स्टेशन स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 1 में फास्ट फूड यूनिट स्थापित किए जा रहे हैं । रेलवे प्रशासन द्वारा इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इन दोनों स्टेशनों के फास्ट फूड यूनिट्स की सुविधा दी जा रही है।



भिलाई के अंकुश ने रूसी बाला से शादी की

भिलाई, 19 जनवरी। भारत-रूस मैत्री के प्रतीक मिनी भारत भिलाई में रूस की राजधानी मॉस्को पहुंचे भिलाई के युवक अंकुश कुमार को रूसी बाला पॉलीना साराफनोवा से प्यार हो गया। दोनों ही पिछले दिनों भिलाई पहुंचे और परिवार वालों की रजामंदी से आर्य समाज मंदिर में विधि-विधान से विवाह-बंधन में बंध गए। दुल्हन की माँ तातियाना साराफनोवा और भाई मॉस्को से चलकर भिलाई पहुंचे हैं और बेहद खुश हैं।

आयुक्त ने खुलवाई सुझाव एवं शिकायत पेटी, समस्या का त्वरित निराकरण करवाया

भिलाई, 19 जनवरी। नगर निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय में सुझाव एवं शिकायत पेटी रखी गई है। भिलाई शहर के नागरिक निगम एवं जनता के हित में कोई सुझाव देना चाहते हैं तो वह डाल सकते हैं। इसके साथ ही यदि उनकी कोई शिकायत है, तो उसको भी डाल सकते हैं। महापौर नीरज पाल ने बताया कि बहुत सारे नागरिक निगम को जानकारी देना चाहते हैं, यह भी सोचते हैं कि उनका नाम गोपनीय रखा जाये। जिससे संबंधित से किसी प्रकार का विवाद न हो और काम भी हो जाए। नागरिकों के पास ऐसे विचार होते हैं जिससे शहर के विकास में अच्छा प्रयास किया जा सकता है। वह भी इस पेटी में अपना सुझाव डाल सकते हैं। बस यह ध्यान देना होगा जिस स्थल के बारे में जानकारी देना चाहते हैं

उसका स्पष्ट उल्लेख हो मोबाईल नम्बर डाल देने से और जानकारी मिल जायेगी। जिससे निगम का अधिकारी मौके पर जाकर उचित निदान करवा सकें। नगर निगम भिलाई में रखे सुझाव एवं शिकायत पेटी रोज शाम को 5 बजे खोला जायेगा। सुझाव एवं शिकायत जिस विभाग से संबंधित होगा, आयुक्त उसे स्वयं मार्क करेंगे और उसके प्रोग्रेस की जानकारी भी ली जायेगी। यह कदम नगर निगम भिलाई में पहली बार पहल की जा रही है। यदि लोगों से अच्छा सुझाव आया या शिकायत आता है, तो यह पेटी पांचो जोन कार्यालयों में भी रखी जायेगी। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय स्वयं जाकर अपने सामने पेटी को खुलवाये। उसमें निगम क्षेत्र में हो रहे अतिक्रमण से संबंधित शिकायत था, जिसे संबंधित जोन कार्यालय में भेजा गया और उसका शीघ्र निराकरण करवाया गया।

पाटन में मनाई जाएगी जगद्गुरु रामानंदाचार्य की 125 वीं जयंती

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

पाटन,19 जनवरी। भारतीय संस्कृति के रक्षक सनातन धर्म के प्रचारक वैष्णव धर्म के संस्थापक जगतगुरु श्री श्री 108 श्री रामानंदाचार्य की जयंती इस वर्ष 23 जनवरी बृहस्पतिवार को गायत्री शक्तिपीठ पाटन में हर्षोल्लास के साथ मनाने का निर्णय वैष्णव उत्तर पाटन मंडल के द्वारा लिया गया है। जिसमें सुबह 10 बजे से भगवान विष्णु एवं रामानंदाचार्य की पूजा अर्चना से प्रारंभ होगा जिसमें वैष्णव समाज की परिचय संस्कृति ग्रंथों पर चर्चा के साथ सामाजिक बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी सम्मिलित होगा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में लखन दास वैष्णव (राष्ट्रीय एवं प्रांतीय महासचिव), विशेष अतिथि पूरन दास जी वैष्णव अध्यक्ष (छत्तीसगढ़ वैष्णव महासभा



अध्यक्ष), अध्यक्षता पंडित चेला दास वैष्णव (वैष्णव भागवताचार्य एवं मंडलेश्वर उत्तर पाटन मंडल), राजेश दास वैष्णव (उपाध्यक्ष), महंत मुरलीधर वैष्णव (संरक्षक) कोमल दास वैष्णव (सचिव) भीखम दास वैष्णव (कोषाध्यक्ष) दिलीप बैरागी (प्रवक्ता एवं संचालक) एवं समस्त वैष्णव समाज के सदस्य गण की उपस्थिति में संपन्न होगा। सदस्यगण नेपाल दास वैष्णव, वीरेंद्र दास वैष्णव, प्रेमु दास वैष्णव, भुनेश्वर दास, हिमाचल दास वैष्णव, मनोहर दास वैष्णव, भगवान दास वैष्णव, लेमन दास वैष्णव, भिखारी दास वैष्णव, सूर्यकांत वैष्णव, बाहल दास वैष्णव, ओम प्रकाश वैष्णव, नरेंद्र दास वैष्णव, राजेंद्र दास वैष्णव, भूपेंद्र दास वैष्णव, मोहन दास वैष्णव, विष्णु दास वैष्णव, पुरुषोत्तम दास वैष्णव, किशन दास वैष्णव, शिवदास वैष्णव, पोषण दास वैष्णव, कन्हैया दास वैष्णव,श्रीमती सत्यवती वैष्णव, श्रीमती मुन्नी वैष्णव एवं समस्त वैष्णव समाज के गरिमा में उपस्थित रहेगी।

परमात्मा को याद कर स्वयं को करना है परिवर्तित : आशा दीदी

भिलाई, 19 जनवरी। सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडिटोरियम हंसो से सुसज्जित खुशी और उमंग उत्साह के पंखों फूलों से सजे पिताश्री ब्रह्मा बाबा का चित्र सभी को सहज ही परमधाम वतन मेरा घर की ओर आकर्षित कर रहा था। भिलाई सेवा केंद्रों की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने पिताश्री ब्रह्मा बाबा के 56 वीं पुण्यतिथि पर पुण्य संस्मरण सुनाते हुए कहा कि ब्रह्मा बाबा ने नारी उत्थान संकल्प के साथ भारत माता, वंदे मातरम की गाथा को चरितार्थ करते हुए नारी को शिव शक्ति स्वरूपा निर्भय बनाकर विश्व परिवर्तन की जिम्मेवारी के निमित्त बनाया,जिसका आज प्रत्यक्ष प्रमाण

समूचे विश्व पटल पर ब्रह्मकुमारीज संस्था नारी शक्ति के कुशल नेतृत्व में राजयोग मेडिटेशन और आध्यात्मिकता की अलख जगा रही है। निराकारी, निरहंकारी, निर्विकारी पिताश्री ब्रह्मा बाबा के अंतिम शब्द थे वे उन महावाक्यों के स्वरूप में स्थित रहकर अपने हर कर्म से सभी को शिक्षा देकर सिखलाते थे। आज के वरदानी दिवस में सबसे बड़ा पुण्य परमात्मा को याद कर स्वयं को परिवर्तित करना है। आपने कहा कि वतन मेरा घर प्रोग्राम सिर्फ 21 दिन का ही नहीं यह सदा का हमारा प्रोग्राम हो क्योंकि जहां मेरा परमात्मा शिव पिता है वही परमधाम मेरा असली घर वतन है। प्रातः काल ब्रह्म मुहूर्त से ही सभी ब्रह्मा वत्सो ने मौन में रहकर मेडिटेशन रूम(बाबा का कमरा)शांति स्तंभ,पीस ऑडिटोरियम में संगठित रूप से राजयोग मेडिटेशन द्वारा पिताश्री ब्रह्मा बाबा की शिक्षाओं को जीवन में धारण कर स्वयं में परिवर्तन का दृढ़ संकल्प किया।

एक नजर

जामनारा में भारी मात्रा में अवैध हाथ भट्ठी महुआ शराब जब्त

डोंगरगांव 19 जनवरी। 17 जनवरी को पुलिस अधीक्षक राजनादगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनु0 अधि0 डोंगरगांव, श्री दिलीप सिंह सिसोदिया राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी डोंगरगांव ,निरीक्षक श्री अवनिश कुमार श्रीवास के नेतृत्व क्षेत्र मे अवैध कार्यों पर लगाम लगात लगातार कार्यवाही की जा रही है इसी तारतम्य में मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि कुछ लोग जामनारा के जंगल में अवैध रूप से शराब बना रहे है दिनांक 17.01.2025 को थाना डोंगरगांव पुलिस के द्वारा टीम गठित कर मुखबीर के बताये स्थान बूढ़ादेव जंगल ग्राम जामनारा, थाना डोंगरगांव जिला राजनांदगावं में रेडकार्यवाही किया , आरोपी को पुलिस टीम की भनक लगने से , घने जंगल की एवं अपने पहचाने हुये जगंल की फायदा उठाते हुये अपने पास रखे करीबन 60 लीटर महुआ कच्ची शराब कीमती करीबन 12,000/- रूपये एवं 2500 किलो की लहान (पास) को छोड़कर पुलिस के डर से भाग गये जिसे गवाहों के समक्ष जप्त किया गया हैं । अज्ञात आरोपी के खिलाफ अप0 धारा- 34(2) आबकारी एक्ट की अप0 कायम कर विवेचना मे लिया गया हैं ।आरोपी का पता तलाश जारी है ।

वन मंत्री ने वन चेतना केंद्र में कटहल और जामुन का पौधा लगाया

राजनांदगांव 19 जनवरी। वन एवं जलवायु, परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास, सहकारिता एवं संसदीय कार्य विभाग मंत्री श्री केदार कश्यप ने आज राजनांदगांव जिले के प्रवास के दौरान वन चेतना केन्द्र मनगट्ठा का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वन चेतना केन्द्र में कटहल और जामुन का पौधा रोपण किया। वन मंत्री श्री कश्यप ने वनचेतना केंद्र मनगट्ठा पहुंचने के बाद ट्री हाउस, मड हाउस, निर्माणाधीन स्टोन हाउस का निरीक्षण करने के बाद जीप में बैठकर बफरजोन का दौरा किया। उन्होंने रास्ते भर रूक-रूककर वन्य जीवों के संबंध में अधिकारियों से पूछताछ करते हुए चीतलों के आहार व स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने वन चेतना केन्द्र के क्षेत्र, वन्यजीव और सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। वन मंत्री ने मनगट्ठा वन चेतना केन्द्र को पर्यटकों के लिए बेहतर सुविधायुक्त बनाने की दिशा में कार्य करने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह बहुत अच्छा वन चेतना केन्द्र है। इसे आकर्षक रूप से बनाने के लिए राज्य सरकार पूरा ध्यान दे रही है। वन चेतना केन्द्र में चीतल, पायथन जैसे जानवरों की मौजुदगी इसे विशेष बनाती है। यहां पर और कौन-कौन से वन्यजीव रख सकते हैं इसके लिए परीक्षण किया जाएगा। उन्होंने यहां आने वाले पर्यटकों के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

रायपुर 19 जनवरी। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर नगर में सकल जैन समाज द्वारा भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव समिति के अंतर्गत मनाया जायेगा तदर्थ आगामी 10 अप्रैल 2025 , चैत सुदी तेरस के दिन 2624 वां भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव भव्य रूप में मनाने हेतु नवीन समिति का 2025 हेतु मनोनयन हुआ जिसमें अध्यक्ष महावीर कोचर, महासचिव सिध्दार्थ डागा, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र डागा बने।

स्वामित्व योजना ग्रामीण भारत को सशक्त बनाने की प्रभावी पहल:मुख्यमंत्री

रायपुर, 19 जनवरी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की मंशा और दूरदर्शी सोच के अनुरूप राज्य सरकार द्वारा स्वामित्व योजना को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए मजबूती से कदम उठाया गया है। स्वामित्व योजना ग्रामीण भारत को सशक्त बनाने की प्रभावी पहल है। संपत्ति का अधिकार केवल भूमि और अन्य संसाधनों के कानूनी स्वामित्व तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि यह व्यक्तियों और समुदायों को आत्मनिर्भरता, स्थिरता और सम्मानित जीवन जीने का आधार प्रदान करता है। यह अधिकार विशेष रूप से हमारे समाज के कमजोर और वंचित वर्गों के लिए आर्थिक, सामाजिक और व्यक्तिगत स्वतंत्रता सुनिश्चित करता है, इसलिए भू-अभिलेखों को पारदर्शी और प्रभावी बनाना हमारी प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव

साय ने आज महासमुंद में आयोजित स्वामित्व कार्ड वितरण सामरोह को संबोधित करते हुए यह बात कही।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने सभी स्वामित्व कार्ड के लाभार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि आज महासमुंद जिले के 128 गांवों के 10 हजार 850 लाभार्थियों को स्वामित्व कार्ड वितरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वामित्व योजना से भूमि का मालिकाना हक सीमाओं का न सिर्फ स्पष्ट निर्धारण होगा, इससे भू-संबंधी विवादों में कमी भी आएगी।मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हम भूमि संबंधित मामलों में अत्याधुनिक डिजिटल तकनीकों का उपयोग कर रहे हैं, जिससे ग्राम पंचायतों को उच्च-रिज़ॉल्यूशन डिजिटल मानचित्र उपलब्ध कराए जा सकें। यह बेहतर सड़कें, स्वास्थ्य केंद्र, स्कूल और अन्य बुनियादी ढांचे के निर्माण में मदद करेगा, जिससे विकास की गति तेज होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने रजिस्ट्री प्रक्रियाओं को पारदर्शी बनाने के लिए ÷सुगम एप÷ विकसित किया है और दस्तावेजों के डिजिटलीकरण पर कार्य किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ को अभी 3 लाख 88 हजार नवीन प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति और मिली है। साथ ही भविष्य में भी 4 लाख नये आवासों की स्वीकृति भी मिलेगी। हमारी सरकार बनते ही 18 लाख आवासों की स्वीकृति दी गई थी। राज्य में अभी आवास प्लस 2024 में सर्वे का कार्य प्रारम्भ हो गया है। उन्होंने कहा कि मुझे बताते हुए खुशी हो रही है कि अब ढाई एकड़ सिंचित या 5 एकड़ असिंचित जमीन तथा जिनके पास टू व्हीलर होगा, उन्हें भी इसका लाभ मिलेगा। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी आज देशव्यापी स्वामित्व कार्ड वितरण कार्यक्रम में दिल्ली से वर्चुअल रूप से जुड़े और 50 हजार गांवों में 65 लाख ग्रामीणों को उनकी काबिज भूमि का स्वामित्व कार्ड प्रदान किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने योजना के लाभार्थियों को संबोधित किया और उनसे संवाद भी किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम में प्रदेशवासियों को प्रयागराज महाकुंभ का सहभागी बनने के लिए निमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रयागराज सेक्टर 6 अंतर्गत साढ़े 4 एकड़ क्षेत्र में भव्य पंडाल छत्तीसगढ़ वासियों के लिए निर्मित किया गया है।

ऑटो एक्सपो से दो दिन में सरकारी खजाने में पहुंच गया 100 करोड़

रायपुर 19 जनवरी। साइंस कालेज मैदान में राडा द्वारा आयोजित ऑटो एक्सपो शनिवार को शासकीय अवकाश के चलते गुलजार रहा। जिस रफ्तार से वाहनों की बिक्री व डिलीवरी हो रही है औसत प्रति दिन 1000 से ऊपर वाहन का आंकड़ा स्पष्ट दिख रहा है। जैसे कि पहले दिन 1550 वाहन बिक गई दूसरे दिन भी यही उम्मीद थी लेकिन 1157 अंतिम आंकड़े रहे। कुल मिलाकर दो दिन में 2613 वाहनों की बिक्री सभी सेग्मेंट के वाहनों को मिलाकर हुई। शनिवार को हजार से बारह सौ के लगभग बिक्री तय है। इस आधार पर दो दिन में सरकारी खजाने में 100 करोड़ से ज़्यादा पहुंच गए हैं, क्योंकि ऑटोमोबाइल इंडस्ट्रीज पर 28 प्रतिशत जीएसटी देय है। ऑटो एक्सपो में आजीवन रोड टैक्स पर 50 प्रतिशत छूट राज्य सरकार द्वारा दिए जाने से आरटीओ को भी अच्छा खासा फायदा हो रहा है।

ग्राहकों को इससे 13 करोड़ रुपए की छूट उठाने का मौका मिला है। इस लिहाज से देखें तो यह ऑटो एक्सपो सरकार, डीलर्स व कस्टमर तीनों के लिए काफी फायदेमंद साबित हो रहा है।

राडा के अध्यक्ष रविन्द्र भसीन, उपाध्यक्ष कैलाश खेमानी, सचिव विवेक अग्रवाल और कोषाध्यक्ष मुकेश सिंघानिया ने एक्सपो में हुए इस शुरुआती कारोबार के लिए राज्य सरकार व कस्टमर परिवार का आभार जताया है। हर दिन नए आयाम तय करते इस एक्सपो में पहुंचने वाले अधिकांश लोग अपनी मनपसंद वाहनों की खरीदी कर रहे हैं। रोड टैक्स में छूट की सौगात जो एक्सपो अवधि के दौरान सरकार ने दी है उसका फायदा औसतन दोपहिया वाहन में 8 फीसदी तथा फोर व्हीलर्स व कमर्शियल में 10 फीसदी का फायदा हो रहा है। आन स्पाट फाइनेंस की सुविधा भी बैंकिंग सहयोगी प्रदान कर रहे हैं, इसमें जीरो प्रोसेसिंग फी है। इसलिए ग्राहको को कोई फाइनेंशियली दिक्कत भी नहीं आ रही है। ऑटो एक्सपो में विविध प्रकार के कार्यक्रम भी रोज हो रहे हैं। शनिवार को इंटरटेनमेंट में म्यूजिकल बैंड व ड्रांस ग्रुप की शानदार प्रस्तुति से कस्टमर परिवार व विजिटर्स आनंद उठाते रहे। आने वाले दिनों में फैशन शो, क्रीज प्रतियोगिता से लेकर और भी कार्यक्रमि किए जाएंगे। रोड सेफ्टी को लेकर भी विभिन्न प्रकार के अवेयरनेस प्रोग्राम किए जा रहे हैं। ऑटो एक्सपो स्थल साइंस कालेज के विशाल मैदान में आयोजित हैं इसलिए पहुंचने वालों को पार्किंग की आसान सुविधा भी मिल रही है। कल संडे को और भी ज्यादा संख्या में लोगों की पहुंचने की संभावना को देखते हुए स्टॉल होल्डर्स ने विशेष तैयारी कर रखी है।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में आईबी ग्रुप ने बांटे हेलमेट

- वाहन चालकों ने ली यातायात नियमों के पालन की शपथ
- पुलिस प्रशासन व अमलीडीह के युवाओं ने चलाया यातायात जागरूकता अभियान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगाँव 19 जनवरी। शनिवार को 36 वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह अंतर्गत विकासखंड डोंगरगॉव के ग्राम अमलीडीह में पुलिस प्रशासन के पहल पर प्रदेश सबसे बड़े कॉर्पोरेट घराने एबिस आईबी ग्रुप द्वारा दोपहिया वाहन चालकों को एक सौ पचास नग हेलमेट का वितरण किया गया। साथ ही सभा उपस्थित सभी से यातायात नियमों का पालन करने और करवाने का शपथ दिलाया गया। पुलिस प्रशासन द्वारा ग्राम अमलीडीह में यातायत जागरूकता के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम मे संबोधित करते हुए आई बी ग्रुप की वाइस प्रेसिडेंट डॉ. फाल्गुनी बनर्जी ने बताया कि, बीते वर्ष कुल एक लाख सत्तर हजार सड़क दुर्घटनाएं हुई है, जिनमे एक लाख नौ सौ मौतें दोपहिया वाहन दुर्घटना में हुई। इसमें मौतों बड़ा कारण हेलमेट नहीं लगाना है। उन्होंने बताया कि, एक दुर्घटना से पूरा परिवार बिखर जाता है। यह आईबी ग्रुप का एक छोटा सा प्रयास है जो सभी के सहयोग से अपने लक्ष्य तक पहुंचेगा। डॉ फाल्गुनी ने कहा कि हमें हेलमेट चालान से बचने के लिए नहीं बल्कि अपने जीवन की सुरक्षा के लिए लगाना चाहिए। टीआई डोंगरगांव अवनीश श्रीवास ने लाभार्थियों को अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने को कहा तथा यातायात नियमों की जानकारी। आयोजन में जनपद सदस्य श्रीमती चंद्रिका रोहित सोनकर , आईबी समूह वाइस प्रेसिडेंट डॉ फाल्गुनी बैनर्जी,टोलागांव प्लांट के जीएम राजेश धमके, कॉर्पोरेट सुरक्षा प्रमुख सोमनाथ बालाधिकारी, प्रेस क्लब डोंगरगांव के अध्यक्ष सरपंच हेमलता कुटारे, रोहित सोनकर, दीना पटेल, समाज सेवी सिद्दीक बडगुजर हेलमेट संगवारी के प्रणेता धर्मेंद्र साहू, चैन सिंह पटेल,निर्भय पटेल,सोनू साहू, वासदेव निषाद,रोहित साहू,कन्हैया सोनकर , नंदू , राजेंद्र पटेल ,सहित अन्य वरिष्ठजन और युवा सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

वाशरूम में छात्रा के वीडियो रिकार्डिंग पर डा.रमन मौन क्यों: कुलबीर

राजनांदगांव 19 जनवरी। जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हुई घटना को लेकर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने प्रेसवार्ता लेते हुए कहा कि नर्सिंग होम के टॉयलेट में एक आरोपी जो सफाईकर्मी का काम करता था उनके द्वारा विगत 14 जनवरी का मोबाइल से वीडियो रिकार्डिंग की घटना हुई जो कहा जाए तो कालेज प्रबंधन की घोर लापरवाही और भाजपा सरकार की खामोशी दुर्भाग्यजनक है। इस पर छात्रों द्वारा तत्काल प्राचार्य को इस विषय पर जानकारी दी गई किन्तु 02 दिन बाद कॉलेज प्राचार्य द्वारा मेडिकल कॉलेज अस्पताल की डीन को पत्र लिखा गया। जबकि इस तरह की घटना पर त्वरित कार्यवाही होनी चाहिए थी। वहीं ऐसी घटना पर स्थानीय विधायक डा.रमन सिंह व भाजपाइयों नेताओं को ज्ञात होने के बावजूद चुप रहना बड़े ही दुर्भाग्य की बात है। यह घृणित कार्य वीडियो बनाने का कितने समय से चल रहा है कितने वीडियों बनके पेनड्राइव में किसी को बेचा गया और कई लोग ब्लैकमेल हो रहें होंगे हो सकता है। दूर-दूर से अपने बीमारी का इलाज कराने मरीज अस्पताल आते हैं, इसी तरह प्रसुतिगृह से लेकर बेहोशी में कई मरीज रहते हैं। यह सब घटनाक्रम मेटास कंपनी के कितने लोग इस कार्य में लिप्त होगे पता नहीं। डॉ.रमन सिंह के निर्वाचन क्षेत्र में यह घटना के बाद भाजपा के लोगों ने गहराई से इस विषय को नहीं लिया है। जहां बहू-बेटियों की इज्जत की बात हो ऐसे विषय को तत्काल संज्ञान में लेकर बहुत बड़ी कार्यवाही करना चाहिए। शहर अध्यक्ष श्री छाबड़ा ने कहा कि मेरे द्वारा शुरू से ही अपूर्ण मेडिकल कालेज के लोकार्पण को लेकर यह बातें की जा रही है की मेडिकल कॉलेज की कमियों एवं सुरक्षा के लिए ध्यान देना जरूरी है।

विष्णु की पाती मिलने से आवास लाभार्थी हुए खुश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 19 जनवरी। प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नवीन पहल करते हुए विष्णु की पाती नाम से शुभकामना संदेश पत्र दिया है। राजनांदगांव सीमाक्षेत्र के लगभग 8 हजार आवास लाभार्थियों को कलेक्टर व प्रशासक श्री संजय अग्रवाल तथा निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा के मार्ग दर्शन में विष्णु की पाती भेजा गया। विष्णु की पाती मिलने से आवास योजना के लाभार्थियों में खुशी की लहर है। लाभार्थी जहा एक ओर प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत अपने स्वयं के आवास का सपना साकार कर प्रधानमंत्री जी का आभार व्यक्त कर रहे है, वही विष्णु की पाती मिलने से आवास लाभार्थी प्रसन्न हो रहे है कि मुख्यमंत्री ने हमारी सुध लेकर हमे शुभकामना संदेश भेजा।

विष्णु की पाती मिलने पर मोतीपुर निवासी श्रीमती लक्ष्मी कडव ने कहा कि कच्चे मकान में रहते थे जिससे पानी बरसात में बहुत परेशानी होती थी। प्रधानमंत्री आवास योजना की जानकारी हुई और मैने मोर जमीन मोर मकान योजना में मकान बनाने नगर निगम में आवेदन दी, हमारा आवेदन स्वीकृत हुआ और हमारा खुद का नया मकान बन कर तैयार हो गया, जो मेरे लिये सपना से कम नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी जी ने हमारी चिंता की उसी प्रकार मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी ने भी हमारी पीडा को समझा और हमारा नया आवास बनने से उन्होंने हमारे घर शुभकामना पत्र भेजा। लक्ष्मी कडक ने बताया कि जब मेरे घर पत्र आया तो मुझे विश्वास नही हुआ कि मुख्यमंत्री जी का पत्र आया है। ऐसे चिंता करने वाले मुख्यमंत्री जी का मै हृदय से आभार करती हूँ। स्टेशन पारा के श्री दीपक खोब्रागढे खुश होकर बताते है कि हमारा परिवार कभी सोचा भी नहीं था कि हमारा खुद का पक्का मकान होगा। लेकिन प्रधानमंत्री आवास योजना से आज मैं और मेरा परिवार सर्वसुविधायुक्त नया मकान में रह रहे है। अति समान्य परिस्थिति में जीवन जीने वाला हमारा परिवार को पक्के मकान के लिये आस जगी और मेरी माँ श्रीमती शशिकला खोब्रागढे के नाम से आवास की स्वीकृति प्राप्त हुई और हमारा नया मकान बना।

समाचार संक्षेप

जिला पंचायत पटेवा से प्रतीक्षा सूर्यकांत भंडारी की प्रबल दावेदारी

राजनांदगांव 19 जनवरी। भाजपा नेत्री एवं निवर्तमान जनपद पंचायत अध्यक्ष राजनंदगांव श्रीमती प्रतीक्षा सूर्यकांत भंडारी को जिला

पंचायत सदस्य बनाए जाने की मांग क्षेत्र क्रमांक 1 पटेवा के ग्रामीणों ने जोरदार ढंग से उठाई है। क्षेत्र की ग्रामीणों की मांग पर श्रीमती भंडारी ने पार्टी आला कमान से अपनी दावेदारी भी ठोक दी है। उनकी इस दावेदारी और क्षेत्रवासियों के मांग से विरोधी खेमे में खलबली मच जाने के समाचार है। वर्तमान पद - अध्यक्ष, जनपद पंचायत राजनांदगांव, जनपद सदस्य क्षेत्र क्रं. 22, ठाकुरटोला। उपाध्यक्ष, जिला भाजपा महिला मोर्चा राजनांदगांव। सन् 2015 से 2020 तक जनपद सदस्य क्षेत्र क्रं. 10, भांठागांव, राजनांदगांव कार्यानुभव - सामाजिक एवं राजनीतिक गतिविधियों में निरंतर कार्यरत जिसमें ग्राम पंचायत स्तरीय महिला समूहों के साथ मिलकर नशा मुक्ति एवं ग्रामीण विकास आदि कार्यक्रमों में सहयोग। सन् 2014-15 से भारतीय जनता पार्टी के बैनर में महिला समूह एवं महिला मोर्चा के तहत ग्रामीण मंडल एवं जिला स्तरीय संगठनात्म कार्यक्रमों में सहभागिता रही। जिला एवं मंडल भाजपा द्वारा महिला मोर्चा के माध्यम से शराब बंदी, किसान आंदोलन। प्रधानमंत्री आवास की मांग, आरक्षण एवं धर्मान्तरण जैसे मुद्दों को लेकर राज्य सरकार के विरोध में धरना प्रदर्शन एवं आंदोलन में सहभागिता।

बैगा पारा वार्ड से दुलारी बाई साहू ने की दावेदारी

राजनांदगांव 19 जनवरी। नगर निगम के लखोली क्षेत्र के आधा दर्जन वार्डों में क्षेत्र क्रमांक 33 बैगा पारा लखोली से निवर्तमान कांग्रेस पार्षद दुलारी बाई साहू ने कांग्रेस से पुनः प्रबल दावेदारी कर दी है। इससे पार्टी के अन्य दावेदारों सहित विपक्षी पार्टी के दावेदारों की चिंता बढ़ गई है। श्रीमती साहू ने भले तीसरी तक पढ़ाई की है लेकिन राजनीतिक पाठशाला में उन्होंने कांग्रेस की समर्पित कार्यकर्ता रहते हुए जिम्मेदारी से

लगातार 10 वर्षों तक निभाई है उन्होंने वार्ड विकास के प्रती गंभीरता से ध्यान दिया कई समस्याओं का निराकरण किया जिसकी वजह से आज वार्ड की जनता खुश है अब वे रुके हुए निर्माण विकास कार्यों को पूरा करने कृत संकल्पित है बुनियादी जरूरत को काफी हद तक पूरा करने के बाद भी रही सही समस्याओं का निराकरण करने वचनबद्ध है। राजनितिक गतिविधियाँ- पार्षद सन् 2014 से 2019 (वार्ड नं.33 बैंगापारा)। पार्षद सन् 2019 से 2024 (वार्ड नं.33 बैंगापारा वर्तमान पार्षद)। 2006 से कांग्रेस पार्टी का सक्रिय सदस्य व सामान्य कार्यकर्ता। शहर कांग्रेस महिला उत्तर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में सक्रिय सदस्य राजनांदगांव। सन् 2010 से 2013 तक वार्ड बूथ अध्यक्ष लखोली। वर्तमान पद में वार्ड अध्यक्ष लखोली। वर्तमान पद बाजार विभाग चेयरमैंन। वर्ष 2014-15 में 55 प्रतिशत से ज्यादा वोट प्राप्त हुए। सामाजिक गतिविधियाँ -राजनांदगांव जिला साहू संघ का पदाधिकारी। साहू समाज लखोली परिक्षेत्र की प्रमुख पदाधिकारी। 300 से अधिक महिलाओं का महिला स्व सहायता समूह की अध्यक्ष। शासकीय लखोली स्कूल में जनभागीदारी समिति सदस्य ।

वार्डवासियों की पहली पसंद सादिक खान ने की दावेदारी

राजनंदगांव 19 जनवरी। कांग्रेस के सादिक खान (पिंकू) ने पार्टी पर्यवेक्षक शैलेश नितिन त्रिवेदी के समक्ष रानी लक्ष्मी बाई वार्ड शांति नगर वार्ड

नंबर 10 के पार्षद पद की टिकट के लिए दमखम के साथ दावेदारी ठोकी है। यह वर्ड अभी आरक्षण में सामान्य वर्ग हुआ है। श्री खान के प्रबल दावेदारी से वार्ड की जनता में प्रसन्नता की लहर दौड़ पड़ी है। राजनीति में उत्तरदायित्व - वर्ष 2000 से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी में अपनी सदस्यता ग्रहण किया। वर्ष 2008 में कांग्रेस वार्ड अध्यक्ष राजनांदगाँव। वर्ष 2009 में युवा कांग्रेस महामंत्री। वर्ष 2012 से 2014 तक शहर उपाध्यक्ष, अल्प सं यक प्रकोष्ठ विभाग। वर्ष 2014 से राजीव फैंस क्लब उपाध्यक्ष । वर्ष 2016 से युथ कांग्रेस वार्ड अध्यक्ष । वर्ष 2017 से वर्तमान तक शहर जिला कांग्रेस सचिव । वर्ष 2019 से वर्ष 2023 तक अल्पसं यक प्रकोष्ट प्रदेश सचिव । वर्ष 2022 से राजीव युवा मितान का वार्ड अध्यक्ष । सामाजिक उत्तरदयित्व-रामनाम सत्ता समिति, शांतिनगर, राजनांदगांव का पूर्व अध्यक्ष । वर्ष 2019 तक सिरतुत्रबी कमेटी राजनांदगांव का कोषाध्यक्ष ।

यातायात पुलिस ने नुक्कड़ नाटक से किया यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक

राजनांदगांव 19 जनवरी। 17 जनवरी को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति.पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में यातायात टीम एवं प्र.आर. मनीष सिंह की उपस्थिति में युवोदय स्वयंसेवियों द्वारा शहर के चौक-चौराहों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दुपहिया वाहन चलाते समय तीन सवारी न चलने, मोबाईल से बात नही करने एवं वाहन चलाते समय यातायात के नियमों का पालन करने जागरूक करने का प्रयास किया गया। उक्त नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम में युवोदय राजनांदगांव के विनोद कुमार टेम्बुकर, युगलकिशोर साहू, विभा साहू, कुसुम साहू एवं अन्य स्वयंसेवी उपस्थित रहे। यातायात जागरूकता अभियान के तहत कमलादेवी राठी महाविद्यालय राजनांदगावं में लगभग 100 शिक्षक एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति में यातायात पुलिस सउनि कमल किशोर श्रीवास्तव आरक्षक ओमप्रकाश सिन्हा एवं संदीप कुर्रे द्वारा यातायात नियमों का प्रचार-प्रसार के साथ यातायात नियमों के बारे में बताया गया साथ ही सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली दुष्परिणामों के बारे में बताते हुए सड़क सुरक्षा संबंधी सावधानियों के संबंध में यातायात का पाठ पढ़ाया एवं यातायात नियमों का पालन करने अपील की गयी। साथ ही राजनांदगांव यातायात पुलिस की आम लोगो से अपील है कि आप अपने परिवार एवं स्वयं के सुरक्षा के लिए बिना हेलमेट दुपहिया वाहन न चलायें, दुपहिया वाहन में तीन सवारी न चले, वाहन चलाते समय मोबाईल मे बात न करे, तेज गति से वाहन न चलाये।

प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में शामिल होंगे सार्थक जैन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 19 जनवरी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों के तनाव और डर को दूर करने के लिए को नई दिल्ली में आयोजित होने वाले कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा के आठवें संस्करण के लिए राजनांदगांव जिले से पीएमश्री सर्वेश्वरदास नगर पालिक निगम उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय राजनांदगांव के कक्षा 11वीं के विद्यार्थी सार्थक जैन का चयन हुआ है। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल से कलेक्टोरेट के कलेक्टर कक्ष में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए नई दिल्ली रवाना होने से पहले विद्यार्थी सार्थक जैन ने मुलाकात की। कलेक्टर ने सार्थक जैन को परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। साथ ही मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह से जिला पंचायत के सीईओ कक्ष में सार्थक जैन ने भेंट की। सीईओ जिला

पंचायत ने सार्थक जैन को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए शुभकामनाएं दी। उल्लेखनीय है कि परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रदेश में लगभग 20 लाख विद्यार्थियों का पंजीयन हुआ है। जिले से लगभग 75 हजार विद्यार्थी, शिक्षक एवं पालकों ने पंजीयन किया है। इस वर्ष पंजीयन के बाद अलग-अलग थीम पर परीक्षा से जुड़े मुद्दों पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं और यह कार्यक्रम अलग-अलग स्थानों पर आयोजित हो रहे है। 12 एवं 13 जनवरी को दिल्ली कार्यक्रम के बाद अंत में बच्चे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से रूबरू होंगे। राजनांदगांव के सार्थक जैन का चयन ध्यान व स्मृति का निर्माण-खेल मानसिकता के थीम के लिए हुआ है।

महिलाओं के कानूनी अधिकार विषय पर पांच दिवसीय कार्यशाला का हुआ समापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगांव 19 जनवरी। विगत दिनों केंद्र सरकार की योजना प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा योजना (पी एम उषा) के तहत लिंग समावेशन और समानता पहल 2023- 2026 के अंतर्गत नोडल केंद्र शासकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के तत्वाधान में शासकीय बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव में महिलाओं के कानूनी अधिकार विषय पर पांच दिवसीय कार्यशाला का समापन 18 जनवरी 2025 को किया गया जिसमें मुख्य प्रबक्ता के रूप में जिला एवम् सत्र न्यायालय राजनांदगांव के अधिवक्ता श्री महेंद्र सिंह ठाकुर उपस्थित रहें। उन्होंने महिलाओं के कानूनी अधिकार पर अपना व्याख्यान दिया ।

भारतीय न्याय संहिता एवम् भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में निहित महिलाओं से जुड़े प्रावधानों पर विस्तृत चर्चा किया । संपत्ति का अधिकार के बारे में उन्होंने बताया कि महिलाओं

को भी पैतृक संपत्ति एवम विवाह के उपरांत पति की संपत्ति में बराबर अधिकार है ,घरेलू हिंसा रोकथाम अधिनियम 2005 ,दत्तक अधिनियम, जमानती अपराध और गैर जमानती अपराध पर विस्तार से अपनी बात रखी साथ ही टोनही प्रताड़ना रोकथाम अधिनियम के बारे में जानकारी दिया कि किसी महिला को टोनही कहना एक अपराध की श्रेणी में आता है, किसी भी महिला को संतान के लिए प्रताड़ित नही किया जा सकता , कार्यस्थल पर भी महिलाओं को समान अधिकार है उन्हे प्रसूति के समय अवकाश लेने का अधिकार प्राप्त है।

जियोर्जिया एंड्रियानी ने अपनाई भारतीय संस्कृति

अभिनेत्री जियोर्जिया एंड्रियानी, जो अपनी खूबसूरती और आकर्षण के लिए जानी जाती हैं, 2025 की शुरुआत एक नए उत्साह और खुद को बेहतर बनाने के संकल्प के साथ कर रही हैं। अपने इस साल के फोकस को खुद पर केंद्रित करते हुए, जियोर्जिया ने अपनी कलात्मक यात्रा को आगे बढ़ाने के लिए भारतीय शास्त्रीय नृत्य ₹कथकऱ सीखने का फैसला किया है। उन्होंने कथक की ट्रेनिंग मशहूर कथक नृत्यकार और बॉलीवुड कोरियोग्राफर *राजेंद्र चतुर्वेदी* के मार्गदर्शन में शुरू की है। राजेंद्र चतुर्वेदी बनारस घराने की शैली के कलागुरु हैं और गोपी कृष्ण और सितारा देवी जैसे महान कलाकारों से प्रेरित हैं। वे नटराज गोपी कृष्ण इंस्टीट्यूट चलाते हैं और कई प्रसिद्ध कलाकारों को प्रशिक्षित कर चुके हैं। इसके साथ ही वे फिल्मों, टीवी, और विज्ञापनों में शास्त्रीय और आधुनिक कला के बेहतरीन मिश्रण के लिए भी जाने



जाते हैं। जियोर्जिया एंड्रियानी ने अपने कथक सीखने की शुरुआत को अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज के जरिए दिखाया। इन वीडियो में उनकी नृत्य कला और सीखने के प्रति समर्पण साफ नजर आता है। वीडियो में वह पारंपरिक कपड़ों में बहुत सुंदर लग रही थीं। उन्होंने एक साधारण कुर्ती और लेगिंग के साथ सफेद दुपट्टा पहना हुआ था, जो उनकी सादगी को और भी खास बना रहा था। उनके पैरों में घुंघरू बंधे थे, जो हर कदम के साथ खूबसूरत ध्वनि उत्पन्न कर रहे थे। बाल खुले हुए थे, जो उनकी प्राकृतिक खूबसूरती को और निखार रहे थे। कथक सीखने का यह कदम जियोर्जिया के नए चैलेंज को अपनाने और भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़ने के उनके जुनून को दिखाता है। गुरु राजेंद्र चतुर्वेदी और जियोर्जिया के इस सहयोग से यह साफ होता है कि परंपरा और आधुनिक कला का मेल कितना खूबसूरत हो सकता है। कथक सीखकर जियोर्जिया न सिर्फ अपनी स्किल्स बढ़ा रही हैं, बल्कि यह भी दिखा रही हैं कि कला कैसे संस्कृतियों को जोड़ सकती है। उनकी यह यात्रा हमें यह याद दिलाती है कि परंपरा और रचनात्मकता की कोई सीमा नहीं होती। उनकी मेहनत ने भारतीय शास्त्रीय कला की सुंदरता को समझने और अपनाने के लिए कई लोगों को प्रेरित किया है।

'वागले की दुनिया' में सस्पेंस चरम पर है

सोनी सब का 'वागले की दुनिया - नई पीढ़ी नए किस्से' मध्यवर्गीय वागले परिवार के दैनिक संघर्षों और जीत को दर्शाता है। हाल के एपिसोड में वंदना (परिवा प्रणति) की भतीजी की शादी उस समय संकट में पड़ जाती है, जब उनकी बुक की गई जगह आखिरी समय में रद्द हो जाती है। मदद करने के लिए राजेश (सुमीत राघवन) साईं दर्शन सोसाइटी के सामुदायिक हॉल को वैकल्पिक स्थान के रूप में पेश करता है। हालांकि, चीजें तब और बिगड़ जाती हैं, जब एक अन्य निवासी उसी दिन प्रार्थना सभा का कार्यक्रम तय करता है। मौके का फायदा उठाते हुए राजेश यह सुनिश्चित करता है कि दोनों कार्यक्रम सुचारू रूप से हों, बगीचे में प्रार्थना सभा और हॉल में शादी। आगामी एपिसोड में वागले परिवार में एक चौंकाने वाला मोड़ आता है, जब विद्या (सुकन्या सुर्वे) और मनोज (विपुल देशपांडे) के जुड़वां बच्चों का अपहरण कर लिया जाता है। परिवार उनकी तलाश में जुट जाता है और यह उन्हें सीसीटीवी फुटेज तक लेकर जाती है, जिसमें एक रहस्यमय महिला मुन्नी किडनैपर के तौर पर नजर आती है। राजेश वागले आगे बढ़कर मामले को अपने हाथ में लेता है। पुलिस के साथ और इंस्पेक्टर के वेश में वह बच्चों को बचाने के लिए मुन्नी के अड्डे पर जाता है। आगामी कहानी दर्शकों को अपनी सीटों से बांधे रखेगी, और वे यह जानने के लिए उत्सुक होंगे कि क्या राजेश अपराधियों को चकमा देकर जुड़वा बच्चों को सुरक्षित घर ला पाएगा? राजेश वागले की भूमिका निभाने वाले सुमित राघवन ने कहा, ₹राजेश के रूप में पुलिस इंस्पेक्टर की पोशाक में कदम रखना एक असामान्य और रोमांचक मोड़ था। साथ ही, यह एक भावनात्मक क्षण था क्योंकि राजेश एक पिता की पीड़ा का अनुभव करता है। खुद एक पिता होने के नाते वह अपने भाई के दर्द को महसूस करता है और अपनी भतीजी और भतीजे को बचाने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार है। यह एक ऐसी कहानी है जो हम अपने प्रियजनों के लिए करते हैं, और मुझे उम्मीद है कि दर्शक उन भावनाओं और तीव्रता से जुड़ेंगे जिन्हें हमने चित्रित करने की कोशिश की है।

विदिशा श्रीवास्तव ने 'गोरी मेम' कहे जाने पर दी खास प्रतिक्रिया

मुंबई, जनवरी 2025: विदिशा श्रीवास्तव, जो एण्डटीवी के पॉपुलर शो 'भाबीजी घर पर हैं' में अनीता भाबी का किरदार निभाने के लिए जानी जाती हैं, अपनी खूबसूरती, समझदारी और आत्मविश्वास से दर्शकों का दिल जीतती आ रही हैं। लेकिन क्या विदिशा की असल जिंदगी की शख्सियत उनकी ऑन-स्क्रीन आइकॉनिक किरदार अनीता भाबी से मेल खाती है? इस खास इंटरव्यू में विदिशा ने अपनी अब तक की यात्रा, चुनौतियों और अनीता भाबी के किरदार को जीवंत बनाने के पीछे के राज बताये।

ऐक्टर होने की सबसे अच्छी बात आपको क्या लगती है?

ऐक्टिंग मुझे लोगों के साथ जुड़ने और अलग-अलग किरदारों को जीवंत बनाने का एक मंच देती है। सबसे संतोषजनक बात यह है कि इसकी मदद से मैं लोगों का मनोरंजन कर पाती हूं। किसी को मुस्कुराते हुए देखना या मेरे काम से जुड़ते हुए महसूस करना, इससे बड़ी खुशी और कुछ नहीं हो सकती। इससे बहुत संतुष्टि मिलती है।

यदि आप ऐक्टर नहीं होती, तो क्या होतीं?

मैं शायद मॉडलिंग जारी रखती या फिर इमेज कोच के तौर पर कॅरियर बनाती। मेरी दिलचस्पी हमेशा से स्टाइल, ग्रूमिंग और पर्सनल प्रजेंटेशन में रही है। दूसरों को आत्मविश्वास से भरपूर महसूस करने और अपनी बेहतरीन छवि प्रस्तुत करने में मदद करना मुझे बहुत संतोषजनक लगता है। एक तरह से, यह कुछ-कुछ वैसा ही है, जैसा अनीता भाबी शो में करती हैं!

विदिशा और अनीता भाबी में क्या अंतर है?

अनीता भाभी बोल्ड, आत्मविश्वास से भरपूर और बेबाक हैं, जबकि मैं असल जिंदगी में ज्यादा जमीन से जुड़ी हुई और इंट्रोवर्ट हूं। अनीता का किरदार निभाना मुझे अपने कम्फर्ट जोन से बाहर निकलने की चुनौती देता है, और मुझे यह बहुत पसंद है! उसे साकार करना और उसकी शान और आकर्षण में गहराई जोड़ना रोमांचक है।

क्या इतने आइकॉनिक किरदार को निभाने का दबाव महसूस हुआ?

बिल्कुल! अनीता भाबी का किरदार मुझसे पहले दो अद्भुत अभिनेत्रियों ने बेहद खूबसूरती से निभाया है, इसलिए उम्मीदें बहुत ज्यादा थीं। मैंने इस रोल को एक मौके की तरह लिया, जहां मैं इस लोकप्रिय किरदार में अपनी खुद की छाप जोड़ सकूं। फैंस से मिला जबरदस्त प्यार और सपोर्ट मेरे लिए बेहद प्रेरणादायक और सम्मानजनक रहा है।

कॉमेडी एक चुनौतीपूर्ण जोनर है। आपने इसे कैसे अपनाया?

कॉमेडी वाकई अपने साथ कई चुनौतियां लेकर आती है, लेकिन मुझे अपनी सीमाओं को तोड़ना और कुछ नया करना पसंद है। 'भाबीजी घर पर हैं' का हिस्सा बनना मेरे कॅरियर के सबसे संतोषजनक फैसलों में से एक है। मुझे अनीता भाबी के किरदार में

ढलने की पूरी प्रक्रिया भी बहुत पसंद है। हर लुक और हर आउटफिट उनके व्यक्तित्व में एक नई परत जोड़ता है, जिससे चीजें हमेशा रोमांचक बनी रहती हैं।

अनीता भाबी अपनी ग्लैमरस स्टाइल के लिये मशहूर हैं। उनके लुक में आपका कितना योगदान है?

आपको यह जानकार हैरानी होगी कि पर्दे पर आप अनीता भाबी के जितने मेकअप और हेयरस्टाइल्स देखते हैं, उनमें से ज्यादातर मैं खुद करती हूं। इसके अलावा, मैं आउटफिट्स और एसेसरीज़ चुनने पर भी ध्यान देती हूं। यह एक क्रिएटिव काम है, लेकिन मुझे इसमें मजा आता है, क्योंकि इस तरह मैं अनीता के बोल्ड और सौम्य व्यक्तित्व में अपना पर्सनल टच दे पाती हूं। जब फैन्स से तारीफ मिलती है, तो ऐसा लगता है कि सारी मेहनत सफल हो गई।

'गोरी मेम' कहे जाने पर आप कैसा महसूस करती हैं?

(हंसते हुये) मुझे बहुत अच्छा लगता है और यह अब मेरा दूसरा नाम बन गया है। चाहे मैं सेट पर रहूं या नहीं, लोग अक्सर मुझे 'गोरी मेम' के नाम से बुलाते हैं और मुझे यह पसंद है। मेरे दोस्त और परिवार के कुछ लोग भी मुझे 'गोरी मेम' कहकर बुलाते हैं। यह इस किरदार की लोकप्रियता का ही कमाल है और मुझे इस पर बहुत गर्व है।

क्या अनीता भाबी की तरह आप भी रियल लाइफ में फिटनेस को लेकर सजग हैं?

बिल्कुल! मेरे लिए फिटनेस का मतलब है अंदर और बाहर दोनों ही जगह से अच्छा महसूस करना। मैं खुशकिस्मत हूं कि मेरा मेटाबॉलिज्म बहुत अच्छा है, जिसका मुझे फायदा जरूर मिलता है, लेकिन मैं हमेशा अपने खाने-पीने का ध्यान रखती हूं और ढेर सारा पानी पीती हूं। योग मेरे डेली रूटीन का अहम हिस्सा है। मैं अपने दिन की शुरुआत योग से करती हूं। भले ही दिन कितना भी व्यस्त या थकावट भरा हो, मैं डिनर के बाद वॉक के लिए जरूर समय निकालती हूं।

छत्तीसगढ़ी फिल्मों के त्रिदेव ने वितरण में श्री गणेश किया RLR सिनेमा नाम से

रायपुर। इस साल की सबसे बड़े बजट की फिल्म सुपरस्टार अमलेश नागेश ,एल्सा घोष अभिनीत निर्माता पिंटू मोबाइल प्रस्तुत और जाने माने निर्देशक प्रणव झा की फिल्म टीना टप्पर का प्रदर्शन 24 जनवरी 2025 से सिनेमाघर में होगा.इस फिल्म से सिनेमा एक्जीबिटर्स में सबसे बड़ा नाम जो उभर कर सामने आया है RLR सिनेमा जो भिलाई का प्रतिष्ठित मौर्या चंद्रा सिनेमा को नए रूप रंग में मल्टीप्लेक्स बनाकर चला रहे हैं और छत्तीसगढ़ के कई सिनेमाघरों का संचालन कर रहे हैं. फिल्म इंडस्ट्रीज में त्रिदेव के नाम से मशहूर राज , लक्की, राकेश बोले तो RLR सिनेमा के नाम से फिल्म डिस्ट्रीब्यूशन की ओर अपने कदम बढ़ा लिए हैं उनके द्वारा फिल्म टीना टप्पर का वितरण सिनेमाघरों में किया जाएगा.RLR सिनेमा के पार्टनर्स छत्तीसगढ़ फिल्मी दुनिया की तीन नामचीन हस्थियां है.राकेश मिश्रा जो एक प्रतिष्ठ डिजिटल कंपनी से जुड़े हैं जहाँ हर छत्तीसगढ़ी फ़िल्मों को डाउनलोड कर प्रसार

किया जाता है , लकी रंगशाही जो छत्तीसगढ़ी और हिंदी फिल्मों के वितरक और सिनेमा चैन का संचालन कर रहे हैं.और राज वर्मा जो एक प्रसिद्ध निर्माता निर्देशक और अभिनेता है जिन्होंने छत्तीसगढ़ी फिल्म इंडस्ट्री में अपनी अलग पहचान बनाई है

इन तीनों का उद्देश्य छत्तीसगढ़ के सिनेमाघर जो विलुप्त हो रहे हैं उन्हें जीवंत कर संचालन करने का बीड़ा उठाया है , जिसे ना केवल सिनेमा मालिकों द्वारा सराहा जा रहा है बल्कि इससे छत्तीसगढ़ी सिनेमा को बहुत लाभ मिल रहा है

अब इसके साथ में फिल्म का वितरण भी करेंगे , यानी सोने पे सुहागा वाली बात -अगर सही मायनों में देखें तो आज छत्तीसगढ़ के सबसे ज़्यादा सिनेमा की बुकिंग इसी ग्रुप के पास है , यानी किसी निर्माता का इन तक पहुँच जाना ही इस बात को तय कर देगा कि उसकी फ़िल्म भव्यता के साथ छत्तीसगढ़ के हर सिनेमा में रिलीज़ होगी । साथ ही आर एल आर सिनेमा के संचालकों ने यह भी बताया कि फ़िल्म के निर्माताओं पर पड़ने वाले वितरक की फ़ीस का भार भी बहुत कम रहेगा जिससे निर्माताओं को लाभ होगा ।

"जिस दृश्य में मैं बालकनी से गिरती हूं, उसके लिए शारीरिक और मानसिक रुप से कड़ी तैयारी की आवश्यकता थी

सोनी सब अपने प्रगतिशील और प्रेरक शो के लिए जाना जाता है। पुष्पा इम्पॉसिबल भी इसका अपवाद नहीं है। यह शो पुष्पा (करुणा पांडे) की प्रेरक यात्रा पर प्रकाश डालता है, जो एक अकेली माँ है। वह जीवन की चुनौतियों का सामना मजबूती और सकारात्मकता के साथ करती है। बापोदरा (जयेश भरभरा) की प्यारी बेटी और पुष्पा की बहू प्रार्थना (इंद्राक्षी कांजीलाल) शो में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। अपने दयालु स्वभाव के लिए जानी जाने वाली प्रार्थना अपने पिता बापोदरा के साथ एक मजबूत रिश्ता साझा करती है, जो उसका अटूट समर्थन और सबसे प्रबल समर्थक है। शो में बापोदरा और दिलीप पटेल (जयेश मोरे) के बीच तीखी बहस हो जाती है। उन्हें शांत करने की कोशिश करते हुए प्रार्थना दुखद रूप से बालकनी से गिर जाती है। इससे सभी चौंक जाते हैं। इंद्राक्षी ने इस गहन दृश्य को प्रामाणिक और प्रभावशाली बनाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया। हालांकि, यह नर्वस करने वाला था, लेकिन उसने इस चुनौती को उत्साह के साथ स्वीकार किया। यह इस तरह का साहसी सीक्वेंस करने का उसका पहला मौका भी था। इंद्राक्षी ने चुनौतीपूर्ण शॉट के अपने अनुभव के बारे में कहा, हाल ही में बालकनी दुर्घटना के दृश्य को फिल्माना लगभग एक भावनात्मक रोलरकोस्टर की तरह था।

किआ इंडिया ने भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में पेश की नई EV6

नई दिल्ली. भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में किआ इंडिया ने अपनी नई EV6 का अनावरण किया। कंपनी ने घोषणा की है कि इस इलेक्ट्रिक वाहन की बुकिंग आज से शुरू हो गई है। यह वाहन किआ की इलेक्ट्रिक मोबिलिटी यात्रा का एक और महत्वपूर्ण कदम है। नई किआ EV6 सुरक्षा के नए मानक स्थापित करती है। यह वाहन कंपनी के ADAS 2.0 पैकेज से लैस है, जिसमें 27 उन्नत सुरक्षा और ड्राइवर असिस्टेंस फीचर्स शामिल हैं। पिछले मॉडल की तुलना में इसमें 5 नई सुविधाएं जोड़ी गई हैं, जो इसे और भी बेहतर बनाती हैं। नई किआ EV6 में ये उन्नत सुरक्षा फीचर्स दिए गए हैं: इनमें फ्रंट कोलिजन अवॉइडेंस असिस्ट (FCA): शहर, पैदल यात्री, साइकिल चालक और जंक्शन टर्निंग के लिए; फॉरवर्ड कोलिजन अवॉइडेंस (FCA): जंक्शन क्रॉसिंग और लेन चेंज असिस्ट के साथ, लेन फॉलो असिस्ट (LFA): वाहन को लेन में बनाए रखने के लिए, इवेसिव स्टीयरिंग असिस्ट: टक्कर से बचने के लिए शामिल हैं। ये सभी फीचर्स कंपनी के प्रमुख मॉडल EV9 से प्रेरित हैं और टक्कर सुरक्षा, संरचनात्मक मजबूती, और यात्रियों की सुरक्षा को और बेहतर बनाते हैं। किआ की फ्लैगशिप इलेक्ट्रिक एसयूवी EV9 ऑटोमोटिव इंडस्ट्री में तकनीक और नवाचार के नए मानक स्थापित कर रही है। इस वाहन ने प्रतिष्ठित WCOTY 2024 (वर्ल्ड कार ऑफ द ईयर) का खिताब जीतने के साथ ही अपनी जगह और मजबूत कर ली है। EV9 में 99.8 kWh की बैटरी लगाई गई है, जो एक बार चार्ज करने पर 561 किमी तक की रेंज देती है।

हिमानी शिवपुरी ने अपने पैतृक गांव को गोद लिया

हिमानी शिवपुरी को एण्डटीवी के शो 'हप्पू की उलटन पलटन' में कटोरी अम्मा की उनकी भूमिका के लिए बेहद पसंद किया जा रहा है। वह न केवल एक प्रसिद्ध अभिनेत्री हैं बल्कि एक नेकदिल इंसान भी हैं, जो अपनी जड़ों से जुड़ी हुई हैं। हाल ही में उन्होंने प्रवासी उत्तराखंडी परिषद के सहयोग से अपने पैतृक गांव भटवाड़ी, जो उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में स्थित है, को गोद लिया। उन्होंने अपने गृहक्षेत्र के प्रति आभार व्यक्त करते हुये यह बड़ा कदम उठाया है। उनका उद्देश्य खासतौर से गांव को पुनर्जीवित करना और स्थायी अवसरों का निर्माण करना है, क्योंकि काम की तलाश में कई युवा शहरों की ओर पलायन कर चुके हैं। इससे गांव में ज्यादातर बुजुर्ग आबादी, जिसमें कई वृद्ध महिलाएं शामिल हैं, बची रह गई हैं। हिमानी का यह प्रयास विकास, स्थायित्व, और अपने प्रिय गांव भटवाड़ी की विरासत को संजोने की उनकी गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस सार्थक पहल के बारे में बताते हुये, हिमानी शिवपुरी ऊर्फ कटोरी अम्मा ने कहा, ''भटवाड़ी का मेरे दिल में एक खास स्थान है। यह सिर्फ मेरा पैतृक गांव नहीं है, बल्कि मेरी बचपन की ढेरों यादों का कैनवास भी है। मुझे यह देखकर बेहद दुःख होता है कि इस गांव ने अपनी रौनक खो दी है, क्योंकि यहां से ज्यादातर युवा बेहतर अवसरों की तलाश में बड़े शहरों का रूख कर चुके हैं। आज इस गांव में मुख्य रूप से केवल बुजुर्ग ही बचे हैं, जो अक्सर खुद को अलग-थलग और असहाय महसूस करते हैं। इन बुजुर्गों के पास काफी ज्ञान और कौशल है, जिनका इस्तेमाल ऑर्गेनिक खेती, हस्तकलाओं या यहां तक कि पर्यटकों के लिये होमस्टेज में भी किया जा सकता है। इन पहलों से उन्हें आर्थिक स्वतंत्रता और जिंदगी जीने का एक नया उद्देश्य मिल सकता है। मेरा मानना है कि यह मेरी ज़म्मिदारी है कि मैं उनके लिये कदम उठाऊं और उनके जीवन में बदलाव लाने में मदद करूं। मेरा मुख्य फोकस गांव में खेती के पुराने तरीकों को पुनर्जीवित करने पर है, खासकर संतरे की खेती पर, जो मेरे बचपन में गांव की पहचान हुआ करती थी। मुझे आज भी याद है कि गांव के संतरे के घने बगीचे हुआ करते थें, लेकिन अफसोस की बात है कि समय के साथ ये बगीचे गायब हो गए। मेरा इरादा संतरे की खेती को फिर से शुरू करने और आधुनिक तकनीकों का उपयोग करके पैदावार और गुणवत्ता दोनों को बढ़ाने का है, जो गांव में आर्थिक विकास और नौकरियों की बहार ला सकती है।''इसके अलावा, हिमानी का उद्देश्य टेरेस फॉर्मिंग को बढ़ावा देना है, जोकि क्षेत्र में खेती का एक पारंपरिक तरीका है। उन्होंने विस्तार से बताते हुये कहा, ''टेरेस फॉर्मिंग पर्यावरण के अनुकूल तरीकों से पहाड़ी इलाकों का उपयोग करने का एक शानदार तरीका है। मैं कृषि विशेषज्ञों के साथ सहयोग करना चाहती हूं ताकि गांव वालों को उन्नत खेती की तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जा सके और हमारे जलवायु और मिट्टी के अनुकूल फसलों को उगाने की दिशा में काम किया जा सके। इससे न केवल रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे, बल्कि युवाओं को अपने गांव लौटने के लिए भी प्रेरित किया जा सकेगा। यह एक सामूहिक प्रयास है और इसमें गांववासियों की भागीदारी बेहद महत्वपूर्ण है। हम मिलकर भटवाड़ी को एक आदर्श गांव में बदल सकते हैं, जहां परंपरा और प्रगति एक साथ कदम बढ़ाएं। हमारे गांव हमारी संस्कृति और पहचान की नींव हैं।

शुभांगी अत्रे 18 साल बाद मिलीं अपनी कथक गुरु से!

शुभांगी अत्रे, जोकि एण्डटीवी के शो 'भाबीजी घर पर हैं' की अंगूरी भाबी के रूप में मशहूर हैं, हाल ही में अपने गृह नगर इंदौर गईं। यह यात्रा खास थी क्योंकि इस दौरान उन्हें 18 साल बाद अपनी कथक गुरु से मिलने का मौका मिला और वे अपने बचपन की यादों को ताजा कर सकीं। अंगूरी भाबी के प्यारे और चुलबुले किरदार के लिये मशहूर शुभांगी को डांस का बहुत शौक है, और उन्होंने अपनी किशोरावस्था में कथक गुरु से यह क्लासिकल डांस सीखा था। इस पुनर्मिलन पर शुभांगी ने गुरु के योगदान के लिए अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त की। शुभांगी अत्रे, ऊर्फ अंगूरी भाबी ने कहा, ''इंदौर जाना मेरे लिये हमेशा अपने घर लौटने जैसा रहा है। वहीं से मेरी शुरूआत हुई थी और मेरे दिल में

उसकी एक खास जगह है। मैं कई दफा इंदौर जा चुकी हूँ, लेकिन यह दौरा बहुत ही यादगार बन गया, क्योंकि मैंने आखिरकार 18 साल बाद अपनी कथक क्लास जाने और गुरु से मिलने का सपना पूरा कर ही लिया। माधुरी दीक्षित को देखकर मुझे डांस करने की प्रेरणा मिली थी, लेकिन मेरी गुरु ने मुझे बढ़ावा दिया और डांस सिखाया। जब मैंने अपनी गुरु, डॉ. सुचित्रा हरमालकर को सरप्राइज़ दिया, तब उनकी आँखों में खुशी के आंसू थे। हमने एक-दूसरे को कसकर गले लगा लिया और रोने लगीं- वह पल भावुक कर देने वाला था। मैं उनकी पहली कुछ स्टूडेंट्स में से एक थी, जब उन्होंने प्राइवेट क्लास लगाना शुरू किया था और उनसे दोबारा मिलना एक सपने का सच होना था।'' इंदौर के अपने सफर को याद करते हुए, शुभांगी ने आगे कहा, ''उस प्रैक्टिस हॉल में बैठना, जहाँ कभी मैं डांस सीखा करती थी, कुछ मूव्स दिखाना और प्रोत्साहन से भरे उनके शब्दों को सुनना कई सारी यादें लेकर आया। दीवारों पर उस वक्त की मेरी तस्वीर भी लगी थी, जो हमें साथ में परफॉर्म करते दिखा रही थीं। गुरु से मिलने के बाद मुझे याद आया कि डांस के मेरे लिये क्या मायने हैं।

'भाबीजी घर पर हैं' ने 2500 एपिसोड्स पूरे किये!

प्रोडक्शन एडिट 2 बैनर तले संजय और बिनैफर कोहली द्वारा निर्मित एण्डटीवी के कल्ट कॉमेडी 'भाबीजी घर पर हैं' ने 2500 एपिसोड्स का सफर पूरा कर लिया है। किसी भी शो के लिये यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि है और जल्द ही यह 10 गौरवमयी वर्षों का जश्न भी मनायेगा। इस कॉमेडी शो का प्रसारण 2015 में शुरू हुआ था और जल्द ही यह भारतीय टेलीविजन के इतिहास में एक सबसे प्रतिष्ठित शो बन गया। यह शो मिश्रा और तिवारी परिवार के मजेदार किस्सों पर आधारित है, जो अपनी मजेदार कहानियों से दर्शकों का दिल जीतता है। मुख्य कलाकार आसिफ शेख (विभूति नारायण मिश्रा), रोहिताश्व गौड़ (मनमोहन तिवारी), शुभांगी अत्रे (अंगूरी भाबी) और विदिशा श्रीवास्तव (अनीता भाबी) ने शानदार अभिनय किया है, जिसने लोगों को लगभग 10 सालों तक जोड़े रखा। इस खास मौके का

जश्न मनाने के लिए सेट पर केक काटने का आयोजन किया गया, जिसमें पूरी टीम मौजूद थी। यह बेहद खुशनुमा माहौल था, जहां शो से जुड़े लोगों ने अपने इस एक दशक लंबे सफर के बारे में दिल को छू लेने वाली बातें कीं और यादें साझा कीं। शो की निर्माता बिनैफर कोहली ने कहा, ''यह सफलता दर्शकों के प्यार और हमारी टीम की मेहनत का नतीजा है। 2500 एपिसोड पूरे करना हमारे लिए गर्व की बात है। हम आगे भी दर्शकों को हंसाने और उनका मनोरंजन करने का वादा करते हैं। हम एण्डटीवी का भी तहेदिल से धन्यवाद करते हैं, जिसने हमें इन कहानियों को कहने के लिये यह मंच दिया और हर कदम पर हमारा साथ दिया''

शो की उपलब्धि के बारे में बात करते हुये आसिफ शेख, जो कि विभूति नारायण मिश्रा का का किरदार निभा रहे हैं, ने कहा, ''यह सफर वाकई बेहद खास रहा है। विभूति का किरदार निभाना मेरे लिए बेहद खुशी की बात है और इससे मुझे लाखों लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाने का मौका मिला। उसकी अनोखी अदा और शरारतें कई दर्शकों से जुड़ती हैं, और मैं उनके प्यार और सपोर्ट के लिए दिल से शुक्रगुजार हूं। निर्माता और चैनल का भी तहेदिल से धन्यवाद, जिन्होंने हमें यह शानदार मंच दिया और इस अद्भुत सफर में हमेशा हमारा साथ दिया।''

तेनाली रामा के उत्साही प्रशंसक

सोनी सब के लोकप्रिय टेलीविज़न शो, वागले की दुनिया - नई पीढ़ी, नए किस्से और पुष्पा इम्पॉसिबल में अपने उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए प्रसिद्ध, युवा कलाकार शीहान कपाही और देशना दुगड़ को हाल ही में शो तेनाली रामा के सेट पर अपने आदर्श तेनाली रामा (कृष्णा भारद्वाज) से मिलने का यादगार अनुभव हुआ। इस मज़ाकिया और बुद्धिमान किरदार के उत्साही प्रशंसक, इन युवा कलाकारों को अपने ऑन-स्क्रीन आदर्श से व्यक्तिगत रूप से मिलने का दुर्लभ अवसर मिला। जब उन्होंने तेनाली रामा की मुख्य भूमिका निभाने वाले कृष्णा भारद्वाज से बातचीत की और शो से जुड़े अपने पसंदीदा पलों को साझा किया, तो उनका उत्साह स्पष्ट था। सेट पर घूमते हुए देशना की पुरानी यादें ताज़ा हो गईं, "मेरी

दादी मुझे सोने से पहले तेनाली राम की कहानियां सुनाती थीं, और वे हमेशा मेरी पसंदीदा थीं! कृष्णा भारद्वाज सर को तेनाली के रूप में देखकर ऐसा लगता है जैसे वो कहानियां फिर से जीवंत हो गई हैं। मुझे बहुत खुशी है कि यह शो सोनी सब पर वापस आ गया है - यह बचपन की सुनहरी यादों के साथ फिर से जुड़ने जैसा है।" शीहान ने कहा, "मुझे यह बात हमेशा से पसंद रही है कि कैसे तेनाली रामा हास्य और बुद्धिमत्ता का संयोजन करके सबसे कठिन समस्याओं को भी हल कर लेते हैं। कृष्णा सर ने वाकई इस प्रतिष्ठित किरदार को स्क्रीन पर जीवंत कर दिया है। उन्हें एक्टिंग करते देखना हमें लीक से हटकर सोचने और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। आज यहां आकर किसी सपने के सच होने जैसा महसूस हो रहा है!" इन युवा सितारों का स्वागत करते हुए, कृष्ण भारद्वाज ने उनके प्यार के प्रति धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा, "उन युवा प्रशंसकों से मिलने का अनुभव दिल छूने वाला है जो आज भी तेनाली राम से जुड़े हुए हैं। देशना के पुराने किस्से और शीहान की तारीफ सुनकर मुझे याद आता है कि इस किरदार में इतनी कालातीत अपील क्यों है। तेनाली रामा का किरदार निभाना सौभाग्य की बात है, और ऐसे प्रतिभाशाली युवा कलाकारों के साथ उस खुशी को साझा करना इसे और भी खास बना देता है। इन दोनों की यह मुलाकात तेनाली रामा के साथ तस्वीरें क्लिक करने, इसके प्रभावशाली सेट को घूमने और शो के कलाकारों से मिलने के साथ समाप्त हुई।

एक नजर

बीएसएनएल के फाइनेंस डायरेक्टर राजीव कुमार ने किए माताराती के दर्शन

डोंगरगढ़ 19 जनवरी। बीएसएनएल की टीम शनिवार को माता बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए पहुंची और माँ बम्लेश्वरी का आशीर्वाद प्राप्त किया. इस अवसर पर बीएसएनएल के फाइनेंस डायरेक्टर राजीव कुमार के साथ छत्तीसगढ़ परिमंडल के मुख्य महाप्रबंधक वी.के छबलानी ने मंदीर ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल से नवरात्रि के दौरान भीड़ होने के कारण नेटवर्क फेल हो जाने की असुविधा पर गौर करते हुए भविष्य में सुधार के लिए विस्तार से चर्चा की गई. वहीं ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष ने राजीव कुमार का सम्मान करते हुए माता जी का तैल चित्र भेंट किया गया।

फेरोमोन ट्रैप: मक्का फसल को सैनिक कीट से बचाने का कारगर उपाय

सुकमा 19 जनवरी। जिले के किसान इन दिनों मक्का की फसल में सैनिक कीट फॉल आर्मी वार्म के बढ़ते प्रकोप से चिंतित हैं। इस कीट के कारण फसलों को गंभीर नुकसान हो सकता है। किसानों ने समस्या की जानकारी कृषि विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों को दी, जिसके बाद छिन्दगढ़ विकासखंड के ग्राम चिपुरपाल और पुजारीपाल में कृषि वैज्ञानिकों ने प्रभावित क्षेत्रों का सर्वे किया। सर्वेक्षण के दौरान पाया गया कि फॉल आर्मी वार्म की इल्ली का आक्रमण फसलों पर अधिक हो चुका है। कृषि विज्ञान केंद्र के पौध रोग विशेषज्ञ श्री राजेंद्र प्रसाद कश्यप और कीट विज्ञान विशेषज्ञ डॉ. योगेश कुमार सिदार व परमेश सिंह सोरी ने किसानों को इस कीट के लक्षण और प्रभाव के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह कीट अमेरिका से मक्का और अन्य फसलों में फैलने वाला एक प्रमुख कीट है, जिसका वैज्ञानिक नाम स्पोडोप्टेरा फुजीपरड़ा है। मक्का की फसल में इस कीट का प्रकोप 20-25 दिन की अवस्था में शुरू होता है और 30-45 दिन की अवस्था में यह अधिक नुकसान पहुंचाता है। विशेषज्ञों ने किसानों को सुझाव दिया कि इस समस्या से निपटने के लिए फेरोमोन ट्रैप का उपयोग एक प्रभावी और किफायती समाधान है। फेरोमोन ट्रैप एक सरल उपकरण है जो मादा कीट की गंध का उपयोग करके नर कीटों को आकर्षित करता है। इन ट्रैप में नर कीट फंस जाते हैं, जिससे उनकी संख्या नियंत्रित होती है और फसल को नुकसान से बचाया जा सकता है। किसान यह ट्रैप आसानी से खाद-बीज की दुकानों से खरीद सकते हैं। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि समय पर फेरोमोन ट्रैप का उपयोग करने से फसल को भारी नुकसान से बचाया जा सकता है और किसानों को आर्थिक रूप से राहत मिलती है। कृषक मित्र लच्छू राम भोयर, रमेश कश्यप व रत्न नाग ने फ़ेरोमैन ट्रैप की सराहना की।

बीहड़ क्षेत्र के ग्राम मातला ब में जिला प्रशासन ने लगाया जनसमस्या निवारण शिविर

उत्तर बस्तर कांकेर 19 जनवरी। कलेक्टर श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन आज अंतागढ़ विकासखण्ड की ग्राम पंचायत मातला ब में किया गया, जहां ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न मांगों एवं समस्याओं को लेकर कुल 107 आवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर शिविर में जिला स्तरीय अधिकारियों के स्टॉल लगाकर विभागीय योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। शिविर में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हरेश मंडावी ने कहा कि अंतागढ़ विकासखंड का यह दूरस्थ और बीहड़ क्षेत्र में स्थित मातला ब में जिला प्रशासन द्वारा ग्रामीणों की समस्याएं और मांगों से अवगत होने जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया है। ग्रामीणों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जरूर उठाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि इस दूरस्थ क्षेत्र में स्वास्थ्य, शिक्षा सहित मूलभूत आवश्यकताओं पर केंद्रित योजनाओं का समुचित क्रियान्वयन करना शासन की पहली प्राथमिकता है। शिविर में ग्रामीणों को जनपद पंचायत अंतागढ़ के अध्यक्ष श्री बद्रीनाथ गावड़े और अपर कलेक्टर श्री बी एस उईके ने भी संबोधित किया।

इस दौरान अतिथियों के द्वारा श्रीमती बुधनी बाई और मानकी कावड़े की गोद भराई रस्म कराई गई तथा समाज कल्याण विभाग द्वारा 04 हितग्राही को छड़ी वितरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में ग्रामीणों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराकर आवश्यकतानुसार निःशुल्क औषधि प्राप्त की। इसके अलावा अन्य विभागों के द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्रतानुसार उनका लाभ लेने की अपील की। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती श्यामा पट्टावी, जनपद उपाध्यक्ष श्री भुवन लाल जैन, जनपद सदस्य जुगेर कोमरा, लक्ष्मण उसेंडी, सरपंच मातला ब कामो बाई पोटाई सहित आसपास के ग्रामों के जनप्रतिनिधिगण और काफी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

सौंदर्य उत्पाद बनाने वाले महिला समूह को मिला तीन लाख रुपये का बैंक लिंकेज

धमतरी 19 जनवरी। धमतरी जिले के नगर पंचायत मगरलोड की 12 सदस्यीय प्रतिज्ञा जय मां तुलसी महिला स्व-सहायता समूह ने अपनी मेहनत और लगन से मिसाल कायम की है। समूह की महिलाओं ने कुछ नया और अलग करने का निश्चय कर सौंदर्य उत्पाद, विशेष रूप से फेस पैक बनाने का कार्य शुरू किया। उनकी गुणवत्ता और मेहनत ने उन्हें राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन योजना अंतर्गत बैंक लिंकेज के माध्यम से नई पहचान दिलाई। प्रतिज्ञा जय मां तुलसी महिला स्व-सहायता समूह ने अपने व्यवसाय को बढ़ाने हेतु कच्चे माल की खरीदी के लिए बैंक लिंकेज के तहत तीन लाख रूपये का ऋण प्राप्त किया। उन्होंने इस धनराशि से उच्च गुणवत्ता वाले प्राकृतिक सामग्री जैसे मुल्तानी मिट्टी, चंदन पाउडर, गुलाब पाउडर और हल्दी पाउडर की खरीदी की। अपने उत्पादों की मार्केटिंग और ब्रांडिंग के लिए भी एक छोटा बजट निर्धारित किया। महिलाओं ने प्राकृतिक और हर्बल फेस पैक बनाना शुरू किया, जो स्थानीय बाजार में काफी लोकप्रिय हो रहा है।

आग लगने,पेड़ों की कटाई,वनोपज तोड़ने,कब्जा करने पर लगेगा जुर्माना

ग्राम स्तरीय वन अधिकार महोत्सव उरमापाल में सम्पन्न, पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

पंचायत के निर्णय से वन संसाधनों के दोहन पर लगेगा अंकुश

सुकमा, 19 जनवरी। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 17 जनवरी शुक्रवार को छिंदगढ़ विकासखंड के ग्राम उरमापाल में वन अधिकार महोत्सव बहुत धूमधाम से मनाया गया। इस वर्ष वन अधिकार महोत्सव में विशेष रूप से जंगल को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया जिसमे प्रमुख रूप से जंगल में आग लगने, जंगल में पेड़ों की कटाई, लघु वनोपज तोड़ने, भूमि अतिक्रमण को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय सर्वसम्मति से पारित किया गया। महोत्सव में ग्राम प्रमुख, वन अधिकार समिति, ग्राम सभा अध्यक्ष, वन प्रबंधन समिति, सरपंच, सचिव और जिला प्रशासन से संबंधित अधिकारीगण और ग्रामीण उपस्थित थे।

ग्राम समिति में लिए गए निर्णय

सामुदायिक वन संसाधन अधिकार प्रबंधन समिति उरमापाल द्वारा ग्राम सभा में सर्वसम्मति से 3 नए नियम पारित किए गए जिसकी उद्घोषणा की गई। किसी भी व्यक्ति के द्वारा वनों से पेड़ के काटने पर 5000 रूपये का जुर्माना लगाया जाएगा। वनों से लकड़ी का दोहन करते पाए जाने पर 500 रुपए/व्यक्ति का जुर्माना लगाया जाएगा। इसी प्रकार खनिज संसाधन जैसे रेत, मिट्टी, मुरूम आदि का दोहन करने पर ग्राम निवासी द्वारा 80 रुपए प्रति ट्रिप सेवा शुल्क तथा अन्य ग्राम के निवासी द्वारा दोहन करने पर 350 रुपए प्रति ट्रिप सेवा शुल्क जमा किया जाएगा।

विभिन्न विभागों ने दी योजनाओं की जानकारी

महोत्सव में उपस्थित जन समुदाय को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कृषि विभाग के अधिकारियों ने उन्नत खेती और जैविक कृषि के तरीकों की जानकारी दी। पशुधन विकास विभाग ने पशुपालन और संबंधित योजनाओं की जानकारी दी। जिला उद्योग एवं व्यापार केंद्र ने स्वरोजगार से संबंधित योजनाओं की जानकारी देकर कई युवाओं को स्व रोजगार के लिए आवेदन करने प्रोत्साहित किया। श्रम विभाग और खाद्य विभाग ने श्रमिकों और जरूरतमंदों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई। लाइवलीहुड कॉलेज के द्वारा रोजगारमूलक गतिविधियों में प्रशिक्षण प्राप्त कर स्व रोजगार प्रारंभ करने की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों के आयुष्मान कार्ड भी बनाये गए। कार्यक्रम में जिला रिसोर्स पर्सन श्री संतोष उसेंडी, फूड ऑफिसर श्री विजय और अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

कोतवाली थाना परिसर में यातायात पुलिस ने लगाया लाइसेंस शिविर

760 लोगों ने बनवाया लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दंतेवाड़ा 19 जनवरी। 01 से 31 जनवरी 2025 तक 35 राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है । बीते शनिवार सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक यातायात पुलिस दन्तेवाड़ा व जिला परिवहन विभाग दन्तेवाड़ा के संयुक्त तत्वाधान में कोतवाली थाना परिसर में लर्निंग लायसेंस शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के आयोजन प्रचार-प्रसार हेतु यातायात पुलिस दन्तेवाड़ा के द्वारा यातायात जागरूकता रथ, सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से व्यापक स्तर पर किया गया था जिसके मद्दे नजर नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं की लायसेंस शिविर में वृहद स्तर पर युवाओं

की भीड़ देखने को मिली। इस दौरान अधिकांश ऐसे युवा जो 18 वर्ष की आयु पूर्व हो चुकी थी ऐसे युवा लायसेंस बनवाने हेतु उत्सुक दिखे। उप पुलिस अधीक्षक यातायात नसरउल्लाह सिद्दकी ने बताया की इस दो दिवसीय लर्निंग लायसेंस शिविर में लगभग 760 व्यक्तियों के लर्निंग लायसेंस बनाये गये। जिनका अभी लर्निंग बना है वो एक माह बाद आर टी ओ कार्यालय जाकर 1050 रुपए का चलान जमाकर स्थाई लाइसेंस के लिए प्रक्रिया कर सकेगा। जिसके बाद उसे परमानेंट लाइसेंस मिल जाएगा। बिना एजेंटों के चक्कर लगाए कम खर्च पर आसानी से लाइसेंस बन जाने से युवा काफी खुश हैं और इसके लिए वे जिला प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित कर रहे हैं। युवाओं के लर्निंग लाइसेंस बन जाने से अब दुपहिया वाहन चलाने एवं यातायात पुलिस से भी डरने छिपने की आवश्यकता नहीं होगी। चलानी करवाई से भी निजात मिलेगा। प्रत्येक वर्ष यातायात माह में क्षेत्रिय युवाओं को लाभ दिलाने की दृष्टि से यातायात पुलिस के द्वारा परिवहन विभाग के सहयोग से इस प्रकार के शिविर का आयोजन किया जाता है। इस दौरान यातयात प्रभारी संजय यादव द्वारा लायसेंस प्राप्त करने वाले युवाओं से वाहन चालन करने के दौरान हेलमेट व सीट बेल्ट पहनने की अपील की है आने वाले दिनों में इस प्रकार के फिटनेस शिविर, प्रदूषण जांच शिविर आयोजित किया जाएगा।

जिला पंचायत आकांक्षा खलको ने किया ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों का निरीक्षण

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

नारायणपुर 19 जनवरी। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी आकांक्षा खलखो के द्वारा ग्राम पंचायत सुलेंगा (गु0) में मनरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना में चल रहे निर्माण कार्यो का औचक निरीक्षण किया गया। उक्त ग्राम पंचायत में महात्मा गांधी नरेगा के तहत् चल रहे 03 डबरी निर्माण एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के 07 आवास निर्माण कार्य वर्तमान में चल रहें है, जिसमें नियोजित मजदूरों की संख्या 100 है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत नारायणपुर द्वारा मनरेगा के हितग्राही बिसरू/सोमारू के डबरी निर्माण का निरीक्षण किया गया, जिसमे कुल 35 मजदूर कार्य क्षेत्र में कार्य कर रहे थे, जिनके जॉब कार्ड एवं मेट

माप पंजी का भी अवलोकन किया गया । इसी प्रकार प्रधानमंत्री आवास के हितग्राही अग्नीबाई/सुकालू, बोधाबाई/सुखदेव, घसिया/मानसिंह के आवास निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया गया । उक्त सभी निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिया गया है। साथ ही मनरेगा के जॉब कार्ड को अद्यतन करने एवं कार्य स्थल में नागरिक सूचना पटल बनवाने के निर्देश दिये गये है। इस निरीक्षण में सहायक परियोजना अधिकारी मनरेगा पवन सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत नारायणपुर लोकनाथ पटेल, कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा, जितेन्द्र देवांगन, तकनीकी सहायक शक्ती तिवारी साथ ही ग्राम पंचायत स्तर के सरपंच रमेश नाग, रोजगार सहायक होलिका चालकी एवं मेट भी उपस्थित थे ।

पक्का मकान बनने से अमरीका यादव की चिंता हुई दूर

उत्तर बस्तर कांकेर,19 जनवरी। हर व्यक्ति का एक सपना होता है कि उसका स्वयं का एक मकान हो और उस मकान में परिवार के साथ सुकून से रहें, लेकिन आर्थिक रूप से कमजोर हर व्यक्ति का यह सपना पूरा नहीं हो पाता। इसी सपने को पूरा करने का काम प्रधानमंत्री आवास योजना कर रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) से लाभान्वित हितग्राही भण्डारीपारा वार्ड क्रमांक-10 कांकेर निवासी श्रीमती अमरीका यादव ने बताया कि वह मजदूरी का कार्य करती है, जिससे उसे 12 हजार रूपये प्रतिमाह पारिश्रमिक मिलता है। इस राशि से 09 सदस्यों का जीवन-यापन चलाना मुश्किल होता है और पैसे की बचत भी नहीं हो पाती।

एक दिवसीय वातावरण उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन एमएलबी में किया

जगदलपुर 19 जनवरी। समावेशी शिक्षा समग्र शिक्षा के अंतर्गत राज्य कार्यालय से प्राप्त निर्देशानुसार एक दिवसीय वातावरण उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन एमएलबी जगदलपुर में आयोजित किया गया। जिसमें जिले के सातों विकासखंडों से प्राचार्य, व्याख्याता एवं पालकगण सम्मिलित हुए।प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्देश्य प्राचार्य,अभिभावक एवं व्याख्याता को पीडब्लूडी 1995 , दिव्यांग अधिकार अधिनियम 2016 में वर्णित 21 प्रकार की दिव्यंगता व उनकी पहचान आदि की जानकारी प्रदान की गई। इसी क्रम में शासन की योजना, आईसीटी के अंतर्गत यूडीआईडी के साइट से किस प्रकार दिव्यांग प्रमाण पत्र प्राप्त किया जा सकता है। विशिष्ट पहचान पत्र बनाने की प्रक्रिया के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। साथ की प्रशस्त ऐप में किस प्रकार बच्चों की स्क्रीनिंग किया जाता है? किस प्रकार प्रशस्त पर कार्य किया जाता है? आदि की जानकारी प्रदान की गई इस दौरान डीईओ बलिराम बघेल, एडीपीओ देवाशीष चौधरी, एपीसी जयनारायण पाणिग्रही एपीसी सूरज निर्मलकर, एमएलबी जगदलपुर की प्राचार्या वंदना मदनकर, मास्टर ट्रेनर तेजमणि दास, मधु साहू, सचिन देव कुर्रे, चंद्र शेखर नायडू सहित सभी ब्लॉक से प्राचार्य , व्याख्याता,पालकगण सहित करीब करीब सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

पुलिस ने आपराधिक घटनाओं में शामिल रहे 3 नक्सलियों को गिरफ्तार किया

सुकमा 19 जनवरी। जिले के थाना चिंतागुफा क्षेत्रान्तर्गत 02 ईनामी सहित 03 नक्सलियों को गिरफ्तार करने में मिली पुलिस को सफलता। गिरफ्तार नक्सली 01 पर पद के अनुरूप 02 लाख एवं 01 नक्सली पर 01 लाख कुल 03 लाख रूपये के घोषित है ईनाम। सभी गिरफ्तार नक्सली वर्ष 2024 में दुलेड़ के पास पीकअप वाहन के सामान को लूटपाट कर वाहन में आग लगा कर क्षति पहुंचाने की घटना में शामिल रहे है। नक्सलियों को गिरफ्तार करने में थाना चिंतागुफा पुलिस बल एवं डीआरजी की रही संयुक्त कार्रवाई। गिरफ्तार सभी नक्सल आरोपी उक्त घटना के अतिरिक्त जिले में घटित विभिन्न नक्सली घटना में शामिल रहे है। जिला सुकमा में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है। नक्सली मौजूदगी की आसूचना पर 16 जनवरी 2025 को थाना चिंतागुफा से जिला बल, डीआरजी का बल की संयुक्त पार्टी नक्सल विरोधी अभियान के लिए दुलेड़, मेटागुड़ा एवं एर्रनपपल्ली व आस-पास जंगल क्षेत्र की ओर रवाना हुए थे ।

ईश्वरीय परिवार ने ब्रम्हा बाबा की 56 वीं पुण्य तिथि श्रद्धापूर्वक मनाई

ब्रह्मा बाबा ने समाज के नवनिर्माण के लिए नारी शक्ति को आगे किया:भावना बहन

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

नगरी 19 जनवरी। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय नगरी में संस्था के संस्थापक पिताश्री ब्रह्मा बाबा की 56 वीं पुण्य तिथि श्रद्धापूर्वक मनायी गई। इस अवसर पर संस्थान की संचालिका ब्रह्माकुमारी भावना ने बताया कि संस्था के संस्थापक दादा लेखराज कृपलानी हीरे-जवाहरात के मशहूर व्यापारी थे। उनके जीवन में ऐसा महत्वपूर्ण मोड़ आया जब एकान्तवास के दौरान बनारस में हुए दिव्य साक्षात्कार ने उनके अन्दर वैराग्य उत्पन्न कर दिया। उन्होने कहा कि सनातन संस्कृति से ही स्वर्णिम भारत का निर्माण होगा।

पिताश्री ब्रह्मा बाबा ने अपना तन-मन-धन और सर्वस्व प्रभु अर्पण कर ईश्वरीय निर्देश का पालन करते हुए ब्रह्माकुमारी संस्थान की स्थापना की। उन्होंने परमात्मा द्वारा बतलाए गए मार्ग पर

चलकर समाज को एक नई दिशा दी। उन्होने नारी शक्ति को आगे करके उनका मान बढ़ाया और महिला सशक्तिकरण का कार्य किया। उन्होंने महिलाओं में छिपी नैतिक और आध्यात्मिक शक्तियों को सामने लाकर उनको विश्व परिवर्तन के निमित्त बनाया। अब यह सृष्टि इतनी पुरानी और जर्जर हो चुकी है कि इसका पुनर्निमाण ही एकमात्र समाधान है। यह परमपिता परमात्मा का कार्य है जो कि वह वर्तमान संगमयुग पर आकर कर रहे हैं। यह विश्व इतिहास का सबसे महत्वपूर्ण संगमयुग का समय है जबकि निराकार परमपिता परमात्मा अपने साकार माध्यम प्रजापिता ब्रह्मा के द्वारा आध्यात्मिक ज्ञान और राजयोग की शिक्षा देकर संस्कार परिवर्तन और नई सतो प्रधान दुनिया की पुर्नस्थापना करा रहे हैं।

इस मौके पर नगरी के ब्रह्मा कुमारीज राज ऋषि भवन पर बाबा की स्मृति में बाबा की झोपड़ी और शांति स्तंभ जिसे टावर ऑफ पीस कहा जाता है के सामने सभी भाई बहनों ने योग किए। तत्पश्चात ईश्वरीय परिवार के उपस्थित भाई बहनों को भोग और टोली वितरण किया गया।

समाचार संक्षेप

कैलाश कुमार मरकाम कर रहे हैं खजरावड जनपद सदस्य के लिए दावेदारी

जगदलपुर 19 जनवरी। अब युवा वर्ग भी राजनीतिक में आना चाहते है कैलाश मरकाम की पढ़ाई और वर्तमान सामाजिक कार्यकर्ता सर्व आदिवासी समाज आज के दिन में देखा जाए तो वर्तमान में विकास नही हो पा रहा है। अब पढ़ा लिखा व्यक्ति जनपद, सरपंच , जिला पंचायत,के लिए दवा कर रहे हैं क्योंकि वर्तमान में स्थिति को देखकर ऐसा लग रहा है । गांव में विकास करने के लिए युवा आगे आ रहते हैं इसलिए युवा वर्ग को मौका देना चाहिए सुख-दुख में आज का युवा पीढ़ी सबसे आगे रहते हैं चाहे। धरना प्रदर्शन हो या अपने हक के लिए लड़ने के लिए सबसे आगे रहते हैं कैलाश मरकाम ने न्यूज, सोशल मीडिया, मैदानी इलाकों, धरना प्रदर्शन, आरक्षण मुद्दा, में भी अहम योगदान दिया है। कोंडागांव जिला में फसे हमारे आदिवासी समाज के बेटी को जॉब के नाम से हैदराबाद ले जाकर, दूसरा काम करवा रहे थे उसमे कैलाश मरकाम का भी अहम योगदान है।

भाजपा के मुकेश रामटेके की सशक्त दावेदारी

डोंगरगढ़ 19 जनवरी। नगरीय निकाय चुनाव के मद्दे नज़र सभी पार्टियां अब प्रत्याशियों को चुनने में लगी है वही शनिवार को भाजपा के 05 प्रत्याशियों ने सांसद संतोष पांडे, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर वरिष्ठ भाजपा नेता लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, सुरेंद्र सिंह बन्रोआना, प्रकाश चौरडिया की उपस्थिति में अपनी दावेदारी पेश करते हुए अपना आवेदन भाजपा कार्यालय में शहर मंडल अध्यक्ष जसमीत बन्रोआना व प्रदेश महामंत्री व पूर्व विधायक रामजी भारती को सौंपा है जिसमें प्रमुख रूप से मुकेश रामटेके, रमन डोंगरे, जयेश सहारे, देवेंद्र साखरे सहित श्रीमति अनिता लोकेश इंदुरकर ने पार्टी से टिकिट की माँग की गई है. आवेदन जमा करने के लिए पूर्व पार्षद व एल्डरमैन मुकेश रामटेके के साथ नगर के सैकड़ो समर्थक पहुंचे और पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओ से श्री रामटेके को टिकिट देने की माँग की गई. इस अवसर पर श्री रामटेके ने बताया कि शहर जनता सीधे अपने चहेतों को प्रत्याशी के रूप में देखना चाहती है. मैंने पार्षद व एल्डरमैन के रूप में वार्ड सहित शहर की हमेशा सेवा की है. वार्ड सहित नगर की समस्याओं को प्रमुखता से उठाकर उनका निराकरण कराने में भी भूमिका निभाई है और पार्टी के प्रति हमेशा समर्पित भावना से कार्य करते हुए अपनी जिम्मेदारी निभाई है.लोगों की सेवा करना मेरा कर्तव्य है और उनकी समस्याओं को दूर करना मेरा दायित्व है. वहीं सैकड़ों की संख्या में आए समर्थको में चर्चा थी कि मुकेश ना केवल राजनीतिक रूप से बल्कि सामाजिक रूप से लोगों की पहली पसन्द है अब देखना है कि पार्टी इस युवा व होनहार प्रत्याशी पर भरोसा करती है कि नहीं।

माओवादी नेता सचिव गंगा ने प्रेस नोट जारी कर कहा कि 12 नहीं 18 नक्सली मारे गए

सुकमा 19 जनवरी। जिले के दक्षिण डिविजन कमेंटी के सचिव गंगा ने प्रेस नोट जारी कर कहा कि बीजापुर जिला उसूर थाना अंतर्गत 16 जनवरी को पुजारी कांकेर गांव में हुए सरकारी हत्याकांड और निहत्थे गांव वालों के ऊपर मिसाइल से हमले करने का आरोप पुलिस पर लगाया गया है। गंगा ने इन नक्सलियों को मारने की बात कही गई है कामरेड दामोदर (एस सी एम), हुंगी (पीपीसीएम), देवे (पीपीसीएम), जोगा (पीपीसीएम), नरसिंह राव (पीपीसीएम) और भाकपा माओवादी के हमारे अन्य साथी अमर रहें की नारे लिखी गई है। पिछले दिनों बीजापुर जिले के पुजारी कांकेर क्षेत्र में राज्य और केंद्र की सरकार और सुरक्षा बलों ने ऑपरेशन÷ के नाम पर क्रूर और अमानवीय दमनकारी अभियान चलाया। इस अभियान का असली उद्देश्य पूंजीवादी राज्यसत्ता के इशारे पर बस्तर की प्राकृतिक संपदाओं की लूटने की आरोप लगाई जा रही है। इस अभियान में हमारे संगठन ने 18 बहादुर साथियों को खो दिया। इन वीरों ने अंतिम सांस तक पूंजीवादी लूट और शोषण के खिलाफ संघर्ष किया। विशेष रूप से कामरेड बड़े चोखा राव ने बहादुरी का प्रदर्शन किया और लड़ते हुए शहीद हो गए। उनकी मृत्यु से संगठन को अपूरणीय क्षति हुई है, लेकिन उनकी क्रांतिकारी विरासत हजारों नए साथियों को प्रेरित करेगी। हमारी जवाबी कार्रवाई में पोर्स के लोगों को काफी नुकसान उठाना पड़ने की जिक्र किया गया है। जिसमें जवान 5 शहिद और कई दर्जन गंभीर रूप से घायल हुए जिसका जिक्र गंगा ने प्रेस नोट में कहा है। फोर्स ने अपनी असफलता छिपाने के लिए निर्दोष ग्रामीणों पर अत्याचार किया। कई मासूम ग्रामीणों को जबरन जंगलों से खींचकर ले जाया गया और उनको मारा पीटा। कई ग्रामीणों को नक्सली बता कर फोर्स वाले अपने साथ भी ले गए हैं। यहां तक कि अपनी नाकामी छुपाने के लिए मोटरसाइकिलों और ट्रैक्टरों को आग लगा दिया ।

जीवनदीप समिति की बैठक में पहुंचे सीएमएचओ

जगदलपुर 19 जनवरी। जिले के बास्तानार विकासखण्ड अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़े किलेपाल के जीवनदीप समिति की बैठक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय बसाक की अध्यक्षता में सीएचसी के खंड चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में आयोजित की गई। इसके पूर्व सीएमएचओ डॉ. संजय बसाक एवं जिला टीकाकरण अधिकारी एवं प्रभारी मलेरिया अधिकारी डॉ.सीआर मैत्री के नेतृत्व में जिला स्तरीय टीम द्वारा सीएचसी का निरीक्षण कर ओपीडी, आयुष्मान कक्ष, चिकित्सा कक्ष, फार्मेसी, लेखा शाखा एवं आईपीडी का जायजा लिया गया और आवश्यक सुधार हेतु निर्देश दिए गए।

एक नजर

इंजीनियर शर्मा को शासन ने महासमुंद पालिका का सीएमओ नियुक्त किया

महासमुंद,19 जनवरी। नगर पालिका महासमुंद में पदस्थ इंजीनियर एस डी शर्मा ने शुक्रवार को बतौर मुख्य नगर पालिका अधिकारी पदभार ग्रहण किया। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नगर पालिका परिषद का मुख्य नगर पालिका अधिकारी नियुक्त किया है। श्री शर्मा ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी का पद ग्रहण करने के बाद कहा कि उनकी प्राथमिकता होगी कि नगर नगरीय चुनाव के साथ-साथ पालिका में कार्य लेकर आने वाली जनता कार्य समय पर पूरा हो। इसके साथ ही नगर पालिका द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों में तेजी लाने का प्रयास रहेगा। इसके अलावा कई महत्वपूर्ण कार्य हैं जो उनकी प्राथमिकता में शामिल हैं। श्री शर्मा ने कहा शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाना मेरी पहली प्राथमिकता है।

ईवीएम से निकाय चुनाव कराने का निर्णय स्वागतेय : भाऊराम

महासमुंद,19 जनवरी। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष भाऊराम साहू ने निकाय चुनावों को ईव्हीएम से कराए जाने के सरकार के निर्णय का स्वागत किया है। श्री साहू ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन ने चुनावी प्रक्रिया में दक्षता, सटीकता और पारदर्शिता लाई है। इन परिष्कृत उपकरणों ने हमारे वोट डालने के तरीके को बदल दिया है। पारदर्शी और निष्पक्ष चुनाव के लिए ईव्हीएम से चुनाव कराए जाने सरकार ने यह निर्णय लिया है। ईवीएम पारदर्शिता और सुरक्षा बनाए रखते हुए मतदान प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने का बेहतर माध्यम है। बैलेट पेपर में कई वोट अवैध तथा निरस्त हो जाते हैं। ईव्हीएम में मैन्युअल गिनती और पेपर बैलेट की कारण होने वाली त्रुटियों जैसे समस्याएं सामने नहीं आती। साथ ही ईवीएम अवैध वोटों की संख्या को कम करने में मदद करती है। साथ ही एक ही व्यक्ति द्वारा अवैध वोटिंग, ओवर वोटिंग, अंडर वोटिंग को रोकती है। इसलिए सरकार का चुनाव को पारदर्शी बनाने ईव्हीम से वोटिंग का फैसला स्वागतेय है।

कलेक्टर के निर्देशन में संयुक्त टीम कर रही है नियमित जांच

रायगढ़, 19 जनवरी। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में कच्चे माल/उत्पाद/अपशिष्ट परिवहन करने वाले वाहनों का कव्हर्ड किये जाने एवं स्टैण्डर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिजर का पालन की जांच के लिए जिला स्तरीय जांच कमेटी गठित की गई है। जिनके द्वारा आज रायगढ़ से खरसिया के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-49 पर परिवहनकर्ता वाहनों की सघन जांच की गई। जांच दल में परिवहन विभाग, खनिज विभाग एवं क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के सदस्य शामिल थे। जांच के दौरान परिवहन विभाग द्वारा 05 वाहनों पर ओवरलोड परिवहन करते पाए जाने पर 1 लाख 22 हजार रूपये जुर्माना लगाया गया। वही खनिज विभाग द्वारा 02 वाहनों को निर्धारित रूट से अन्यत्र कोयला परिवहन करने पर कार्यवाही करते हुए भूपदेवपुर थाने के सुपुर्द किया गया। इसी प्रकार पर्यावरण विभाग द्वारा क्षतिग्रस्त वाहन द्वारा परिवहन करने, ट्रॉली में 05 से.मी. फ्री बोर्ड स्पेस नहीं होने, संबंधित नोडल का नाम वाहन पर नहीं होने तथा समुचित रूप से तारपोलिन ढ़के बिना, कच्चे माल/उत्पाद/अपशिष्ट परिवहन करने पर उद्योग मेसर्स एस.ई.सी.एल. लिमिटेड, छाल ओपन कास्ट कोल माईन, छाल, तहसील-छाल पर 30 हजार रूपये, मेसर्स स्काई एलायज एण्ड पॉवर प्रा.लि. ग्राम-टेमटेमा पर 30 हजार रूपये, मेसर्स वेदांता वॉशरी एण्ड लॉजिस्टिक सॉल्युशन प्रा.लि.ग्राम-कुनकुनी, तहसील-खरसिया, जिला-रायगढ़ पर 30 हजार रूपये जुर्माना लगाया गया। इस तरह कुल 90 हजार रूपये पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति अधिरोपित की गई।

पर्यावरण संरक्षण मंडल रायगढ़ द्वारा विगत एक सप्ताह में मेसर्स एनटीपीसी लिमिटेड, लारा सुपर थर्मल पॉवर प्रोजेक्ट, ग्राम-लारा पर फ्लाई परिवहन में उल्लंघन के लिए 3 लाख 37 हजार 500 रूपये एवं एस.ओ.पी.अनुसार कच्चे माल,उत्पाद,अपशिष्ट परिवहन नहीं करने पर मेसर्स जिंदल पॉवर लि. ग्राम-तमनार पर 4 लाख 20 हजार रूपये, मेसर्स सारडा एनर्जी एण्ड मिनरल्स रूपये पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति अधिरोपित की गई।

नियद नेल्लानार योजना से रौशन हुआ गांव

- कई दशकों के बाद पेद्दागेल्लूर में पहुंची बिजली
- रात के अंधेरे, जंगली जानवरों के डर और सांप, बिच्छू का अब कोई डर नहीं
- मेरे गांव में बिजली आ गई है, रात को अब मै आसानी से प?ाई कर सकती हूं -सुशीला



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर 19 जनवरी । बीजापुर जिले अत्यंत सुदूर एवं धुर माओवाद इलाका पेद्दागेल्लूर जहां के ग्रामीण कई दशको से बुनियादि सुविधाओं से वंचित थे बरसों तक अंधेरे के साए में रहने वाले गांवो अब सुशासन का सुर्योदय हो चुका है। छत्तीसगढ़ राज्य के यशस्वी मुख्यमंत्री के सुशासन का एक वर्ष बीजापुर जिले के सुदूर माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में ग्रामीणों की मुस्कान बनकर लौटी है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के परिकल्पना से बीजापुर जिले में नया सुर्योदय हो रहा है। मुख्यमंत्री के महत्वाकांक्षी योजना नियद नेल्लानार आशा विश्वास और विकास की नई इबारत लिख रही है।नियद नेल्लानार योजना से जिले के लगभग 40 अति संवेदनशील गांवो में विकास की रफ्तार बढ़ रही है। सुरक्षा के साथ विश्वार और विकास की अवधारणा से इन गांवो में विकास को नई दिशा दिया जा रहा है। पानी, बिजली, राशन, अस्पताल, स्कूल सहित सभी बुनियादि सुविधाओं के साथ ग्रामीणों के आधार, आयुष्मान कार्ड, बैंक खाता, जाति प्रमाण पत्र सहित आवश्यक दस्तावेज बनाए जा रहे हैं। जिससे शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं से ग्रामीणों को जोड़ा जा सके।उसूर ब्लॉक के चिन्नागेल्लूर ग्राम पंचायत के सुदूर गांव पेद्दागेल्लूर में कई दशकों के बाद बिजली पहुंची है, ग्रामीणों ने बताया कि बिजली की रौशनी कई पी?यों ने नही देखी थी।बरसों से अंधेरे में रहने के आदी हो चुके ग्रामीणों के लिए बिजली आना नई सुबह की तरह है। ग्रामीणों ने बताया कि सरकार की इस पहल से भावी पीढ़ी का भविष्य रौशन हो गया। सुदूर जंगल में बसा गांव पेद्दागुल्लूर में रात के अंधेरे में जंगली जानवर, सांप बिच्छु का खतरा बना रहता था लेकिन अब बिजली के आने से ग्रामीण भयमुक्त हो गए।ग्रामीण सो?ी रामा ने बताया कि गांव में बिजली पहुंचने से गांव के बच्चों की प?ाई-लिखाई एवं मनोरंजन के साधन भी उपलब्ध हो सकेगा। बिजली के अभाव में गांव का विकास नहीं हो पाया, अब धीरे-धीरे गांव में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिलेगा।कक्षा तीसरी की छात्रा कुमारी सुशीला ओयाम बताती है कि अब वह रात को आसानी के साथ घर में प?ाई कर लेती है। सरकार ने गांव में बिजली दिया है मै भी अपने से प?ाई करके टीचर बनुंगी।

ग्रामीणों ने बताया कि पेद्दागेल्लूर के सभी घरों में 192 नग मीटर लग गया है जिससे ग्रामीणों के चेहरे पर मुस्कान है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के इस संवेदनशील पहल के लिए ग्रामीणों ने हृदय से आभार व्यक्त किया।

स्वामित्व कार्ड पाकर भूमि मालिकों के चेहरे खिले

महासमुंद। स्वामित्व कार्ड वितरण कार्यक्रम में स्वामित्व कार्ड पाकर बरसों से बिना अधिकार पत्र के रह रहे मकान मालिकों और भू-स्वामियों के चेहरे खिल गए। स्वामित्व कार्ड पाकर उन्होंने खुशी व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार को धन्यवाद दिया है। महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम परसट्टी के इंदरमन, बुधारू साहू, सखाराम ध्रुव के चेहरे पर अद्भुत खुशी झलक रही थी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के हाथों ऐसे 25 भू मालिकों को स्वामित्व कार्ड प्राप्त हुआ। मुख्यमंत्री ने हितग्राहियों को बधाई देते हुए हार पहनाई और स्वामित्व कार्ड प्रदान किया। ऐसे ही हितग्राही इंदरमन ध्रुव और बुधारू साहू ने बताया कि वे लगभग 23-30 साल से ग्राम परसट्टी में निवास कर रहे थे। लेकिन, आज तक मालिकाना हक नहीं मिलने के कारण कई पी?यों से कई योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह जाते थे। आज हमें वास्तविक मालिकाना हक प्राप्त हुआ है। सच मायने में आज हम मकान के मालिक बन गए हैं। अपने परिवार सहित जीवन यापन कर रहे हैं। हमारे परिवारों के लिए भी ब?ी सौगात है। इंदरमन को 98.35 वर्ग मीटर मकान का भू-स्वामित्व अधिकार मिला। इसी तरह बुधारू साहू को 58.22 वर्ग मीटर का भू-स्वामित्व का अधिकार मिला है। वहीं करीब 30 साल से 511.46 वर्ग मीटर खेत में किसानी कर रहे सखाराम ध्रुव के खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने बताया कि आज मुझे जमीन का मालिकाना हक मिल गया है। इससे उन्हें अपनी संपत्ति को वित्तीय संपत्ति के रूप में उपयोग करने और ऋण प्राप्त करने में मदद मिलेगी। इस अभिनव योजना के लिए सभी लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद ज्ञापित किया है। बता दें कि स्वामित्व योजना अंतर्गत ड्रोन सर्वेक्षण तकनीक के माध्यम से तैयार किए गए मालिकाना दस्तावेज ग्रामीण नागरिकों को उनकी संपत्ति पर स्वामित्व का स्पष्ट प्रमाण प्रदान करते हैं। स्वामित्व दस्तावे? मिलने के बाद ग्रामीण नागरिक अपनी संपत्ति को वित्तीय संपत्ति के रूप में उपयोग कर सकते हैं। इससे उन्हें ऋण प्राप्त करने और आर्थिक स्थिरता हासिल करने में मदद मिलेगी।

गोदाम और घर में छिपाकर रखा गया धान किया जब्त

महासमुंद, 19 जनवरी। बागबाहरा तहसील के ग्राम पंचायत कोमा और बरबसपुर में राजस्व एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए मंडी अधिनियम के तहत अवैध धान जब्त किया है। इस कार्रवाई में कुल 272 कट्टा धान जब्त किया गया। संयुक्त दल ने ग्राम पंचायत कोमा में मुंशीलाल सोनी के गोदाम और निवास स्थल पर छापामारी की। इस दौरान वहां से 172 कट्टा अवैध धान जब्ती की कार्रवाई की। टीम ने बताया कि यह धान मंडी अधिनियम का उल्लंघन करते हुए संग्रहित किया गया था। वही दूसरी कार्रवाई बरबसपुर के पद्मिनी सोनी समिति गबौद परिसर से 100 कट्टा अवैध धान जब्त किया गया।

नाबार्ड के तैयार 259.95 करोड़ रुपए की संभाव्यता युक्त ऋण योजना का विमोचन

बीजापुर 19 जनवरी । राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) द्वारा आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु बीजापुर जिले के लिए संभाव्यतायुक्त ऋण योजना तैयार की गयी है। भारतीय रिजर्व बैंक के प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र मे ऋण वितरण के दिशा निर्देशों के अनुसार कृषि ऋण, कृषि अधोसरंचना, कृषि सहायक गतिविधियों, सूक्ष्म, लघु व मध्यम उददमियों, शिक्षा, आवास नवीनीकरन, ऊर्जा आदि हेतु 259.95 करो? रुपये की संभाव्यतायुक्त ऋण योजना नाबार्ड द्वारा तैयार की गयी है।इस संभाव्यतायुक्त ऋण योजना की पुस्तक का विमोचन कलेक्टर श्री संबित मिश्रा द्वारा 15 जनवरी 2025 को जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक मे किया गया। बैठक मे श्री हेमन्त रमेश नंदनवार सीईओ जिला पंचायत, श्री संतोष रामटेके जिला विकास प्रबन्धक (नाबार्ड), विनोद कुमार ?लक्सो, अग्रणी जिला प्रबन्धक (SBI), एवं जिले मे कार्यरत सभी बैंको के प्रबन्धक सहित विभिन्न विभागो के अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री संबित मिश्रा द्वारा कार्य योजना तैयार करने हेतु नाबार्ड की सराहना की गई और सभी विभागो एवं बैंकों से कार्य योजना मे इंगित लक्षों की प्राप्ति हेतु आव्हान किया गया। नाबार्ड के जिला विकास प्रबन्धक ने बताया की संभाव्यता युक्त ऋ ण योजना दस्तावेज में ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों मे उपलब्ध भौतिक संभाव्यता का बैंक ऋ ण के माध्यम से दोहन की संभावना का आकलन किया जाता है। इस संभाव्यता आकलन के दौरान जिले मे वर्तमान मे उपलब्ध अधोसंरचना, संभाव्यता के पूर्ण दोहन के लिए अपेक्षित अतिरिक्त अधोसंरचनाएं पिछले वर्षो के रुझान और आगामी वर्षो मे संभावित अन्य परिवर्तनों को ध्यान मे रखा जाता है।योजना के तहत फसल ऋण, कृषि और संबद्ध गतिविधियो के लिए सावधि ऋण तथा कृषि अधोसंरचना और अनुषंगी गतिविधियों को कुल मिलाकर कृषि के लिए संभावित ऋण 158.74 करोड़ है। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम हेतु 73.34 करोड़ रुपये है। निर्यात क्रेडिट, शिक्षा, आवास, सामाजिक अधोसंरचना एवं अन्य ऋण 27.86 करोड़ रुपये की संभाव्यता का आकलन किया गया है।नाबार्ड की जिले में अन्य गतिविधियां- नाबार्ड के जिला विकास प्रबन्धक श्री संतोष रामटेके ने बताया की राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने बीजापुर जिले में विभिन्न विकासात्मक पहलों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में समृद्धि और विकास की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इन पहलों का उद्देश्य कृषि, ग्रामीण विकास और वित्तीय समावेशन को बढावा देना है। ग्रामीण विकास में इन्फ्रास्ट्रक्चर के महत्व को जानकार RIDF अंतर्गत सिंचाई परियोजनाओं, सड़कों और अन्य इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए 132 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की गई है जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में सिंचन, परिवहन और संचार सुविधाओं में सुधार हुआ है। इसके अलावा, ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं की पहुंच बढ़ाने के लिए विभिन्न योजनाएं लागू की गई हैं जिससे कई ग्रामीण परिवारों को बैंकिंग सेवाओं का लाभ मिला है।नाबार्ड ने राज्य के 33 जिलों में सौर सुजला योजना (SSC) के तहत 20000 सौर ऊर्जा पंप सेटों की स्थापना के लिए छत्तीसगढ़ सरकार को 617.81 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की है। बीजापुर जिले के चारों विकासखण्डों में 3000 से अधिक सोलर पम्प स्थापित किये गये हैं।

बैंकों में लंबित ऋण प्रकरणों का करें अतिशीघ्र निराकरण:कलेक्टर

रायगढ़, 19 जनवरी। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय परामर्शदात्री एवं पुनरीक्षण समिति की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने शासन की विभिन्न ऋण योजनाओं के बैंकों में लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अतिशीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री गोयल ने प्राथमिकता क्षेत्र की उपलब्धि, कमजोर वर्ग को ऋण, महिलाओं को ऋण, अल्पसंख्यक वर्ग को ऋण, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, खादी ग्रामोद्योग, जिला व्यापार एवं उद्योग, अंत्योदय स्वरोजगार योजना एवं आदिवासी स्वरोजगार योजना, किसान क्रेडिट कार्ड जैसे विभिन्न योजनाओं विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर श्री गोयल ने प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र की उपलब्धियो की समीक्षा करते हुए कहा कि छोटी बचत को प्रोत्साहित करते हुए अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को सुगमता से ऋण उपलब्ध करें। उन्होंने साख जमा अनुपात में आवश्यक सुधार कर राष्ट्रीय लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु बनाए कार्ययोजना की जानकारी ली। उन्होंने बैंकों को प्रत्यक्ष कृषि ऋण में बढ़ोतरी करने के निर्देश दिए, ताकि किसानों के आय में वृद्धि हो सके। इस दौरान उन्होंने कमजोर, महिला एवं अल्पसंख्यक वर्ग ऋण की समीक्षा की। उन्होंने कमजोर एवं अल्पसंख्यक वर्ग के ऋण में आवश्यक वृद्धि करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में अनुसूचित जाति एवं जनजाति समुदाय की संख्या के लिहाज से ऋण प्रकरण बढ़ाने में विशेष ध्यान देने को

कहा। महिलाओं के ऋण समीक्षा के दौरान एलबीओ ने बताया कि जिले में राष्ट्रीय लक्ष्य 5 प्रतिशत के विरुद्ध ऋण अधिक है। जिस पर कलेक्टर श्री गोयल ने सभी बैंकों को प्राथमिकता से ऋण प्रदान करने की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह ऋण केवल एसएचजी समूह की महिलाओं तक सीमित नहीं होनी चाहिए। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय आजीविका मिशन अंतर्गत जिले के विभिन्न बैंकों में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय आजीविका मिशन ग्रामीण एवं शहरी के जो प्रकरण लंबित है उन आवेदनों की जांच कर स्वीकृत करे अथवा अस्वीकृत करने की स्थिति में उचित कारण अंकित करे। उन्होंने कहा कि यह कार्य प्राथमिकता से अतिशीघ्र निराकृत करें। कलेक्टर श्री गोयल ने खादी ग्रामोद्योग एवं जिला व्यापार एवं उद्योग, अंत्योदय स्वरोजगार योजना एवं आदिवासी स्वरोजगार योजना में प्राप्त प्रकरण एवं वितरण की जानकारी ली। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित प्रकरण पर बैंकों से चर्चा करें। साथ ही योजना के लाभ पश्चात हितग्राही के संचालित व्यावसायिक स्थल पर योजना का नाम एवं वर्ष अंकित किया जाए, ताकि अन्य लोगों को योजनाओं की जानकारी प्राप्त हो एवं वे भी योजना का लाभ उठा सके। इस अवसर आरबीआई से श्री नवीन तिवारी, एलबीओ श्री कमल किशोर सिंह सहित विभागीय अधिकारी एवं बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। केसीसी प्रकरण न रखे लंबित कलेक्टर श्री गोयल ने किसान क्रेडिट कार्ड योजना की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कृषि, पशुपालन, मत्स्य एवं उद्यानिकी विभाग द्वारा बनाए गए केसीसी प्रकरण की जानकारी ली। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि शासकीय अमला एवं बैंक केसीसी के प्रकरण को अपने स्तर पर लंबित न रखे। उन्होंने विभागीय अधिकारी को कहा कि दस्तावेज अपूर्ण होने की स्थिति में निरस्त होने पर दस्तावेज पूर्ण कर पुन: भेजे। इस दौरान उन्होंने फसल बीमा की समीक्षा भी की। उन्होंने कहा कि फसल बीमा अपेक्षाकृत कम है। उन्होंने ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा प्रदत प्रशिक्षण की जानकारी ली। विभागीय अधिकारी ने बताया कि सितंबर माह तक 39 प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित कर 977 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षित किया गया है।

बैंक पहुंचे महिला समूह को वित्तीय लेनदेन में न हो परेशानी

कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि स्व-सहायता समूह की महिलाएं अधिकांश ग्रामीण क्षेत्र से आती है, ऐसे में बैंकों में उन्हें अधिक समय तक इंतजार न करवाए, ताकि उन्हें अनावश्यक रूप से परेशानियों का सामना न करना पड़े। उन्होंने सभी बैंकों को निर्देशित किया कि वित्तीय लेनदेन संबंधी जानकारी प्रदान करने के साथ ही प्राथमिकता से उनका सहयोग करें। इस दौरान उन्होंने एनआरएलएम, आदिवासी विभाग, अल्पांवसायी, महिला एवं बाल विकास विभाग को उप समिति गठित कर ऋण योजनाओं की समीक्षा के निर्देश सीईओ जिला पंचायत को दिए, ताकि ऋण योजनाओं के लंबित प्रकरणों में कमी

आबकारी विभाग ने घर से शराब का जखीरा किया बरामद

बीजापुर,19 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के निर्देश पर और उपायुक्त आबकारी श्री आशीष कोसम के मार्गदर्शन में 17 जनवरी 2025 को जिला आबकारी अधिकारी अभिषेक तिवारी के नेतृत्व मे आबकारी टीम बीजापुर ने मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर आबकारी वृत्त भोपालपट्टनम ग्राम बासागु?ा थाना बासागु?ा से 500 मीटर की दुरी पर साप्ताहिक बाजार के मध्य तिरुपति जंघम नाम के व्यक्ति द्वारा किराना दुकान के माध्यम से अवैध मदिरा का विक्रय किया जा रहा था। मुखबिर सूचना के आधार पर आबकारी टीम मौके पर घटना स्थल पर पहुंची परन्तु आरोपी अवैध शराब को अपने घर के एक कमरे मे छुपा कर फरार हो चूका था। स्थानीय पुलिस की मदद से तथा गांव के सरपंच एवं अन्य गवाहों के उपस्थिति मे कमरे का दरवाजा तोड़ा गया जहाँ से ब?ी मात्रा मे नॉन ड्यूटी पेड एवं ड्यूटी पेड अवैध शराब जब्त की गई। आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2), 36, 59 (क) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना मे लिया गया है।कार्यवाही के दौरान नॉन ड्यूटी पेड (मध्य प्रदेश एवं तेलंगाना विक्रय हेतु कुल 66.17 बल्क लीटर 273 नग गोवा स्पेशल व्हिस्की, 84 नग मैकडॉवेल्स नंबर 1 व्हिस्की, 7 नग रॉयल स्टैग डीलक्स व्हिस्की प्रति नग 180 उस 1 नग किंग फिशर बियर 650 उस ड्यूटी पेड कुल 31.50 बल्क लीटर 3 नग रॉयल स्टैग डीलक्स व्हिस्क, 11 नग ब ब्लैक, 16 नग फ्रंटलाइन व्हिस्की, 8 नग वाइट एंड ब्लू व्हिस्की, 4 नग आफ्टर डार्क व्हिस्की प्रति नग 750 ?लीटर प्राप्त किया गया। कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक श्रीराम कावरे, आरक्षक शिवनारायण सेठिया, भरत वट्टी, नगर सैनिक मनोज एक्का तथा थाना बासागु?ा के स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

पीएम नवोदय विद्यालय में यातायात नियमों की जानकारी दी

बीजापुर,19 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। पीएम श्री नवोदय विद्यालय बीजापुर में यातायात पुलिस बीजापुर द्वारा आयोजित यातायात नियमों की पाठशाला में छात्र-छात्राओं को सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर जितेंद्र कुमार यादव और यातायात नोडल अधिकारी डीएसपी विनीत साहू के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में 300 छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण, जिला परिवहन अधिकारी, यातायाता शाखा से सहायक उप निरीक्षक विजय मंडावी एवं अधीनस्त बल शामिल हुए। कार्यक्रम में यातायात पुलिस ने छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों, संकेतों और चिन्हों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्हें बताया गया कि यात्रा एक ऐसा विषय है जिसमें कोई भी व्यक्ति अछूता नहीं है, और सभी को अपने जीवन में दुर्घटनाओं से बचाव के लिए यातायात नियमों का पालन करना चाहिए।यातायात पुलिस ने छात्र-छात्राओं को निम्नलिखित महत्वपूर्ण बातें बताईं।

- हेलमेट और सीट बेल्ट की अनिवार्यता- दोपहिया वाहनों पर हेलमेट और चारपहिया वाहनों में सीट बेल्ट का उपयोग करना अनिवार्य है। दोपहिया वाहनों में तीन सवारी न बैठना- दोपहिया वाहनों पर दो से अधिक सवारी नहीं बैठनी चाहिए। वाहन चलते समय मादक द्रव का सेवन न करना- वाहन चलाते समय मादक द्रव का सेवन करना खतरनाक हो सकता है। तेज गति वाहन एवं लापरवाही पूर्वक वाहन ना चलाना- वाहन को तेज गति से चलाना और लापरवाही से वाहन चलाना दुर्घटनाओं का कारण बन सकता है। प्रेशर हॉर्न का उपयोग न करना- प्रेशर हॉर्न का उपयोग करने से बचना चाहिए। ज़ेबरा क्रॉसिंग- ज़ेबरा क्रॉसिंग पर वाहन चलाते समय सावधानी बरतनी चाहिए। लाइसेंस बनाने के नियम- वाहन चलाने के लिए लाइसेंस बनाने के नियमों का पालन करना चाहिए। दुर्घटना के कारण व दुर्घटना घटित होने पर चालक के कर्तव्य- दुर्घटना के कारणों को समझना और दुर्घटना घटित होने पर चालक के कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। सड़क पर वाहन चलाने की सही तरीका- सड़क पर वाहन चलाने की सही तरीका सीखना चाहिए। मोटर व्हीकल एक्ट के विभिन्न धाराओं व उसमें निर्धारित जुर्माना की राशि- मोटर व्हीकल एक्ट के विभिन्न धाराओं और उसमें निर्धारित जुर्माना की राशि से बच्चों को अवगत कराया गया ।

मुठभेड़ में मारे गए 12 माओवादियों में से 10 माओवादियों की हुई शिनाख्त

बीजापुर,19 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ0 जितेन्द्र कुमार यादव ने कहा है कि मुठभेड में 01 बटालियन नम्बर 01 सदस्य, 03 सी.वाय.पी.सी.,01 एसीएम, 04 एरिया कमेटी प्लाटून सदस्य तथा 01 एलओएस पार्टी सदस्य कैडर की पहचान कार्यवाही पूरी की जा चुकी है।शेष 02 माओवादियों की शिनाख्तगी कार्यवाही जारी है । पहचान किए जा चुके 10 माओवादियों की सूची- 1. नाम - तामो हुंगी 27 वर्ष पिता नही मालूम निवासी बेदरे थाना जगरगुण्डा जिला सुकमा, पदनाम बटालियन नम्बर 01 कंपनी नम्बर 02 सदस्य,ईनाम 08.00 लाख रूपये2. नाम - नरसिंह राव पिता नही मालूम निवासी तेलंगाना, पदनाम- सीआरसी कंपनी नम्बर 02/ष्ट4क्क्ष्ट टेक्निकल टीम सदस्य, ईनाम 08.00 लाख रूपये 3. नाम - मंगडू पिता नही मालूम निवासी पश्चिम बस्तर डिवीजन जिला बीजापुर, पदनाम- सीआरसी/ ष्ट4क्क्ष्ट ईनाम 08.00 लाख रूपये 4. नाम - मा?वी देवे पिता नही मालूम निवासी नेण्ड्रा थाना एर्राबोर जिला सुकमा, पदनाम- प्लाटून नम्बर 30 ष्ट4क्क्ष्ट,ईनाम 08.00 लाख रूपये5. नाम - मा?वी जोगा पिता नही मालूम निवासी दरभा डिवीजन, डिवीजन टेक्निकल टीम/एसीएम ,ईनाम 05.00 लाख रूपये6. नाम - नुप्पो सोम?ी पिता नही मालूम निवासी पोलमपल्ली थाना उसूर जिला बीजापुर, पदनाम- कोंटा एरिया कमेटी सदस्य, ईनाम 05.00 लाख रूपये 7. नाम - इरपा सीते पति लक्ष्मण (दक्षिण सब जोनल ब्युरो टेक्निकल टीम पीपीसीएम) निवासी पेद्दागेलूर थाना तर्रेम जिला बीजापुर, पदनाम-जगरगुण्डा एरिया कमेटी सदस्य,ईनाम 05.00 लाख रूपये8. नाम - डोडी वासू पिता नही मालूम निवासी पेद्दागेलूर थाना तर्रेम जिला बीजापुर, पदनाम-कोंटा एरिया कमेटी प्लाटून नम्बर 04 सदस्य, ईनाम 05.00 लाख रूपय9. नाम - उईका आयतू उम्र 25 वर्ष पिता नही मालूम निवासी मिस्सीगु?ा थाना जगरगुण्डा जिला सुकमा, पदनाम- कोंटा एरिया कमेटी प्लाटून नम्बर 04 सदस्य, ईनाम 05 लाख रूपये10. नाम - पोट्टाम मंगली पिता नही मालूम निवासी डुवाली नेण्ड्रा थाना गंगालूर जिला बीजापुर, पदनाम - गोलापल्ली एलओएस पार्टी सदस्या,ईनाम 02.00 लाख रूपये शेष 02 माओवादियों की शिनाख्तगी कार्यवाही जारी है पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज श्री सुन्दरराज पी. ने कहा है कि 18 जनवरी को नक्सलियों द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में उन्होंने तेलंगाना राज्य समिति कैडर दामोदर सहित 18 कैडरों के नुकसान को स्वीकार किया है द्दयह नक्सलियों के महत्वपूर्ण मजबूत पकड़ क्षेत्र में नक्सलियों के लिए एक बड़ा झटका है दामोदर का उन्मूलन छत्तीसगढ़ तेलंगाना अंतरराज्यीय सीमा के साथ नक्सल आंदोलन के लिए एक बड़ा झटका है ।

मुख्यमंत्री का हेलीपेड पर जनप्रतिनिधियों ने किया स्वागत

महासमुंद। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शनिवार को महासमुंद के शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय मचेवा में आयोजित स्वामित्व कार्ड वितरण कार्यक्रम में पहुंचे। इस अवसर पर उनके साथ राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा भी पहुंचे।

प्रसिद्ध कथावाचक संत बालयोगी अरोड़ा का भाटापारा की प्राचीन रामलीला मंडली कार्यालय में आगमन

रामलीला के बाल कलाकारों ने बालयोगी को सुनाया रामलीला का पाठ

प्राचीन ब्रिटिश काल से मंचन होने वाली राम लीला को संत ने बताया अदभुत

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भाटापारा, 19 जनवरी। भाटापारा रामलीला में प्रसिद्ध कथावाचक संत बालयोगी विष्णु अरोड़ा जो नागरिक ज्ञान यज्ञ समिति भाटापारा के द्वारा आयोजित देवी महापुराण में कथा वाचक संत बालयोगी विष्णु अरोडा ऐतिहासिक 105 वर्ष पूर्ण कर चुकी आदर्श रामलीला नाटक मंडली कार्यालय में उनका आगमन हुआ।

रामलीला समिति के अध्यक्ष प्रकाश शर्मा एवं रामलीला समिति के पदाधिकारी व संरक्षक मंडल के द्वारा श्रीफल व फूलमाला पहनाकर एवँ आशीष लेते हुए बालयोगी विष्णु अरोड़ा का स्वागत हुआ एवं उसके पश्चात रामलीला में स्थापित भगवान रामदरबार, गणेशजी एवं शंकर के साथ रामचरित मानस रामायण की पुजा आरती कथावाचक अरोड़ा ने की। रामलीला समिति के सभी सदस्यों को संबोधित करते हुए अपने उद्बोधन में कहा मैं बहुत चकित हूं और मुझे बहुत आनंद आ रहा है कि इस रामलीला में बाल कलाकार पूर्ण समर्पण से कार्य करते हैं, कलाकार अपने जीवन में भी भगवान श्रीराम के चरित्र को यदि थोड़ा सा भी

आत्मसात करें तो हम अपने चरित्र को भी उत्तम बना सकते हैं वहीं भगवान राम के चरित्र लीलाओं का वर्णन किया तथा बच्चो के द्वारा अभिनय प्रस्तुति भी बाल योगी के सामने प्रस्तुत की गई तथा संत बालयोगी ने रामलीला के प्रस्तुतिकरण की प्रक्रियाओं को विस्तार से समिति सदस्यों के माध्यम से जानकारी ली वही उन्होंने बताया कि ऑनलाइन के माध्यम से नौरात्र में आयोजित लीलाओ का अवलोकन मैं भी अपने निवास स्थल पर करता रहता हूं। वही संत ने धर्म एवं संस्कृति की रक्षा करने के लिए भाटापारा के नागरिकों एवं रामलीला मंडली के सभी संरक्षक पदाधिकारी तथा बाल कलाकारों को बहुत-बहुत आभार एवं साधुवाद दिया।

बालयोगी संत विष्णु अरोड़ा के आगमन कार्यक्रम में आदर्श रामलीला नाटक मंडली के समस्त पदाधिकारीगण संरक्षक मंडल एवं भाटापारा के वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित नागरिक मौजूद रहे वहीं बाल कलाकारों में अक्षत जोशी, आदित्य जोशी, काव्यांश शर्मा, हर्ष गुप्ता, धर्मपाल सोनी, श्याम मल, आदित्य गुप्ता, लक्की चौरसिया, वासु शर्मा, वैभव शर्मा, शौर्य मिश्रा, मंगल मिश्रा, अभी अग्रवाल, नीलेश मल, नमन मल, शुभ केशरवानी, आदित्य सोनी एवं अन्य कलाकार भी मौजूद रहे।

एक नजर

यातायात जागरूकता पर प्रश्नोत्तरी में 1380 विद्यार्थियों ने लिया भाग

बलौदाबाजार, 19 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में 35वां सड़क सुरक्षा माह 2025 कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत जिले में दिनांक 4 से 31 जनवरी तक सड़क सुरक्षा माह के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम के तहत 17 जनवरी को सड़क सुरक्षा माह के 14वें दिन स्कूली बच्चों में यातायात जागरूकता हेतु वस्तुनिष्ठ प्रश्नोत्तरी परीक्षा का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के विभिन्न स्कूलों में कक्षा 09वी से 12वीं तक के 1380 स्कूली बच्चों के मध्य वस्तुनिष्ठ प्रश्नोत्तरी यातायात जागरूकता परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य, वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के माध्यम से स्कूली बच्चों में यातायात नियमों का पालन एवं उन्हें यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी प्रदान करना है। परीक्षा कार्यक्रम में यातायात संकेतों, यातायात नियमों का पालन एवं सड़क दुर्घटना से बचाव आदि से संबंधित विभिन्न सामान्य प्रश्नों का समावेश कर परीक्षा आयोजित किया गया। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस की अपील सुरक्षित एवं सुगम परिवहन के लिए यातायात नियमों का सदैव पालन आवश्यक है, इससे आमजनों द्वारा अनुशासित होकर वाहन चालन किया जाएगा, जिले में सुरक्षित परिवहन के लिए आमजनों का भी परस्पर सहयोग अत्यंत आवश्यक है।

धान खरीदी में अनियमितता पर कलेक्टर ने 3 उपार्जन केंद्र प्रभारी को हटाया

बलौदाबाजार, 19 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। धान खरीदी कार्य में अनियमितता बरतने के कारण कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जिला पंजीयक द्वारा 3 उपार्जन केंद्र प्रभारियों को हटाने क़ी कार्यवाही क़ी गई है। इसके साथ ही एक प्राथमिक कृषि शाख सहकारी समिति के शाखा प्रबंधक को भी हटाया गया है। समर्थन मूल्य में धान खरीदी कार्य में लापरवाही बरतने के कारण धान उपार्जन केंद्र दतान (प)के केंद्र प्रभारी घनश्याम वर्मा, उपार्जन केंद्र सैहा के केंद्र प्रभारी जगदीश प्रसाद लहरी, उपार्जन केंद्र बलौदाबाजार के केंद्र प्रभारी रोहित यादव को हटाया गया है तथा विकासखंड कसडोल अंतर्गत प्राथमिक कृषि साख सहकारी मर्यादित रिकोला का प्रभार शाखा प्रबंधक बया माधव लाल नायक को देने हेतु अधिकृत किया गया है। इसके साथ ही उपार्जन केंद्र बिटकुली के फ्ड प्रभारी मनोज श्रीवास्तव एवं उपार्जन केंद्र डमरू के फ्ड प्रभारी तिलक राम देवदास द्वारा समर्थन मूल्य योजनान्तार्गत धान खरीदी कार्य हेतु जारी निर्देशों का उल्लंघन करने पर उनके विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं को दिए गए हैं।

आदर्श आचार संहिता के पूर्व ही गांव में अतिक्रमण की बाढ़

सरपंच और प्रतिनिधि की शह पर चल रहा अवैध मकान निर्माण का खेल

अवैध मकान निर्माण करने वालों को पंचायत से नहीं मिली अब तक नोटिस, प्रशासन पर उठ रहे सवाल

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भखारा, 19 जनवरी। चुनावी बिगुल फूंक चुका है और ग्रामीण सत्ता में काबिज होने के लिए कई दावेदार सक्रिय हो गए है तो वहीं वर्तमान सरपंच और प्रतिनिधि अपनी वोट तराशने अतिक्रमणकारियों को खुला छूट देकर जीत की हुंकार भरने में जुट गए है।

बता दें कि भखारा तहसील क्षेत्र के ग्राम सुपेला के ग्रामीण वर्तमान सरपंच के सह पर आदर्श आचार संहिता लगने के पूर्व ही शासकीय भूमि पर कब्जा जमाने का आगाज कर लिया है और धड़ल्ले से अवैध मकान निर्माण करने में लगे है।आगामी भविष्य के लिए सुरक्षित शासकीय भूमि की दोहन कर अतिक्रमण कर रहे है। अतिक्रमण कर मकान निर्माण करने का यह खेला वर्तमान सरपंच लीलेश्वरी देवांगन और उनके पति चेतन देवांगन के सह पर चल पर रहा है जो भोले भाले ग्रामीणों को अतिक्रमण करने के लिए लालायित कर चंद वोट बटोरने के लिए झूठी आश दे रखा है और वे लोग ग्रामीणों को पंचायत के द्वारा कोई कार्यवाही नही होने का दिलासा दिया है जिनके नक्शे कदम पर चलकर ग्रामीण धड़ल्ले से अवैध मकान का निर्माण कर रहे है जिस पर प्रशासन के तरफसे पंचायत में बैठे सचिव के द्वारा एक नोटिस भी जारी नही किया जाना बड़ी सांठगांठ की ओर इंगित करता

है।

उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत सुपेला की शासकीय भूमि खसरा क्रमांक - 123 व 79 में वर्तमान सरपंच की सह पर अतिक्रमणकारियों ने जोर आजमाइश कर अवैध मकान का निर्माण कर लिया हैं तो कई लोगों का अवैध निर्माण कार्य जारी है।लेकिन ग्राम सुपेला से महज 3 किलोमीटर की दूरी पर स्तिथ भखारा की तहसील दफ्तर में बैठे तहसीलदार के ऊपर एक सवाल यह भी खड़ा होता है कि ग्राम सुपेला की शासकीय भूमि खसरा क्रमांक - 123 जो शासकीय रिकॉर्ड में खेलकूद एवं सार्वजनिक भूमि के लिए आरक्षित हुआ है जिसमें खाद का गोदाम, बच्चों की खेलने के लिए ओपन जिम और राजीव गांधी सेवा केंद्र जैसे भवन स्थित है और उसी प्रकार खसरा क्रमांक - 79 मवेशियों को चराने के लिए चराई मद हेतु आरक्षित है जिसमें वर्तमान सरपंच और उनके प्रतिनिधि की सह पर अतिक्रमणकारियों के द्वारा अवैध मकान का निर्माण किया जा रहा है जिस पर प्रशासन के द्वारा कार्रवाई किया जाएगा या नही, यह देखना दुर्लभ होगा, ऐसा तो नही की प्रशासनिक अमला जानबूझकर अनजान बनने की कोशिश कर रहा है।

10 साल की नाकामी छिपाकर एक फ़ि चुनावी मैदान में उतरने की कर रहे तैयारी: ग्रामीण सूत्रों ने हमारे संवाददाता को नाम न छापने की शर्त में बताया कि वर्तमान सरपंच लीलेश्वरी देवांगन और उनके पति चेतन देवांगन विगत दो पंचवर्षीय से ग्रामीण सत्ता में काबिज है और गाँव मे उन लोगों ने दबंगई कर स्वयं ग्राम की शासकीय भूमि खसरा क्रमांक - 123 पर अतिक्रमण कर लिया है उनके द्वारा अतिक्रमण की गई शासकीय भूमि, गांव की विभिन्न प्रयोजन के लिए आरक्षित है और उनके अतिक्रमण मामले में माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर ने भी उनके ऊपर अतिक्रमण सिद्ध पाए जाने का आदेश भी पारित कर दिया है इसके बावजूद भखारा तहसील के एक तत्कालीन तहसीलदार ने वर्तमान सरपंच व प्रतिनिधि को सह देकर उच्च न्यायालय की आदेश का अव्हेलना कर अतिक्रमण भूमि को बेदखल नही किया।इसी प्रकार गांव की वर्तमान सरपंच ने नियम विरुद्ध गांव की खारुन नदी तट पर स्तिथ भूमि में एक व्यक्ति को हाईटेक मुर्गी पालन के लिए मोटी रकम लेकर अपनी उद्देश्य पूर्ति के लिए पंचायत से प्रस्ताव की कॉपी व अनापत्ति प्रमाण पत्र दे दिया वहीं गांव के लोग मुर्गी फार्म की असहनीय बदबू से परेशान है और लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

ग्रामीणों ने यह भी बताया कि पिछले 10 वर्षों में पति और पत्नी की सरपंची में हर योजना में जमकर घोटाला हुआ जिसकी संबंधित विभागों में कई बार शिकायत किया गया लेकिन जांच में आये अधिकारियों ने चंद पैसे के लालच में जाँच प्रतिवेदन को ही प्रभावित कर मामले को रफा दफा कर दिया।वर्तमान सरपंच ने गांव की शासकीय भूमि को आबादी कराकर अपने चहेतो को मोटी रकम लेकर पट्टा थमा दिया और गांव की जरूरतमंद लोंगो आबादी नही दिया गांव के अधिकांश लोगों के पास निस्तारण के लिए जगह नही है उन्हें आबादी दिया जाना था लेकिन उनके साथ कुठाराघात किया गया।दो पंचवर्षीय से ग्रामीण सत्ता का लाभ लेने के बावजूद सरपंच प्रतिनिधि अब भी चुनावी मैदान में उतरने की भरसक तैयारी में है लेकिन अब देखना यह है कि जनता वोट देकर किसे प्रतिनिधित्व करने का मौका देती है।

सरस्वती शिशु मंदिर में वार्षिकोत्सव मनाया गया

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

तिल्दा नेवरा, 19 जनवरी। ग्रामीण अंचल के ग्राम देवरी में सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर देवरी में विद्यालय का वार्षिकोत्सव संपन्न हुआ।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के आसंदी पर विराजमान तिल्दा नगर के युवा उद्योगपति, समाजसेवी, भाजपा महामंत्री सौरभ जैन ने समस्त दर्शकों और ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिशु मंदिर सिर्फ एक पढ़ाई का केंद्र नही बल्कि एक कारखाना है यहां से पढ़कर निकले हुए बच्चे विभिन्न क्षेत्रों में जाकर अपने अपने मां बाप और गांव का नाम रोशन कर रहे है साथ ही साथ शिशु मंदिर में पढ़ने वाले बच्चे एक देशभक्त और आदर्श

नागरिक बनकर देश और समाज की सेवा करते है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जितेन्द्र प्रसाद पैसिव इंफ्रा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड छपोरा प्लांट विशिष्ठ अतिथि के रूप में विजय सिंह ठाकुर पूर्व सरपंच कोहका घुलघुल एवम भाजपा किसान मोर्चा डॉक्टर खुमान वर्मा भाजपा नेता की उपस्थिति रही। उक्त कार्यक्रम में बच्चों ने गणेश स्तुति, सरस्वती वंदना स्वागत गीत, कर्मा दरिया बस्तरीह गीत शिव तांडव महिषासुर मर्दनी तथा छोटे छोटे बाल कलाकारों ने अहा टमाटर बड़े मजेदार एक मोटा हाथी घूमने चले इत्यादि गानों पर तथा एक प्रेरक प्रसंग पर आधारित नाटक बाल विवाह जो की समाज की बहुत बड़ी कुरुति है उस विषय पर नाटक का मंचन किया जिसे देखकर दर्शक दीर्घा हंसी से लोट पोट हो गए। कार्यक्रम का संचालन ग्राम भारती जिला रायपुर के कोषाध्यक्ष डोमार वर्मा एवम् पूर्व छात्र प्रदीप वर्मा ने किया। इस अवसर पर विद्यालय समिति के अध्यक्ष भागवत प्रसाद वर्मा ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। प्रधानाचार्य येलन वर्मा ने कार्यक्रम की शुरुवात में अतिथियों के सम्मुख वृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया विद्यालय परिवार से दीदी में बीना गोस्वामी, सीमा वर्मा सरिता वर्मा राधा वर्मा चंद्रवती वर्मा सुनीता गुप्ता कु शशि वर्मा कु बबिता वर्मा कु गंगा वर्मा कु ज्योति वर्मा साथ ही साथ विद्यालय प्रबंध समिति से श्रीमान शत्रुहन वर्मा भनुप्रताप वर्मा देवानंद वर्मा कौशल वर्मा भुनेश्वरी पांडे गौरा वर्मा शैल वर्मा ललिता वर्मा गीता वर्मा माया वर्मा अंजनी वर्मा कमला वर्मा की उपस्थिति सराहनीय रही।

समाचार संक्षेप

मानसिक अशांति को दूर करता है ध्यान : मिथलेश सिन्हा

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

छुरा, 19 जनवरी। सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित साप्ताहिक योग शिविर में योगाचार्य मिथलेश कुमार सिन्हा द्वारा छात्र छात्राओं को योगाभ्यास कराया जाता है एवं योग की बारीकियों को बताया जाता है। इसी कड़ी में बच्चों को ध्यान का अभ्यास कराते हुए योगाचार्य मिथलेश सिन्हा ने कहा कि ध्यान से विद्यार्थियों का छुपा हुआ स्वभाव बाहर आता है, ये स्वभाव बहुत ही शुद्ध और सुंदर होता है और खुशी लाता है। इस वातावरण में बच्चे बहुत ही शांत और उर्जायुक्त रहते हैं। ऐसे वातावरण में बच्चे आराम शांति और उर्जावान महसूस करते हैं।ध्यान बेचैन बच्चे को दिशा देता है, लापरवाह बच्चे को संवेदनशीलता देता है, घबराहट को शांत करता है, और बच्चों में उग्रता को नरम करता है।इसलिए माता पिता को स्वाभाविक रूप से अपने बच्चे खासकर किशोर, जो कि स्वभाव से ही बेचैन और मनमौजी होते हैं, उन के लिए इस साधारण तरीके का लाभ लेना चाहिए। योगाचार्य मिथलेश द्वारा प्रत्येक शनिवार को योग, सूर्य नमस्कार, ध्यान, योग नृत्य आदि का अभ्यास कराया जाता है जो कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अति महत्वपूर्ण है। संस्था के प्राचार्य संतोष वर्मा ने बताया कि विद्या भारती के मुख्य पांच पाठ्यक्रमों में योग शिक्षा की अहम भूमिका है, योगाभ्यास कराने हेतु उन्होंने विद्यालय परिवार की ओर से योगाचार्य का धन्यवाद किया।

वाहनों की अत्यधिक आवाजाही से नगर का यातायात बदहाल

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

तिल्दा नेवरा, 19 जनवरी। बढ़ते उद्योगों के चलते भारी वाहनों की अत्यधिक आवाजाही के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यातायात, उचित व्यवस्था नहीं होने से स्थिति खराब हो गई है। इसलिए प्रशासन जल्द सुध लेकर जनसमस्याओं का निपटारा कर राहत दिलाए। सड़कें वही हैं, रास्ते वही हैं, लेकिन यातायात बदहाल हो चुका है। कल तक जो सड़कें खाली-खाली दिखती थीं, वहां अब भीड़ ही भीड़ नजर आती है। वजह यह नहीं कि सड़कों की चौड़ाई कम कर दी गई है, वजह यह है कि हमने पड़ताल की तो पाया कि शहर के अंदरूनी हिस्से और बाहरी हिस्से में यातायात व्यवस्था चरमरा गई है।

तिल्दा नेवरा में एसडीएम आशुतोष देवांगन ने प्रशासक की जिम्मेदारी सम्हालते ही मुख्य नगरपालिका अधिकारी अनीश ठाकुर, नायब तहसीलदार विपिन पटेल और पालिका के अधिकारियो और कर्मचारियों को लेकर नगर में घूम घूम कर यातायात सुधारने हेतु व्यापारियों से सहयोग माँगा था परन्तु इसका कोई भी असर शहर के यातायात पर नहीं दिखाए दे रहा है स्टेशन चौक में दुकानों के सामने बेतरबी से वाहन खड़े रहते है जिसका खामियाजा पूरा शहर भुगत रहा है ट्रक ड्राइवर अपनी गाड़िया कही भी खड़े कर दे रहे है स्टेशन से सिंधी कैम्प जाने वाले रस्ते में पैदल चलना मुश्किल है शहर की गलियों में लोगो के द्वारा बिल्डिंग मटेरियल बिछा कर जाम कर दिया जाता है अधिकारियो को जानकारी होने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं किया जाता है जिस कारण से लोगो में प्रशासन का डर खत्म हो गया है वे बेखौफ मनमानी कर दुसरो को परेशान कर रहे है। बाजार के हालत इतने खराब हैं कि चौड़ी सड़कें दुकानें खुलते ही सिकुड़ने लगती है। बाजार क्षेत्र में सुबह से लेकर देर रात तक यातायात में अवरोध पैदा होने से राहगीर परेशान हैं। शहर के व्यस्ततम क्षेत्रों में स्टेशन चौक, दीनदयाल उपाध्याय चौक, खूबचंद बघेल चौक रोड मार्ग से गुजरने से लोग अब कतराने लगे हैं। इस पर मार्ग पर दिन भर जाम लगता है। शहर में लगातार हो रहे सड़क हादसों से लोग नाराज हैं.यदि अब भी प्रशासन स्कूल कॉलेज मार्ग में चलने वाले भारी वाहनों की रफ्तार को रोकने के लिए कदम नहीं उठाता तो शहर वासियो को इसका दुष्परिणाम देखना पड़ सकता है। सड़क हादसे और मौत मानो रोज की बात हो चुकी हैअब शहर के लोग सड़कों पर दहशत में रहने लगे है. प्रशासन भी व्यवस्था को सुधारने की बात कही रही है. लेकिन यहां लगातार हादसों का ग्राफ बढ़ता जा रहा है जो चिंता का विषय बना हुआ है। आम जनता का कहना है की शहर में यातायात व्यवस्था पूरी तरह से ठप है. चौक चौराहों पर यातायात व्यवस्थित नहीं है. बीच सड़क पर ट्रकें खड़ी रहती है. सिमगा खरोरा की ओर जाने वाली बसे टैक्सियां सड़क पर होने से भी लोग परेशान है।

तुरतुरिया में बीएसएनएल नेटवर्क एक्टिव

बलौदाबाजार, 19 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिले के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थल तुरतुरिया धाम में बीएसएनएल का नेटवर्क सक्रिय हो गया है जिससे अब वहां मोबाइल कनेक्टिविटी क़ी सुविधा लोगों को मिलना शुरू हो गया हैई - डिस्ट्रिक मैनेजर से प्राप्त जानकारी के अनुसार तुरतुरिया धाम में बीएसएनएल द्वारा मोबाइल टॉवर स्थापित किया गया है जिसे अब सक्रिय कर दिया गया है। गौरतलब है कि विगत दिनो कलेक्टर दीपक सोनी ने मेले क़ी तैयारियों का जायजा लेने तुरतुरिया पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने मोबाइल कनेक्टिविटी के लिए वहां स्थापित बीएसएनएल टावर को एक्टिव करने के निर्देश दिए थे।

महिन्द्रा स्पंज एंड पावर लिमिटेड सरोरा के स्कूलों में चलाये जा रहे सड़क सुरक्षा सप्ताह का समापन

छात्र-छात्राओं ने रैली निकालकर ग्रामीणों को यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

तिल्दा-नेवरा, 19 जनवरी। लगातार बढ़ रहे सड़क हादसों की रोकथाम के लिए हर साल 11 से 17 जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जाता है। सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों को सड़क सुरक्षा के महत्व को समझाना होता है। यह सप्ताह लोगों को ये समझाने के लिए है कि सड़क सुरक्षा को लेकर हमारी जिम्मेदारी क्या है और हमें कैसे सड़क पर सुरक्षित रहना चाहिए। सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान सड़क सुरक्षा के महत्व को लोगों तक पहुंचाने के लिए जगहों-जगहों पर तमाम तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैंइसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा समापन दिवस पर तिल्दा ब्लाक में महिन्द्रा स्पंज एंड पावर लिमिटेड सरोरा के द्वारा सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से शासकीय उच्तर माध्यमिक विद्यालय सरोरा में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके तहत स्कूली बच्चो को यातायात के नियमों का पालन करना, वाहनों से उचित दूरी बनाकर रखना, दिशा का ध्यान रखना, जेब्रा क्रॉसिंग का प्रयोग, ध्यानपूर्वक सड़क पार करना आदि विस्तार पूर्वक समझाया गया ततपश्चात विद्यालय परिसर से गांव के प्रमुख मार्गों से लोगों को जागरूक करने के लिए जागरूकता रैली भी निकाली इस दौरान स्कूली बच्चों ने लोगों को यातायात नियमों की जानकारी व यातायात नियमों के प्रति जागरूक होने की अपील करते हुए शपथ दिलाई। इसके अलावा नशे से होने वाले दुष्प्रभावों सभी को सुरक्षित यातायात नियमों की विस्तृत

जानकारी दी और सड़क दुर्घटनाओं को रोकने में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला। आयोजन के दौरान बच्चों में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ उनका उत्साह भी चरम पर दिखा।

सरोरा के सरपंच बिहारी राम वर्मा ने कहा कि जिले में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में अधिकतर युवाओं की मृत्यु यातायात नियमों का पालन नहीं करने, तेज गति से वाहन चलाने के कारण होती है। सड़क सुरक्षा नियमों की जागरूकता न सिर्फ युवाओं में बल्कि आमजन में प्रचारित-प्रसारित कि जाए ताकि सड़क दुर्घटनाओं के कारण होने वाली जान व माल की हानि से बचा जा सकें। सड़क सुरक्षा नियमों का पालन न करना न सिर्फ सामाजिक जिम्मेदारी है बल्कि प्रत्येक व्यक्ति की व्यक्तिगत जिम्मेदारी भी है।उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा सहयोग स्कूली अध्यापकों का रहेगा जो कि स्कूल में बच्चों को ज्यादा से ज्यादा सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी देकर आने वाले भविष्य को मजबूत करेंगे.

महिन्द्रा स्पंज एंड पावर लिमिटेड सरोरा के बी श्रीनिवास और संजीव परिहार ने कहा कि दुपहिया वाहन चालक हेलमेट बेल्ट से बांधकर वाहन नहीं चलाते हैं। दुपहिया वाहन चलाते समय आईएसआई मार्क हेलमेट का प्रयोग किया जाए तो सड़क दुर्घटनाओं में 16 से 35 आयु वर्ग के युवाओं की होने वाली मृतकों की संख्या में 80 प्रतिशत कमी लाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि चौपहिया वाहन चलाते समय वाहन चालक सीट बेल्ट का प्रयोग करें, वाहन तेज गति से न चलाए, गलत दिशा में न चले, मोबाईल का प्रयोग नहीं करें।स्कुल के प्राचार्य अनिल वर्मा ने कहा की हमें सडक पर निकलने से पहले ट्रेफिक नियमों की पालन करते हुए गतंव्य तक पहुंचे. इसके साथ ही सडक सुरक्षा में सहयोग देते हुए अपने आसपास रहने वाले लोगों को भी ट्रेफिक नियमों की पालन करने के लिए जागरूक करें, कार्यक्रम के समापन पर महिन्द्रा स्पंज एंड पावर लिमिटेड सरोरा के अधिकारियो एवं अतिथियों के द्वारा स्कूल के छात्र छात्राओं और शिक्षक शिक्षिकाओ को उपहार देकर सम्मानित किया और उपस्थित समस्त छात्र-छात्राओं, अध्यापकों, अभिभावकों को सड़क सुरक्षा से संबन्धित प्रतिज्ञा दिलवाई।

कार्यक्रम सरोरा सरपंच बिहारीराम वर्मा, महिन्द्रा स्पंज एंड पावर लिमिटेड सरोरा के बी श्रीनिवास, संजीव परिहार, राहुल सिंग, पूनम, स्कुल के प्राचार्य अनिल वर्मा, तानसिंग बंछोर (व्याख्याता), राजेश कुमार मार्कण्डेय (व्याख्याता), एस सरिता (व्याख्याता), स्कुल का पूरा स्टाफ और बड़ी संख्या में स्कूल के बच्चों सहित गांव के लोग उपस्थित रहे।

स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट विद्यालयों में रिक्त 88 पदों पर होगी संविदा भर्ती

बलौदाबाजार, 18 जनवरी। जिले में संचालित 16 स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के रिक्त 88 पदों पर भर्ती की जाएगी। कलेक्टर दीपक सोनी ने शुक्रवार को जिला शिक्षा अधिकारी एवं सम्बंधित स्कूलों के प्रचार्यो की बैठक लेकर पारदर्शी तरीके से भर्ती प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पूरी तरह से मेरिट के आधार पर चयन सूची तैयार करने तथा अभ्यर्थी की प्राथमिकता के अनुसार पदस्थापना करने के भी निर्देश दिए।बताया गया कि 16 स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी विद्यालय में रिक्त व्याख्याता, शिक्षक, कम्प्यूटर शिक्षक, व्यायाम शिक्षक, प्रधान पाठक, सहायक शिक्षक, सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाला, ग्रन्थपाल आदि पदों पर भर्ती के लिए 28 फरवरी तक पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया गया हैं।

एक नजर

वरिष्ठ वकील पर हमला करने वाले की कोर्ट में पिटाई करने वाले वकीलों पर केस दर्ज

रायपुर, 19 जनवरी। हाल ही में एक बीमार वकील पर जानलेवा हमले को लेकर आक्रोशित वकीलों ने डिस्ट्रिक्ट कोर्ट परिसर में ही आरोपी की जमकर पिटाई कर दी थी. इस घटना में शामिल अज्ञात वकीलों के खिलाफमामला दर्ज हो चुका है. इस घटना का वीडियो भी सामने आया, जिसके आधार पर पुलिस आरोपी वकीलों की पहचान करने में जुट गई है. दरअसल, मामला शुक्रवार का है, जब कोर्ट परिसर में वकीलों ने पुलिस अभिरक्षा के बीच बंदी अजय सिंह की पिटाई कर दी थी. अजय सिंह पर आरोप है कि उसने 16 जनवरी (गुरुवार) को शिवानंद नगर में वरिष्ठ वकील दुर्गेश शर्मा पर जानलेवा हमला किया था. पीड़ित वकील की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने स्त्रढ्ढक्रकर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर शुक्रवार को पुलिस ने कड़ी सुरक्षा के बीच आरोपी अजय सिंह को कोर्ट में पेश किया. लेकिन पुलिस सुरक्षा के बीच भी आक्रोशित वकीलों ने मौका पाकर आरोपी की पिटाई कर दी. जानकारी के मुताबिक, आरोपी अजय सिंह ने वकील दुर्गेश शर्मा से एक केस का विरोध किया था. जब वकील ने मना किया तो आरोपी ने घर में घुसकर दुर्गेश पर हमला कर दिया. इस घटना के बाद से वकीलों में आक्रोश है. वकीलों ने आरोपी के खिलाफकड़ी कार्रवाई की मांग की है. वकीलों के संगठन ने भी इस मामले पर नाराजगी जाहिर की है और आपात बैठक बुलाकर भविष्य की रणनीति बनाने की बात कही है.

न्युवोको विस्टास ने वडराज सीमेंट लिमिटेड (वीसीएल) का अधिग्रहण पूरा किया

रायपुर, 19 जनवरी। न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, भारत का पांचवां सबसे बड़ा सीमेंट समूह और पूर्वी भारत में एक प्रमुख कंपनी, वडराज सीमेंट लिमिटेड (वीसीएल) के अधिग्रहण को पूरा कर लिया है। न्युवोको, वीएसएल के सफ्ल एसआरए के रूप में उभरा है, जो वर्तमान में कॉर्पोरेट इनसॉल्वेंसी समाधान प्रक्रिया से गुजर रहा है। न्युवोको द्वारा प्रस्तुत रेजोल्शून प्लान को कमेटी ऑफक्रेडिटर्स ('सीओसी') द्वारा मंजूर किया गया है, और एक लेटर ऑफइंटेंट (एलओआई) जारी किया गया है। ट्रांजेक्शन पर पूरी तरह से अमल न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी वान्या कॉर्पोरेशन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जाएगा। न्युवोको अपने कंसोलिडेटेड डेट स्तरों में उल्लेखनीय वृद्धि के बिना लेनदेन को फंडिंग करने का इरादा रखता है। एसेट्स के नवीनीकरण और वीसीएल प्लांट्स के ऑपरेशनल सुधार को बढ़ावा देने के लिए चरणबद्ध निवेश 15 महीनों में किया जाएगा। उत्पादन शुरू करने की अनुमानित लक्ष्य तारीख वित्त वर्ष 27 की तीसरी तिमाही के आसपास है, जो रेजोल्यूशन प्लान के लिए माननीय नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) की मंजूरी के अंतगर्त है।

निधन

मुमताज बानो

रायपुर, 19 जनवरी। पत्रकार अब्दुल शमीम, अब्दुल कलीम, अब्दुल नईम की माता, अब्दुल वसीम की दादी मुमताज बेगम का निधन हो गया है। जिनकी मैय्यत रविवार को 4.30 बजे उनके निवास संजय नगर मदीना मस्जिद के पास से मौदहापारा कब्रिस्तान ले जाएंगे।

मैं न जुगनू हूँ, दिया हूँ, न कोई तारा हूँ रौशनीवाले मेरे नाम से जलते क्यों हैं!

छत्तीसगढ़ राज्य अब 25 वें साल में प्रवेश कर गया है, छ्ग बनने के बाद यहां जोगी, बाबा, दाऊ आदि की चला करती थी, अब सांय-सांय की एक तरफ़ा चल रही है, नाटक तो वहीं है बस किरदार बदलते जा रहे हैंज्पहले पूर्व कलेक्टर अजीत जोगी की चलती थी अब भी एक पूर्व कलेक्टर ओपी चौधरी की भी ठीक ठाक चल रही हैज!छत्तीस गढ़ की राजनीति के केन्द्र में दो बाबा, एक जोगी और दो दाऊजी की चर्चा होती रही है!हालांकि अब जोगी नहीं रहेज.एक बाबा को तो लोगों ने 'बाबा' का संबोधन दिया था तो दूसरे बाबा को बचपन से ही 'बाबा' कहा जाता है। जहां तक 'जोगी' का सवाल है तो उन्हें तो विरासत में ही 'जोगी' सर नेम मिला था।लगातार 15 सालों तक सीएम और अब विधानसभा अध्यक्ष बने, छ्ग की नब्ज पकड़कर इलाज करने वाले आयुर्वेद चिकित्सक रमन सिंह एक छोटे गांव के मूल निवासी हैं तो दूसरे 'बाबा' पूर्व डिप्टी सीएम, नेता प्रतिपक्ष टी.एस. सिंहदेव है जिन्हें क्षेत्र की जनता आज भी राजा मानती है। दोनों बाबा किसी मठ या मंदिर के नहीं छत्तीसगढ़ की राजनीति के मठाधीश कहलाते हैं। जहां तक 'जोगी' का सवाल है तो दोनों 'बाबा' इस जोगी से परेशान ही रहेज। डॉ. रमन सिंह छग में लगातार 3 बार सीएम बनकर भाजपा के लंबे समय तक सीएम रिकार्ड बना चुके हैं। 'ठाठापुर' नामक छोटे से गांव के मूल निवासी डॉ. रमन सिंह हैं, हालांकि अब गांव का नाम बदलकर 'रामपुर' हो गया है। राजनीतिक पारी की शुरुवात पार्षद से करने वाले डा. साहब, विधायक, सांसद, केन्द्रीय राज्यमंत्री, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष का सफ्र करते हुए 15 साल बतौर मुख्यमंत्री पूरा कर चुके हैं। मोतीलाल वोरा जैसे कांग्रेस के दिग्गज को लोकसभा में पराजित करने के कारण उन्हें अटल मंत्रिमंडल में भी शामिल किया गया था।एक-दो रुपये किलो चांवल गरीबों को देने की योजना के चलते 'चाऊंर वाले बाबा' के नाम से देश में पहचान बनी थी 'मोबाईल' बांटने के चलते 'मोबाइल वाले बाबा' के नाम से भी चर्चा में रहे, फ्लिहाल वे छग विधानसभा के अध्यक्ष हैं।

पूर्व डिप्टी सीएम सिंहदेव ही हैं 'बाबा' नंबर दो...

छग में एक 'बाबा' और भी चर्चित रहे, हालांकि वें 24 के विस

चुनाव में पराजित हो गये हैं। सरगुजा महाराज टी एस 'बाबा' का नाम बचपन से ही 'बाबा' रखा गया था। ये हैं छग के डिप्टी सीएम-नेता प्रतिपक्ष भी रह चुके हैं।देश के सबसे अमीर विधायक के रूप में चर्चित रहे। इनके पिता एम.एस. सिंहदेव अविभाजित म.प्र. के मुख्य सचिव भी रह चुके हैं, माता देवेन्द्र कुमारी देवी अंबिकापुर - बैकुंठपुर की कांग्रेस विधायक रही, सेठी मंत्रिमंडल में वित्त राज्यमंत्री तथा अर्जुन सिंह मंत्रिमंडल में लघु सिंचाई मंत्री पद का भी दायित्व सम्हाला था। टी. एस. सिंहदेव की पूरी पढ़ाई-लिखाई छग के बाहर ही हुई है। पिता के सरकारी अफ्सर होने के कारण वे भी बाहर ही रहे। 'बाबा' की गिनती सौम्य, भावुक नेता के रूप में होती है।सिंहदेव उम्र में डॉ. रमन सिंह से 16 दिन छोटे हैं पर वे डॉ. सिंह को 'बाबा' नहीं 'दादा' मानते हैं।

कांग्रेस के बड़े -छोटे दाऊजी भी चर्चित...

छत्तीसगढ़ की राजनीति में दो दाऊजी भी चर्चा में हैं। हालांकि बड़े दाऊजी दीर्घ राजनीतिक अनुभव रखते

हैं, अजीत जोगी के समकक्ष वजन के नेता रहे। छग की राजनीति में बड़े दाऊजी डॉ.चरण दास महंत हैं उनके पिता बिसाहूदास महंत भी अविभाजित मप्र के कांग्रेस अध्यक्ष रहे, कई साल विधायक मंत्री रहे तो डॉ. चरण दास महंत भी मप्र में विधायक, मंत्री रहे, लोकसभा सदस्य रहे, डॉ.मनमोहन सिंह मंत्रिमंडल के सदस्य रहे। पूर्व पीएम अटल की भतीजी को भी उस समय पराजित करने में सफ्ल रहे। छग कांग्रेस के अध्यक्ष भी रहे, वे छ्ग विधानसभा के अध्यक्ष रहे तो अभी नेता प्रतिपक्ष हैं।वहीं छोटे दाऊजी के रूप में चर्चित है छ्ग के पूर्व सीएम, कांग्रेस के अध्यक्ष रहे भूपेश बघेल। वासुदेव चंद्राकर की

विरासत को सम्हालने वाले छोटे दाऊजी, दिग्विजय, अजीत जोगी मंत्रिमंडल के सदस्य रहे। वैसे इनका जोगी से 36 का आंकड़ा रहा।जोगी पिता-पुत्र के कांग्रेस से बाहर करने की एक बड़ी वजह भूपेश बघेल ही माने जाते हैं।वैसे उनके सीएम कार्यकाल को लेकर केंद्र की मोदी सरकार से लेकर छ्ग की विष्णुदेव साय की सरकार के निशाने पर हैं।



सांय-सांय का सम्बोधन और ओपी चौधरी...

छत्तीसगढ़ में वर्तमान में अपनी कार्यप्रणाली से सांय- सांय नाम से चर्चित आदिवासी नेता विष्णुदेव साय, सीएम हैं,

सांसद, विधायक, पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री, छग प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष रह चुके विष्णुदेव साय को सीएम बना भाजपा केंद्रीय नेतृत्व ने कई बड़े नेताओं के सीएम बनने के सपने तोड़ दिया है, सौम्य, शालीन, सादा जीवन-उच्च विचार के हिमायती विष्णुदेव के साथ 2 डिप्टी सीएम अरुण साव और विजय शर्मा भी हैं, पर दोनों नेता बड़बोलेपन का शिकार है, पूर्व आईएएस ओपी चौधरी बतौर वित्त मंत्री लाइमलाइट से दूर रह कर काम कर रहे हैं, चुनावी गारंटी पूरा करने पैसों का इंतजाम करने में ही उनकी ऊर्जा जाया हो रही है, वैसे उनका भी छ्ग सरकार में अच्छा खासा दखल है।

'दादी' शराब घोटाले में बंदी, पूर्व सीएस की भी चर्चा..

भूपेश सरकार के समय शराब घोटाले को लेकर तब के आबकारी मंत्री क़वासी लखमा 'दादी' को ईडी ने गिरफ्तार कर कोर्ट से रिमांड लेकर पूछताछ कर रही है, उम्मीद है कि कुछ और राज नेताओं पर भी कार्यवाही हो सकती है! ईडी ने घोटाले को लेकर कई बड़े दावे किए हैं। दरअसल, ईडी के वकील का दवा है, कवासी लखमा को शराब घोटाले के हर महीने 2 करोड़ रुपए मिलते थे। वकील सौरभ पांडे के अनुसार 2 साल तक कार्रवाई चली, जिसमें 36 महीने में 'प्रोसीड ऑफ क्राइम' 72 करोड़ रुपए का है। ये राशि सुकमा में बेटे हरीश कवासी के घर और कांग्रेस भवन सुकमा के निर्माण में लगी है।शराब घोटाले के इस कांड में आबकारी विभाग के कई बड़े अफ्सर भी शामिल थे। अफ्सर पैसे का इंतजाम करते थे। अफ्सर ही पैसे पूर्व मंत्री लखमा तक पहुंचाते थे।आबकारी विभाग में काम करने वाले ऑफ्सिर इकबाल खान, जयंत देवांगन ने बताया कि वे पैसों का इंतजाम कर भेजते थे। कन्हैया लाल कुर्रे के जरिए पैसों के बैग कलेक्ट किए जाते थे।कवासी ने अपने बयान में यह माना कि अरुणपति त्रिपाठी ही साइन करवाता था। शराब

घोटाले की जांच कर रही इडी ने एसीबी में एफआई आर दर्ज कराई है। जिसमें दो हजार करोड़ से ज्यादा के घोटाले की बात कही गई है। इडी ने अपनी जांच में पाया, तब की सरकार के कार्यकाल में आईएएस अनिल टुटेजा, आबकारी विभाग के एमडी अरुण त्रिपाठी, कारोबारी अनवर ढेबर के अवैध सिंडिकेट के जरिए घोटाले को अंजाम दिया गया था।दावा है कि 2019 से 2022 तक शराब दुकानों में अवैध शराब बेची गई है। इस अवैध शराब को डुप्लीकेट होलोग्राम लगा कर बेचा गया था। इससे शासन को करोड़ों के राजस्व का भी नुकसान हुआ है।वहीं अब ईडी ने एक पूर्व सीएस को इस घोटाले का मास्टर माइंड भी बता रही हैज?

और अब बस...

- » छत्तीसगढ़ भाजपा अध्यक्ष किरन सिंहदेव को पुनः यह जिम्मेदारी दी गई है।
- » पीडब्लूडी विभाग और उसके मंत्री आज कल काफ़ी चर्चा में है?
- » कांग्रेस शासनकाल में शराब का परिवहन करने वाले कौन से भाजपा नेता अपने व्यवहार को लेकर आजकल चर्चा में हैं।

राजधानी के प्रयास बालिका विद्यालय में कम्प्यूटर लैब का उद्घाटन

पसीना बहाने वाले रचते हैं इतिहास : नेताम

छात्रावास का किचन आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित

रायपुर, 19 जनवरी। राजधानी के प्रयास बालिका विद्यालय में कम्प्यूटर लैब उद्घाटनराजधानी के प्रयास बालिका विद्यालय में कम्प्यूटर लैब उद्घाटन किया।

आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि बेटियां आज चार-दीवारी से बाहर निकलकर सपना गढ़ने में लगी हैं, कहते हैं कि जो पसीने से भीगते हैं वह इतिहास बदलते हैं। नेताम आज राजधानी रायपुर के गुढ़ियारी स्थित बालिका प्रयास आवासीय विद्यालय में आयोजित नवादिम कम्प्यूटर लैब का शुभारंभ अवसर पर सम्बोधित कर रहे थे। इस मौके प्रयास विद्यालय में पढ़कर एमबीबीएस के लिए चयनित हुए विद्यार्थियों ने अपने अनुभव भी साझा किए।

आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम ने विद्यार्थियों से कहा कि एकाग्र मन से अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में प्रयास करें। विद्यार्थियों की सुविधा के लिए हमारी सरकार द्वारा हरसंभव मदद दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार ने राज्य के होनहार बच्चों को आईएएस, आईपीएस, आईएफ्एस सहित यूपीएस परीक्षा की तैयारी के लिए अब दिल्ली स्थित ट्रायबल यूथ हॉस्टल में सीटों की संख्या 50 से बढ़ाकर 200 सीट कर दिया है।

आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम ने प्रयास विद्यालय में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे चार बच्चियों को 50-50 हजार रूपए का चेक प्रदान किया। विभाग द्वारा प्रयास छात्रावास में विद्यार्थियों की सुविधा के लिए भोजन पकाने के लिए रोटी मेकर, इडली बैटर ग्राइडंर, वेजीटेबल कटर व डीप फ्रिज़र तथा रेफ्रिजरेटर भी उपलब्ध कराए गए हैं।

गौरतलब है कि राज्य सरकार अनुसूचित क्षेत्र एवं गैर अनुसूचित क्षेत्र के कमजोर वर्गों के बच्चों के साथ-साथ माओवादी पीड़ित बच्चों को बेहतर शिक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अच्छे वातावरण उपलब्ध कराने प्रयास आवासीय विद्यालय संचालित कर रही है। राजधानी रायपुर के गुढ़ियारी स्थित बालिका प्रयास आवासीय विद्यालय में 620 विद्यार्थी अध्ययनरत है। यहां पढ़ाई के साथ-साथ इंजीनियरिंग तथा मेडिकल की प्रतियोगी परीक्षा हेतु निःशुल्क कोचिंग भी प्रदान की जाती है। इस वर्ष 13 विद्यार्थियों का एमबीबीएस में और तीन विद्यार्थियों को बीडीएस के लिए चयन हुआ है।

इस अवसर पर आदिम जाति कल्याण विभाग के आयुक्त पी.एस. एल्मा, अपर संचालक संजय गौड़, आरएस भोई, पार्षद कामनी पुरूषोतम देवांगन, बालिका प्रयास आवासीय विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी मंजुला तिवारी, सहित छात्राएं उपस्थित थी।

बरौदा सोसायटी को कंगाल बनाने पर तुले हैं शासन और किसान

रायपुर, 19 जनवरी। जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक के मंदिर हसौद शाखा के अधीन आने वाले बरौदा सोसायटी के माली हालत की फिक्र न शासन को है और न ही यहां धान बेचने वाले किसानों को। इन दोनों के रुख से लगता है कि वे ?मिलकर सोसायटी को कंगाल बनाने में तुले हैं। इस सोसायटी के धान उपार्जन केन्द्र में धान बेचने के लिये तकरीबन 160 किसान पंजीकृत हैं जिनसे केवल लगभग 8 हजार क्विंटल धान खरीदी किया जाना है पर धान खरीदी शुरू होने के 64 दिनों बाद भी यह लक्ष्य पूरा नहीं हो पाया है और इस पर तुर्रा यह कि प्रतिदिन धान खरीदी की सीमा तय कर दिये जाने की वजह से तीन टोकन का उपयोग कर लेने के बाद भी एक किसान शेष धान को बेचने टोकन जारी करने की मांग को ले खाद्य विभाग का चक्कर काट रहा है।

इस ?धान उपार्जन केन्द्र का दौरा करने के बाद किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेंद्र शर्मा ने जानकारी दी है कि सोसायटी के अंतर्गत 8 ग्राम बरौदा, राखी, चीचा, कयाबांधा, झांझ, नवागांव व खपरी आता है। नया राजधानी के नाम पर इन ग्रामों के खेती की अधिकतर भूमि को शासन द्वारा कब्जियाने के कारण कभी गुलजार रहने वाले ?इस समिति में इस खरीदी सत्र में धान बेचने महज 160 के आसपास किसान पंजीकृत हैं और पात्रतानुसार इनसे लगभग 8 हजार क्विंटल धान खरीदी किया जाना है पर 64 दिनों में महज 6 हजार क्विंटल धान की खरीदी ही हो पायी है। शासन द्वारा प्रतिदिन धान खरीदी की सीमा 181 क्विंटल कर दिये जाने व इसमें से महज 30 प्रतिशत ही बड़े किसान का? खरीदने की नीति के चलते एक बड़े किसान द्वारा निर्धारित 3 टोकनों का उपयोग कर लेने के बाद भी शेष बचे करीबन 5 सौ क्विंटल धान बेचना बाकी रह गया है जिस हेतु समिति द्वारा खाद्य विभाग से मार्गदर्शन मांगा गया है और किसान खाद्य विभाग का चक्कर काट रहा है। इस समिति के विशेष परिस्थितियों को अनदेखा कर प्रतिदिन धान खरीदी के लक्ष्य को न बढ़ाये जाने व किसानों द्वारा एकमत हो स्वमेव दिन नियत कर एकसाथ धान न लाने के साथ - साथ परिवहन न होने की वजह से पूरे ढाई माह खरीदी केंद्र खुले रखने की मजबूरी के ?चलते समिति को अनावश्यक खर्च वहन करने मजबूर होने की जानकारी देते हुये शासन से प्रतिदिन धान खरीदी का लक्ष्य शिथिल करने, परिवहन हेतु शेष बचे धान का प्राथमिकता के आधार पर अतिशीघ्र उठाव करने व किसानों को शासन के नियमों के चलते शेष बचे धान की बिक्री में आ रही दिक्कतों को? दूर करने की? मांग की है। साथ ही शेष बचे किसानों को एकराय हो दिन निर्धारित कर एकसाथ धान उपार्जन केन्द्र में लाने का आग्रह किया है।

सीआईआई यंग इंडियंस और अपनाटेक प्राइवेट लिमिटेड के मध्य हुआ एमओयू

छत्तीसगढ़ सरकार युवाओं को कौशल विकास व रोजगार के अवसर प्रदान करने पूरी तरह प्रतिबद्ध : उपमुख्यमंत्री शर्मा

रायपुर, 19 जनवरी। छत्तीसगढ़ में युवाओं को रोजगार और कौशल विकास के क्षेत्र में नई संभावनाएं प्रदान करने के उद्देश्य से आज शहीद स्मारक ऑडिटोरियम, रायपुर में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और वन एवं कौशल विकास मंत्री केदार कश्यप के मुख्य आतिथ्य में कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा और रोजगार विभाग के सचिव एस भारतीदासन ने सीएसआरबॉक्स फाउंडेशन, सीआईआई यंग इंडियंस और अपनाटेक प्राइवेट लिमिटेड के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर संचालक तकनीकी शिक्षा और रोजगार ऋतुराज रघुवंशी, अपनाटेक प्राइवेट लिमिटेड के वाइस प्रेसिडेंट डॉ प्रीतसिंह, सीएसआरबॉक्स फाउंडेशन के वाइस प्रेसिडेंट मनो विराज सिंह, वाईस प्रेजिडेंट और सीआईआई यंग इंडियंस के चेयर पर्सन गौरव अग्रवाल के अलावा अन्य अधिकारी कर्मचारी और विभिन्न संस्थान के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

अनुबंध निष्पादन समारोह के अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार युवाओं के कौशल विकास और उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आज का यह अनुबंध छत्तीसगढ़ के युवाओं के भविष्य को संवारने में मील का पत्थर साबित होगा। हमारा उद्देश्य केवल युवाओं को नौकरी देना नहीं है, बल्कि उन्हें ऐसा कौशल प्रदान करना है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें और अपने क्षेत्र में नई ऊंचाइयां हासिल कर सकें। सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि हर छात्र चाहे वह आईटीआई से हो इंजीनियरिंग कॉलेज से हो या पॉलीटेक्निक से उसके पास रोजगार का उचित अवसर हो। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने यह भी स्पष्ट किया कि रोजगार के लिए पंजीकृत छात्रों का डेटा पूरी तरह सुरक्षित रहेगा और यह केवल राज्य के हित में उपयोग किया जाएगा। उन्होंने यह भरोसा दिलाया कि अनुबंध के तहत जो भी सेवाएं प्रदान की जाएंगी, वे पूर्ण पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित की जाएंगी। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने युवाओं से सीजी रोजगार पोर्टल पर पंजीकरण करने की अपील करते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य है कि हर युवा को उसकी क्षमता और योग्यता के अनुरूप एक सही दिशा मिले। युवाओं के सपनों को साकार करने के लिए यह सरकार हर संभव प्रयास करेगी। अपनाटेक प्राइवेट लिमिटेड, सीएसआरबॉक्स और सीआईआई यंग इंडियंस जैसे साझेदारों के साथ मिलकर राज्य में रोजगार और कौशल विकास का एक नया युग शुरू हो रहा है। आईबीएम द्वारा फ्री ऑफ कॉस्ट सर्टिफिकेशन कोर्स करवाया जाएगा जो राज्य के आईटीआई, इंजीनियरिंग और पॉलीटेक्निक कॉलेजों में उपलब्ध होगा। इस कोर्स से छात्रों को वैश्विक मानकों के अनुसार प्रशिक्षित किया जाएगा।

अबेकस व मानसिक अंकगणित प्रतियोगिता में रायपुर की अनुष्का बनी प्रथम रनर अप

रायपुर, 19 जनवरी। बीते माह दिल्ली में वैश्विक स्तर पर आयोजित अबेकस व मानसिक अंकगणित प्रतियोगिता में राजकुमार कालेज में अध्ययनरत पांचवीं की छात्रा अनुष्का अग्रवाल प्रथम रनर अप बनी। निर्धारित 8 मिनट में इस नौनिहाल ने 200 गणितीय सवाल में से 197 का सहीं जवाब दिया। इस प्रतियोगिता में 30 देशों के 6 हजार से अधिक नौनिहालों ने भाग लिया जिसमें भारत के 24 राज्यों व 8 केन्द्र शासित राज्यों के विद्यार्थी प्रतिनिधि भी शामिल थे। प्रतियोगिता 9 से 13 वर्ष उम्र के विद्यार्थियों के ?लिये था। प्रथम रनर अप के ऊपर सिर्फ चैंपियन ट्राफी होता है जिसे 200 प्रश्नों में से 200 का सहीं हल कर अन्य प्रतिभागी ने जीता।

सन् 1993 में मलेशिया में स्थापित यूं सी एम ए एस अबैकस आधारित मानसिक गणित शिक्षा

प्रदान करने के उद्देश्य से यह प्रतियोगिता विभिन्न देशों में आयोजित करता है और दिल्ली में इसका दूसरा आयोजन था। अबैकस के प्राचीन उपकरण को आधुनिक शिक्षण पद्धतियों के साथ जोड़ छात्रों में इस तकनीक से और बेहतर क्या किया जा सकता है इसकी जानकारी एकत्रित करने के? साथ - साथ विद्यार्थियों के हौसले बढ़ाने के उद्देश्य से इस प्रतियोगिता का यह 25 वां वर्ष था। इस संस्था के चौबे कालोनी सेंटर से अनुष्का प्रतियोगिता में भाग लेने प्रतिनिधि चुनी गयी थी व? इसकी शिक्षकगण शिक्षा सिंह, निधि सिंह व धर्मेन्द्र सिंह थे। अनुष्का अमीन पारा निवासी अधिवक्ता रविशंकर अग्रवाल की पुत्री है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26